e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 10, अंक 320

रविवार

26.11.2023

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

अगर कुछ गलत हो रहा हैं तो, उससे भागने की बजाए उसे, ठीक करे तभी आगे बढ़ पाएंगे !

ताजा खबरों के लिए देखें

आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पाकुड़ वासियों को सीएम ने 153 करोड़ 81 लाख रुपए की 118 योजनाओं का दिया तोहफा

# जन आकांक्षाओं के अनुरूप बन रही योजनाएं : हेमंत

## लाभुकों के बीच हुआ 126 करोड़ 94 लाख 50 हजार रुपए की परिसंपत्तियों का वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़** : आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम जिस मकसद से शुरू किया गया था,उसमे यह कितना प्रभावी,कारगर और सफल साबित रहा है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि देश के कई राज्य झारखंड के इस मॉडल को अपनाकर गरीबों और जरूरतमंदों को उनके दरवाजे पर सरकार की सेवाओं और योजनाओं का लाभ दे रहे हैं तथा उनकी समस्याओं का समाधान कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन पाकुड़ में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार अभियान के तीसरे चरण के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अभियान के पिछले दो चरणों में सरकार की आवाज और नजरें गांव-गांव तक पहुंची हैं, लाखों लोगों को उनका हक-अधिकार मिला।

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड अलग राज्य गठन के बाद पिछले दो दशकों के दौरान जन समस्याओं और लोगों की परेशानियों को दूर करने की दिशा में किसी तरह की गंभीरता नहीं दिखी। लेकिन, हमारी सरकार लोगों तक मूलभूत सुविधाओं को पहुंचाने के साथ उनकी समस्याओं का समाधान कर रही है।मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार जन उम्मीदों और आकांक्षाओं के अनुरूप कार्य योजना बनाकर उसे धरातल पर उतार रही है।

### गरीबों तक योजनाओं को पहुंचाना अधिकारियों का दायित्व

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस गांव- पंचायत में जाने के लिए रास्ता तक नहीं है, वहां अधिकारी योजनाओं की गठरी लेकर पहुंच रहे हैं और आपको उससे जोड़ने का काम कर रहे हैं । यहां लगने वाले शिविरों में अधिकारियों का दल आपकी हर समस्या के समाधान के लिए मौजूद हैं। आप इन शिविरों में आएं और योजनाओं से जुड़े और दूसरों को भी जुड़ने के लिए प्रेरित करें।

### अब पेंशन के लिए इंतजार नहीं करना होगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले बुजुर्गों को पेंशन योजना का लाभ लेने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता था । जब तक विधवाओं की उम्र 40 वर्ष और दिव्यांगों की उम्र 18 वर्ष से अधिक नहीं हो जाती थी, उन्हें पेंशन योजना से नहीं जोड़ा जाता था। लेकिन, हमारी सरकार ने यूनिवर्सल पेंशन स्कीम लागू कर इन सारी बाध्यताओं को खत्म कर दिया है । आज सभी योग्य पात्रों को यूनिवर्सल पेंशन स्कीम का लाभ लाभ मिल रहा है।

### गरीबों के सुख-दुख में हमेशा साथ है सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सरकार आदिवासी, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यकों की सरकार है। यह सरकार गरीबों के हर सुख -दुःख में उनके साथ खड़ी है और पूरी संवेदनशीलता के साथ उनकी सेवा कर रही है।




### 97 योजनाओं की रखी गई नींव, 21 योजनाओं का हुआ उद्घाटन

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम,श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, सांसद विजय हांसदा, विधायक स्टीफन मरांडी और दिनेश विलियम मरांडी, जिला परिषद अध्यक्षा जूली ख्रिस्टमनी हेम्ब्रम, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, संथाल परगना प्रमंडल के आयुक्त लालचंद दादेल, पुलिस उप महानिरीक्षक सुदर्शन प्रसाद मंडल और पाकुड़ जिले के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

**इन योजनाओं का शिलान्या व हुआ उदघाटन** : सीएम ने इस अवसर पर 66 करोड़ 76 लाख 20 हजार रुपए की लागत से निर्मित 21 योजनाओं का उद्घाटन किया। वहीं, 97 योजनाओं की आधारशिला रखी । इन योजनाओं पर 87 करोड़ 4 लाख 80 हजार रुपए खर्च होंगें। सीएम ने विभिन्न योजनाओं के 9942 लाभुकों के बीच 126 करोड़ 94 लाख 50 हजार रुपए की परिसंपत्ति प्रदान कर उनके सशक्तिकरण और स्वावलंबी बनने का राह प्रशस्त किया।

### राज्य सरकार अपने बलबूते 8 लाख परिवारों को देगी आवास

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार अब अपने बलबूते अबुआ आवास योजना के तहत 8 लाख परिवारों को आवास देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पाकुड़ जिले में कालाजार की बीमारी आम है। यह गरीबों की बीमारी है क्योंकि कच्चे और टूटे-फूटे मकान में रहने वालों को यह होती है ऐसे में अबुआ आवास योजना के तहत इन घरों में रहने वाले लोगों को प्राथमिकता के आधार पर आवास उपलब्ध कराया जाएगा।

लड़ाकू विमान तेजस में प्रधानमंत्री ने भरी उड़ान, कहा

# हम किसी से कम नहीं : पीएम मोदी



एजेंसी

**नई दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेंगलुरु में लड़ाकू विमान तेजस में उड़ान भरी है. वे शनिवार को बेंगलुरु में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमटेड की फैसिलिटी के दौरे पर गये थे. पीएमओ के मुताबिक वो तेजस जेट की मैन्यूफैक्चिरिंग हब (विनिर्माण) का निरिक्षण करने के लिए आए हुए थे.मोदी सरकार रक्षा उत्पादों के स्वदेशी उत्पादन पर लगातार जोर देते रहती है. उन्होंने इस बात को अक्सर रेखांकित किया है कि कैसे उनकी सरकार ने भारत में ही रक्षा उपकरणों के विनिर्माण और निर्यात को बढ़ावा दिया है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा,आज तेजस में उड़ान भरते हुए अत्यंत गर्व के साथ कह सकता हूं कि हमारी मेहनत और लगन के कारण हम आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में विश्व में किसी से कम नहीं हैं. भारतीय वायुसेना, डीआरडीओ और एचएएल के साथ ही समस्त भारतवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं.

कई देशों ने हल्के लड़ाकू विमान तेजस को खरीदने में रुचि दिखाई है और अमेरिकी रक्षा दिग्गज जीई एयरोस्पेस ने प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा के दौरान एमके-2-तेजस के लिए संयुक्त रूप से इंजन का उत्पादन करने के लिए एचएएल के साथ एक समझौता किया था. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस साल अप्रैल में कहा था कि वित्त वर्ष 2022-2023 में भारत का रक्षा निर्यात 15,920 करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया है. उन्होंने कहा था कि यह देश के लिए उल्लेखनीय उपलब्धि है. तेजस एक स्वदेशी लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट विमान है जो किसी भी मौसम में उड़ान भर सकता है. ये दो पायलट वाला फाइटर जेट है. इसे लिफ्ट यानी लीड-इन फाइटर ट्रेनर कहते हैं.

इसे ग्राउंड अटैक एयरक्राफ्ट भी बुलाते हैं यानी जरुरत पड़ने पर इससे हमला भी किया जा सकता है. वायुसेना ने एचएएल से 123 तेजस विमानों का ऑर्डर दे रखा है जिसमें 26 विमान डिलिवर किए जा चुके हैं. ये सभी तेजस मार्क-1 हैं. आने वाले दिनों मे एचएएल इन विमानों के और अपग्रेडेड वर्जन वायुसेना को सौंपेगी जिनकी डिलीवरी 2024 से लेकर 2028 के बीच की जाएगी.

## क्विक न्यूज

### पत्रकार सौम्या विश्वनाथन की हत्या मामले में 4 को आजीवन कारावास

**नई दिल्ली** : दिल्ली की एक अदालत ने 2008 में हुई टीवी पत्रकार सौम्या विश्वनाथन की हत्या के मामले में आज चार दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई. पांचवे दोषी को तीन साल जेल की सजा सुनाई गई. अदालत ने कहा कि यह अपराध दुर्लभ से दुर्लभतम के अंतर्गत नहीं आता है और इसलिए दोषियों को मौत की सजा नहीं दी गई.रवि कपूर, अमित शुक्ला, बलजीत मलिक और अजय कुमार को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है. पांचवें दोषी अजय सेठी को उनकी मदद करने के लिए तीन साल की साधारण सजा सुनाई गई है.

### सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत

**अम्बेडकरनगर** : बसखारी थाना क्षेत्र स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार की आधी रात को बेकाबू मोटर साइकिल एक खड़े ट्रक में जा टकराया। हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने मृत युवकों की पहचान कर घटना की जानकारी परिवार को दी। थानाध्यक्ष जय प्रकाश यादव ने शनिवार को बताया कि मृतक आजमगढ़ के चनैता गांव निवासी घनश्याम (23) ओम प्रकाश यादव (18) और सोनू वर्मा के रूप में हुई है। ये तीनों युवक मोटर साइकिल से शुक्रवार की रात को टांडा में एक निजी कार्यक्रम में शामिल होकर वापस घर लौट रहे थे। बसखारी थाना के राष्ट्रीय राजमार्ग 233 पर मौतिगर तिराहे के पास सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से इनकी मोटर साइकिल जा घुसी। हादसे में तीनों गंभीररूप से घायल हो गई, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने सभी को मृत घोषित कर दिया है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम भेजकर घटना की जानकारी मृतकों के परिवार को जानकारी देते हुए कार्रवाई की जा रही है।

### मणिपुर में भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद बरामद

**इंफाल (असम)** : मणिपुर में भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद बरामद किया गया। मणिपुर पुलिस ने आज बताया कि सुरक्षा बलों ने इंफाल पश्चिम, काकचिंग, कांगपोकपी और थौबल जिलों के सीमांत और संवेदनशील क्षेत्रों में तलाशी अभियान चलाया। अभियान में कांगपोकपी जिले के कौट्रक गांव के पास एक पीटी 303 एमके-4 राइफल, एक पीटी 303 राइफल की मैगजीन, एक 12 बोर सिंगल बैरल बंदूक, एक डेटोनेटर, 36 एचई हैंड ग्रेनेड, एंटीना के साथ एक हैंड हेल्ड रेडियो सेट, छह 12 बोर जिंदा कारतूस, चार 12 बोर खाली कारतूस बरामद किया गया।

### भाकपा माओवादी का नक्सली गिरफ्तार, दो केन बम बरामद

**चतरा** : पुलिस ने सड़क निर्माण कार्य में लगे वाहनों और मशीन में आगजनी करने वाले भाकपा माओवादी संगठन के खूंखार सबजोनल कमांडर बबन भोक्ता को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से दो किलो का दो आईईडी बम, 20 इलेक्ट्रॉनिक डेटोनेटर, फ्लैश हैडर और बैट्री भी बरामद किया है। चतरा एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने छापेमारी कर नक्सलियों को कमर तोड़ने में कार्रवाई की है। बबन भोक्ता इस साल अगस्त महीने में पलामू जिले के छतरपुर के महुडर में सड़क निर्माण कार्य में लगे आठ वाहनों और मशीन को आग के हवाले कर दिया था। इसके अलावा वह इस साल जून महीने में बिहार के गया जिले के बीकोपुर जंगल में पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में भी शामिल था। बबन भोक्ता के खिलाफ चतरा जिले के सदर, कुंदा हंटरगंज और प्रतापपुर थाना में कुल पांच मामले दर्ज हैं।चतरा एसपी ने नक्सलियों से अपील की है की है सभी नक्सली हिंसावादी विचारधारा को छोड़कर आत्मसमर्पण करें और झारखंड सरकार की नई आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति का लाभ लेकर मुख्य धारा से जुड़ें।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 27⁰ |
| न्युनतम | 23⁰ |

प्रियंका गांधी की जनता से अपील, बोलीं

# अगर सत्ता परिवर्तन चाहते हो तो कांग्रेस को भारी बहुमत से जिताएं



एजेंसी

**खम्मम** : कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि तेलंगाना की सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का एकमात्र लक्ष्य कांग्रेस को हराना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इन दोनों दलों से कांग्रेस डरने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी ने तेलंगाना की जनता के संघर्ष को देखकर इसे राज्य का दर्जा दिया, लेकिन केवल एक परिवार के लिए तेलंगाना नहीं दिया। तेलंगाना की जनता की आशा और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए ही कांग्रेस पार्टी ने तेलंगाना दिया, लेकिन हकीकत में जनता के साथ न्याय नहीं हुआ। प्रियंका गांधी ने कहा कि तेलंगाना के लोग ऐसी सरकार की उम्मीद कर रहे हैं जो लोगों का सुरक्षा और विकास का ध्यान रखे तथा राज्य की जनता को समानता के साथ संसाधन उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कांग्रेस की विजयभेरी यात्रा के तहत शनिवार को मधिरा में आयोजित चुनाव प्रचार सभा में भाग लिया और संबोधित किया। प्रियंका ने कहा कि सत्तारूढ़ बीआरएस सरकार को लोगों की कठिनाइयों की परवाह नहीं है। केसीआर और उनकी सरकार सिर्फ संपत्ति लूटने में व्यस्त रही और जनता अपनी जरूरतों को लेकर परेशान रही। लेकिन अब समय आ गया है कि इस चुनाव में जनता इस सरकारों को हकीकत का आइना दिखाते हुए अपने वोट की ताकत दर्शाए। उन्होंने कहा कि राज्य की सत्ता में आने पर कांग्रेस यहां जनता के किए अपने 6 घोषित गारंटी को प्राथमिकता के साथ लागू करेगी। राज्य सरकार की कड़ी आलोचना करते हुए प्रियंका ने कहा कि वर्तमान में बीआरएस सरकार ने गरीबों को घर बनाने के लिए पैसे देने का वादा पूरा नहीं किया।

# टनल में फंसे झारखण्ड के श्रमिकों के परिजनों को सुविधा दे रही है झारखण्ड सरकार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : उत्तराखंड के उत्तरकाशी में सिल्क्यारा और डंडलगांव के बीच निर्माणाधीन टनल में फंसे झारखण्ड के श्रमिकों का हाल जानें गए उनके परिजनों को हर सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। मालूम हो कि टनल में फंसे श्रमिकों का हाल जानने उनके परिजन उत्तराखंड पहुंचे हैं। इसकी जानकारी जब मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को हुई तो उन्हें हर सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। टनल में फंसे झारखण्ड के सभी 15 श्रमिक सुरक्षित हैं। इनमें से गिरिडीह के दो, खूंटी के तीन, रांची के तीन एवं पश्चिमी सिंहभूम के सात श्रमिक की पुष्टि हुई है। सम्बन्धित जिला के उपायुक्त लगातार श्रमिकों के परिजनों से बातचीत कर स्थिति का जायजा ले रहें हैं। इसके अतिरिक्त प्रवासी नियंत्रण कक्ष भी टनल में फंसे श्रमिकों के परिजनों से लगातार संपर्क में है।




### रहने और भोजन की हुई व्यवस्था

मुख्यमंत्री के आदेश के बाद श्रमिकों के परिवार के सभी सदस्यों के रहने, खाने-पीने की व्यवस्था कर दी गई है। इसके अतिरिक्त, श्रमिकों और परिवारों को जैकेट, टोपी और कंबल वितरित किए गए हैं। मालूम हो कि मुख्यमंत्री के आदेश के उपरांत 14 नवंबर को टनल में फंसे श्रमिकों की स्थिति से अवगत होने एवं उन्हें सहायता पहुंचाने जैप आईटी के सीईओ श्री भुवनेश प्रताप सिंह, ज्वाइंट लेबर कमिश्नर श्री राजेश प्रसाद एवं ज्वाइंट लेबर कमिश्नर श्री प्रदीप रॉबर्ट लकड़ा को उत्तराखंड भेजा गया था। उपरोक्त टीम नौ दिनों तक घटनास्थल पर उपस्थित रही।

झारखण्ड में उनके आवश्यक कार्यों को देखते हुए उनके स्थान पर राकेश प्रसाद, संयुक्त श्रमायुक्त सह अपर निबंधक एवं धनंजय कुमार सिंह, संयुक्त श्रमायुक्त को भेजा गया है, जो घटनास्थल पर मौजूद हैं।

# गवर्नर किसी बिल को बिना कार्रवाई के पेंडिंग नहीं रख सकते : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

**नई दिल्ली** : सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि गवर्नर अनंत काल के लिए विधेयक को बिना किसी कार्रवाई के पेंडिंग नहीं रख सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि गवर्नर गैर चुने हुए राज्य प्रमुख के तौर पर होते हैं जिन्हें संवैधानिक शक्ति मिली हुई है हालांकि वह अपने शक्ति का राज्य विधानसभाओं द्वारा कानून बनाने की सामान्य प्रक्रिया को विफल करने के लिए इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली बेंच ने कहा कि गवर्नर के निरंकुश अधिकार के इस्तेमाल का असर यह होगा कि चुनी हुई सरकार के क्रियाकलाप के खिलाफ वह वीटो की तरह हो जाएगा और इस तरह का कार्रवाई संवैधानिक लोकतंत्र के बुनियादी सिद्धांतों के खिलाफ होगा।

10 नवंबर को दिए फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर गवर्नर किसी बिल की मंजूरी देने से रोकने का फैसला लेते हैं तो उन्हें बिल को दोबारा विधानमंडल के पास होता है। राज्यपाल अपने पुनर्विचार के लिए वापस भेजना संवैधानिक पावर का इस्तेमाल कानून बनाने की प्रक्रिया को विफल करने के लिए नहीं कर सकते हैं क्योंकि यह संसदीय लोकतांत्रिक व्यवस्था के खिलाफ है।सुप्रीम कोर्ट ने 10 नवंबर को दिए जजमेंट में कहा कि गवर्नर अगर यह फैसला लेते हैं कि बिल को रोकना है तो उन्हें बिल को वापस विधानसभा को भेजना होता है यह कहते हुए कि उस बिल पर पुनर्विचार किया जाए। इसके लिए संविधान के अनुच्छेद-200 में प्रावधान किया गया है।



### यूनिवर्सिटी में भगदड़ 4 छात्रों की मौत

**कोच्चि** : केरल के कोच्चि की सीयूएसएटी यूनिवर्सिटी में शनिवार को एक संगीत समारोह के दौरान भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। जिसकी वजह से चार छात्रों की मौत हो गई, जबकि कई छात्रों के घायल होने की सूचना मिल रही है। घायल छात्रों को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।।केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज के मुताबिक,चार छात्रों की मौत हो गई और कई घायल हैं। जानकारी के मुताबिक,सीयूएसएटी यूनिवर्सिटी में भगदड़ जैसी स्थिति निखिता गांधी के एक संगीत समारोह के दौरान पैदा हुई, इस कार्यक्रम का आयोजन यूनिवर्सिटी परिसर में ओपन एयर-ऑडिटोरियम में हुआ था।

### राजस्थान में हुआ बम्पर वोटिंग

एजेंसी

**जयपुर** : राजस्थान में बम्पर वोटिंग हुआ। राज्य में शाम पांच बजे तक 68.24 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर लिया था। उम्मीद जताई जा रही है कि इस बार 2018 से ज्यादा मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। बढ़े हुए मतदान के कई मायने निकाले जा रहे हैं। बीते पांच चुनावों का ट्रेंड देखें तो भाजपा इन्हें अपने पक्ष में बता रही है।

असर्फी हॉस्पिटल
आपका अपना सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
• 24 X 7 अनुभवी स्त्री रोग विशेषज्ञ
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थिएटर
• अत्याधुनिक प्रसूति कक्ष
Dr. S.K.Das (MBBS,DGO,MS)
Dr. Rashmi Sinha (MBBS,MS)
Dr.Jyotsna Jha (MBBS, DGO )
Dr. Arpita Das MBBS,MS(Obs & Gynae)
OPD: Monday to Saturday 10 AM to 5 PM
7808368888
www.asarfihospital.com

# आपकी योजना-आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में साइकिल मिलने से उत्साह में विद्यार्थी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पांकी (पलामू) :** पलामू जिले के पांकी प्रखंड अंतर्गत हाईस्कूल परसिया में अध्ययनरत विद्यार्थी रवि कुमार एवं दुर्गा कुमारी काफी खुश हैं। सरकार की योजनाओं का लाभ मिलने से इन दोनों विघार्थियों सहित उनके परिवारजनों में उत्साह का माहौल है। आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पांकी के सागालीम पंचायत के मध्य विद्यालय परिसर में लगाए गए शिविर के दौरान विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत 4500 रुपए राशि का चेक सांकेतिक रूप से प्रदान किया गया। योजना का लाभ मिलने पर लाभुक विद्यार्थी दुर्गा कुमारी एवं रवि कुमार ने खुशी जाहिर करते हुए राज्य सरकार एवं स्थानीय प्रशासन को धन्यवाद किया है। प्राप्त राशि ?से वे अपनी पसंद की साइकिल खरीदेंगे। विद्यार्थियों ने कहा कि अब उन्हें विद्यालय जाने में यातायात संबंधी समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। साइकिल रहने से उन्हें स्कूल जाने में समय की बचत होगी। साथ ही अतिरिक्त थकान भी नहीं होगा। इससे पढ़ाई में अधिक रुचि आएगी और परीक्षा में अच्छे परिणाम आएंगे। विदित हो कि झारखंड के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले आठवीं कक्षा में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को निःशुल्क साइकिल योजना से आच्छादित किया जा रहा है। इस योजना के तहत 4500 रुपए की राशि विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जाती है। इस योजना से विद्यार्थियों को उनकी शिक्षा जारी रखने में मदद मिलती है। नियमित रूप से विद्यार्थी स्कूल जा पाते हैं। यातायात में उन्हें व्यवधान नहीं होती। साथ ही शिक्षा के लिए उनमें रुचि जागृत होती है। राज्य सरकार द्वारा 24 नवंबर से 26 दिसंबर 2023 तक आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार÷ कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

# पतिहारी में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विशुनपुरा :** राज्य सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में शनिवार को प्रखंड के पतिहारी पंचायत के कर्बला के समीप मैदान में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम की शुरुआत की गयी.जिसका शुभारम्भ प्रखंड विकास पदाधिकारी हीरक मन्ना केरकेटा, अंचलाधिकारी निधि राजवार, जीप सदस्य शम्भू राम चंद्रवंशी, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शैलेंद्र प्रताप देव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया.इस कार्यक्रम में प्रखंड के नये छः महिला समूह के लाभुकों के बीच नव लाख रु का सीसीएल बैंक क्रेडिट चेक दिया गया.इस मौके पर प्रखंड विकाश पदाधिकारी ने मौजूद लोगों से अपने पंचायत में आहूत कार्यक्रम में जुड़कर सरकार द्वारा संचालित विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ लेने की अपील किया.मौके पर थाना प्रभारी संजय कुमार कुशवाहा, सीआरपी महेंद्र गुप्ता, विधायक प्रतिनिधी कृष्णा विश्वकर्मा, जितेंद्र दीक्षित, मुखिया प्रतिनिधी मुन्ना अंसारी, अशोक पासवान, राकेश वैठा, पँचायत सेवक जगदीस राम, रामप्रवेश सिंह, नाजिर मुकुल कुमार, राजस्व कर्मचारी जितेंद्र कुमार, जयप्रकाश गुप्ता, बीपीओ डिंपल गुप्ता, जेई रोहित कुमार, यसवंत सिंह, मुकेश कुमार, एजाज आलम, पंकज कुमार सहित कयी ग्रामीण उपस्थित थे।

# हेलमेट पहना कर बाइक चलाने की दी गई सीख



**रंका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रंका थाने में बाइक चालकों को हेलमेट पहनकर बाइक चलाने की दी गई सीख। इस संबंध में बताते चले की आज रंका थाने में थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा के द्वारा बाइक चालकों को बिना हेलमेट के चल रहे बाइक को पड़कर रंका थाना लाया गया जहां पर सभी को हेलमेट दी गई एवं वाहन चलाने की सिख बतलाई गई इस संबंध में रंका थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा ने बतलाया कि एसपी के निर्देश पर आज रंका थाना परिसर में वैसे बाइक चालक जो बिना हेलमेट के बाइक चलाते हैं उन्हें पड़कर रंका थाने लाई गई और उन्हें उन सभी को हेलमेट पहनकर बाइक चलाने की विद्या बताई गई उन्होंने बताया कि बिना हेलमेट के बाइक चला रहे लोगों अधिकतर एक्सीडेंट हो रही है जिससे काफी लोग बिना हेलमेट के क्षतिग्रस्त हो रहे हैं इसलिए सभी लोग हेलमेट लगाकर ही बाइक चलाएं सभी लोगों को यह निर्देश दी जा रही हैं।

# राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन 26 को हुसैनाबाद व 27 को हैदरनगर में होगा

**हुसैनाबाद (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी 2024 की तैयारी में जुट गई है। इसे लेकर पार्टी विस्तृत कार्ययोजना पर आगे बढ़ रही है। पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह रविवार को हुसैनाबाद पहुंचेंगे। रविवार की ही हुसैनाबाद स्थित आवासीय कार्यालय परिसर में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के हुसैनाबाद प्रखंड के कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेंगे। जबकि सोमवार को देवी धाम परिसर हैदरनगर में हैदरनगर व मोहम्मदगंज प्रखंड के कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेंगे। इस मौके पर भावी रणनीति पर कार्यकर्ताओं के साथ विचार विमर्श किया जाएगा।

# कजरी निवासी रिद्धि सिंह के इकलौते पुत्र का निधन

**पड़वा (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कजरी निवासी रिद्धि सिंह का इकलौता पुत्र 25 वर्षीय अभिषेक कुमार सिंह का शुक्रवार की रात अचानक मौत हो गई। परिजनों ने बताया की शुक्रवार की रात खाना खा कर सोया था। सब से बात भी किया था। शनिवार की सुबह जब घर के सदस्य जगाने गए तो पाया की बेसुध पड़ा हुआ है। बॉडी जकड़ा हुआ है। आनन फानन में परिजनों ने उसे सदर अस्पताल लेकर गए। लेकिन उसका मौत हो चुका था। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराया ताकि यह पता चले की मौत कैसे हुई है। इधर इकलौते पुत्र की असामयिक निधन से मां, पिता, बहन व परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मौत की खबर सुनते ही परिजनों व ग्रामीणों का हुजूम उमड़ पड़ा। मालूम हो की अभिषेक मिलनसार, सामाजिक व शालीन स्वभाव का था. जिसने भी सुना उसका आंखे नम हो गई।

# सामूहिक विवाह में 101 नहीं अब 151 कन्याओं की होगी शादी : विकास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** कन्या विवाह एंड विकास सोसाईटी की ओर से 6 दिसंबर को आयोजित 151 कन्याओं की सामूहिक विवाह कार्यक्रम की तैयारी जोर-शोर पर है। समिति के सचिव विकास कुमार माली ने कहा कि आगामी 6 दिसंबर को टाउन हॉल के मैदान से सामूहिक रूप से बारात निकाली जाएगी। बारात रंका मोड़ होते हुए गढ़देवी मंदिर पहुंचेगी उसके बाद मझिआंव मोड़, सोनपुरवा मोहल्ला होते हुए स्टूडेंट क्लब छठ घाट के पास सामूहिक विवाह मंडप में पहुंचेगी। विकास ने बताया कि बेटियों की डोली उत्सर्व गार्डन से निकाली जाएगी। उत्सव गार्डन से निकलकर रंका मोड़ होते हुए स्टूडेंट क्लब के पास विवाह मंडल में पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि बिहार राज्य के विभिन्न जिलों में सामूहिक विवाह अभी तक करा चुके हैं। लेकिन वे खुद झारखंड के गढ़वा जिला मुख्यालय के निवासी हैं। लेकिन अभी तक अपने गृह जिला में इस तरह का सामूहिक विवाह नहीं करा पाया। विकास ने बताया कि गढ़वा में मुझे 101 बेटियों की सामूहिक विवाह कराने की योजना थी। लेकिन सोसाईटी द्वारा प्रचार-प्रसार किया गया तो सोसाईटी के पास 151 से अधिक बेटियों की सूची उपलब्ध हो गई। लेकिन सोसाईटी द्वारा फॉर्म की जांच की गयी तो कुछ फार्म फर्जी निकला तो सोसाईटी द्वारा उक्त फार्म को रिजेक्ट कर दिया गया।

# कर्नल कपः मोकहर कला ने पातीं को हराया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता के तीसरे दिन भी अनुमंडल अंतर्गत कर्पूरी मैदान दर्शकों से खचाखच भरा रहा। और दर्शकों को पांती बनाम मोकहर कला के बीच जबरदस्त मुकाबले देखने को मिला। दोनों टीम ने बहुत ही कड़ा संघर्ष किया लेकिन निर्धारित समय में एक-एक गोल के बराबरी पर रही। उसके बाद फैसला पेनाल्टी शूटआउट में हुआ। जिसमें मोकहर कला टीम 1-0 से जीत हासिल करने में सफल रही। इस मैच में मुसा खान और रूपेश कुमार ने अपने खेल से दर्शकों को आकर्षित किया। इससे पूर्व मैच के मुख्य अतिथि हुसैनाबाद भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से अनुरोध किया कि हुसैनाबाद का फुटबॉल से बहुत पुराना रिश्ता रहा है और पिछले कुछ सालों से यह विलुप्त होने के कगार पर था लेकिन भाजपा नेता कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह जी के अथक प्रयास के से आप सभी को पुनः हुसैनाबाद का फुटबॉल में पहचान बढ़ाने का अवसर मिल रहा है हम सभी भाग्यशाली हैं। इसलिए सभी खिलाड़ी खेल भावना से खेलें और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर फुटबॉल के क्षेत्र में हुसैनाबाद का नाम रोशन करें जिससे हम सभी का मान सम्मान ऊंचा होगा। मौके पर क्लब के अध्यक्ष मानिक चंद्र सिंह, उमेश चन्द्र शिव निर्णायक नेहाल मिर्जा, राजेन्द्र चौधरी अशोक कुमार सिंह पच्चु शर्मा सुधिर कुमार सिंह सुदामा सिंह, प्रह्लाद ठाकुर रविंद्र सिंह भोला पासवान गणेश प्रजापति समेत सैकड़ों दर्शक गण मौजूद थे।कल का मैच हैदरनगर प्रखंड के बरेवा बनाम हुसैनाबाद प्रखंड के बैंराव के बीच खेला जाएगा।

# अपने बच्चों को लेकर गई सामान खरीदने बाजार हुई बहु बच्चों समेत गायब



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के कधवन ग्राम निवासी नारायण मेहता ने स्थानीय थाना में आवेदन देकर अपनी बहु सहित दो नाती के गुमशुदा होने का मामला दर्ज कराया है। थाना को दिए गए आवेदन में लिखा है कि 23 नवंबर को डेढ़ बजे दिन में मेरी बहु और राजकुमार की पत्नी रंजीत देवी अपने दो बच्चों को साथ लेकर नगर ऊंटरी बाजार में सामान लेने घर से निकली थी।जब शाम तक बच्चों के साथ नहीं लौटी तो हम सभी परिवार वाले खोजबीन करने लगे।जिनका अभी तक उनका कहीं कोई पता नहीं चल रहा है। रिश्तेदारी में भी पता किया गया उनका कोई खबर नहीं मिला। पीड़ित ससुर ने थाना में आवेदन देकर बहु सहित दोनो बच्चो को खोज करने की गुहार लगाई है।

# अनियंत्रित होकर टेंपू पलटा, तीन बच्चों सहित चार घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरौंधी :** थाना क्षेत्र के अमरोरा में एक टेंपू पलट जाने से तीन बच्चे सही चार लोग घायल हो गए है। प्राप्त जानकारी के अनुसार टेंपू भवनाथपुर की तरफ से खरौंधी की ओर जा रहा था कि अचानक गैस गोदाम के समीप टेंपू नियंत्रित होकर एक घर में जा घुसा जिससे टेंपो पर सवार एक व्यक्ति एवं घर में तीन खेल रहें बच्चे को गंभीर चोट लगी हक़ी। टेंपू पलटते ही घर मे चीत्कार मच गया ग्रामीणों के सहयोग से टेंपू से घयल ब्यक्ति को निकाला गया वही बाद में बच्चे को भी निकाला गया चारों को गंभीर चोट लगी लगा है। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर भेज दिया गया है। घटना की जानकारी पा कर सअनि सुरेंद्र दुबे दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुँचे घटना के संबंध में जानकारी एवं घायल लोगों को इलाज के लिए टेंपो से भवनाथपुर भेजा गया। वही घटना के बाद ड्राईबर निकलकर फरार हो गया है लेकिन ग्रामीणों के अनुसार उसे भी चोट लगी है। इधर पुलिस ने टेंपो को उठाकर थाना ले जाया गया है।

# अबुआ आवास को लेकर मुखिया ने लगाया कैंप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रंका :** रंका सोनदाग पंचायत की मुखिया अबुआ आवास के लेकर अपने आवास पर कैंप आयोजित कर ग्रामीणों को भरवा रही है फॉर्म। इस संबंध में बताते चले की झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास लोगों को देना है जिसके लेकर झारखंड के हर प्रखंड हर पंचायत में अबुआ आवास की फॉर्म भारा रही है जिसे देखते हुए आज सोनदाग पंचायत के मुखिया रीमा देवी अपने आवास पर ग्रामीण जनता को कैंप आयोजित कर लोगों को अपनी निजी खर्चे से फार्म भरवा रही है ताकि कोई भी व्यक्ति सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास से कोई वंचित न रह सके जिसके लेकर मुखिया कैंप आयोजित कर लोगों को भरवा रही है फॉर्म।

# स्वामी दयानंद सरस्वती के जयंती पर पांच दिवसीय यज्ञ आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** स्थानीय डीएवी मॉडल स्कूल परिसर में आर्य समाज द्वारा स्वामी दयानंद सरस्वती के दो सौवीं जयंती पर आयोजित पांच दिवसीय यज्ञ एवं भजन के दुसरे दिन वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ संपन्न कराए गए। मौके पर मेरठ से पधारे विद्वान के द्वारा भजन की भी प्रस्तुती की गयी। इस अवसर पर मुख्य यजमान आर्य समाज गढ़वा के प्रधान नंदकुमार गुप्ता, लता गुप्ता, डीएवी मॉडल स्कूल के निदेशक सुशील केसरी, पूनम केसरी, योग शिक्षक उपकार गुप्ता, संगीता गुप्ता, निर्मल केसरी, अनुराधा गुप्ता, कृतिका कुमारी, रिया कुमारी, गीताश कुमार, रवि कुमार समेंत विद्यालय के बच्चों ने यज्ञ में भाग लिया। इस अवसर पर आर्य जगत के विद्वान ब्रम्हा आचार्य कर्मवीर मेधारथी ने वैदिक मंत्रों द्वारा यज्ञ संपन्न कराए। इस अवसर पर मेरठ से आए भजनोंपदेशक संदीप आर्य ने अपने भजन की पंक्ति जी रहे हैं लोग कैसे आज के वातावरण में, चिंता में दिन बीत जाता रात कटती जागरण में। आंखें जब बेशर्म हो तो व्यर्थ घूंघट क्या करेगा? आदमी नंगा खड़ा है सभ्यता के आवरण में, जी रहे हैं लोग कैसे आज के वातावरण में।

# अवैध बालू भंडारण के खिलाफ प्रशासन की छापेमारी

**भवनाथपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के मकरी पंचायत के असनाबांध में अवैध बालू स्टॉक करने की सूचना पर पुलिस निरीक्षक कृष्ण कुमार, अंचल निरीक्षक विभूति नारायण सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुंचे जहां से अवैध बालू रखने के आरोप में उदय यादव व उसके पुत्र शशिकांत यादव को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। समाचार के अनुसार मकरी पंचायत के आसनबांध में बालू के वैध कारोबार की सूचना पर पुलिस व अंचल के संयुक्त छापामारी की गई जहां उदय यादव के घर के सामने खलिहान में बालू स्टोर किया हुआ था। अंचल निरीक्षक विभूति नारायण सिंह ने बताया की बालू कैसा है यह जांच के बाद मालूम चलेगा। बताया 14 सौ सिएफटी बालू है। फिलहाल उदय यादव और उसके पुत्र शशिकांत यादव को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

# 26 नवंबर को होगा जिला स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता




**बंशीधर नगरप्रभात मंत्र संवाददाता):** गढ़वा जिला कबड्डी संघ के तत्वाधान में ऑनलाइन बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जिला स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 26 नवंबर को श्री बंशीधर नगर अनुमंडल के मैदान में प्रातः 9:00 बजे से एक दिवसीय आयोजित किया जायेगा। इस प्रतियोगिता में गढ़वा जिला के सभी प्रखंडों के टीम भाग लेगी। साथ ही 17 वीं सीनियर महिला राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिये टीम का चयन भी किया जायेगा। इसकी जानकारी देते हुये गढ़वा जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष विकास स्वदेशी ने कहा की जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिये गढ़वा जिला कबड्डी संघ के कोच अनंजय सिंह के मोबाइल नंबर 7903263310 पर संपर्क कर सकते हैं। इस ऑनलाइन बैठक में गढ़वा जिला कबड्डी संघ के सचिव राजू उरांव, संघ के मुख्य कोच अजय कुमार गुप्ता, उपसचिव विकास कुमार, अवध सिंह, कोषाध्यक्ष सोमनाथ साह, पूर्व उपाध्यक्ष मनोज कुमार मेहता, पूर्व कोषाध्यक्ष प्रणव कुमार, कबड्डी संघ के सदस्य संगीता कुमारी, टेक्निकल कमेटी के अध्यक्ष बेबी कुमारी, सदस्य जेम्स बालाजी, राधिका कुमारी, सुसंती कुमारी सहित अन्य लोग शामिल थे।

# शिक्षकों ने मृतक संजय के परिजनों को दी सहयोग राशि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा :** पिपरा प्रखंड क्षेत्र के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरदाग के सहायक शिक्षक संजय राम का बीते दिनों आकस्मिक निधन हो गया था। जिस कारण उनके परिवार पर दुखों का पहाड़ अचानक से टूट गिरा था। संजय राम की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी वह मानसिक तनाव में रहते थे। पिपरा प्रखंड सहायक अध्यापक एवं सहायक शिक्षकों ने दिन शनिवार को उनकी पत्नी को अंग वस्त्र एवं 52 हजार रुपया का सहयोग शिक्षकों के तरफ से भेंट किया। सीधी सिंह ने कहा कि इन रुपया से दुखों को तो कम नहीं किया जा सकता है लेकिन मुसीबत के वक्त में यह रुपए हमारे साथी के परिवार को जरूर कुछ काम आएंगे। पिपरा प्रखंड के शिक्षक सहयोग राशि देकर एक मिसाल कायम किए हैं। इस मौके पर उदय राम अरुण मिश्रा रणधीर सिंह वीरेंद्र राम दिलीप पाठक ईश्वरी शर्मा गौतम सिंह अनिल सिंह उमेश यादव हरि दर्शन कुमार दीपक शर्मा विनोद राम विनोद साहू चंद्रदेव राम सहित दर्जनों सहायक शिक्षक एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

# थाना प्रभारी ने सभी छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियम के प्रति किया जागरुक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरौंधी :** थाना प्रभारी पंकज सिंदुरिया ने स्तरोन्नत उच्च विद्यालय अमरोरा के सभी छात्र छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियम को पालन करने के लिए शनिवार को जागरूक किया। थाना प्रभारी पंकज सिंदुरिया ने कहा सड़क सुरक्षा नियमो का पालन कर प्रत्येक व्यक्ति खुद के साथ दूसरों को भी सुरक्षित रख सकता है। आज लोग सड़क पर चलते समय सड़क सुरक्षा नियमो का पालन नहीं करते है। जिससे सड़क दुर्घटनाएं लगातार बढ़ रही है। साथ ही लोगो का असमय ही मृत्यु हो जा रहा है। सड़क सुरक्षा नियमो का पालन कर इससे बचा जा सकता है। इसलिए विद्यालय के छात्र तथा छात्रा सड़क सुरक्षा नियमो का पालन करेंगे। साथ ही अपने अभिभावकों से भी पालन करने के लिए जागरूक करेंगे।इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक कान्हु रक्षक, शिक्षक सरोज बैठा, पुरषोत्तम कुमार, विक्रम उरांव, राणा प्रताप पाल सहित विद्यालय के नवम तथा दशम वर्ग के सभी छात्र उपस्थित थे।

# स्वच्छ पंडाल प्रतियोगिता में दुर्गा पूजा पंडाल समिति को मिला प्रथम पुरस्कार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** स्वच्छ भारत अभियान के तहत दुर्गा पूजा में स्वच्छ पंडाल प्रतियोगिता 2023 को लेकर नगर पंचायत में प्रथम द्वितीय, तृतीय तथा चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले पूजा पंडाल समितियां को सम्मानित किया है। कार्यपालक पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार चौधरी ने शनिवार को अपने कार्यालय कक्ष में चयनित सभी पूजा समिति को प्रशस्ति पत्र तथा शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया। नगर पंचायत द्वारा प्रतियोगिता में ट्रामा सेंटर स्थित दुर्गा पूजा पंडाल समिति को प्रथम पुरस्कार, फ्रेंड्स राक ग्रुप बंशीधर मंदिर को द्वितीय पुरस्कार, अंबालाल बालिका उच्च विद्यालय स्थित नवयुवक क्लब को तीसरा पुरुस्कार तथा सब्जी बाजार स्थित जय भामाशाह क्लब को चौथा पुरुस्कार प्रदान किया गया। प्रथम स्थान पाने वाले दुर्गापूजा पंडाल समिति के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अखिलेश जायसवाल और रोहित वर्मा ने संयुक्त रूप से प्रशस्ति पत्र तथा शील्ड ग्रहण किया। दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले फ्रेंड्स ग्रुप राज ग्रुप के अध्यक्ष विकास कुमार बबलू, तीसरा स्थान प्राप्त करने वाला नव युवक क्लब के अध्यक्ष मनोज कुमार भाई जी, तथा चौथा स्थान प्राप्त करने वाले जय भामाशाह क्लब के अध्यक्ष रजनीकांत मधुर उर्फ गोलू को सम्मानित किया गया। मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार चौधरी ने कहा कि स्वच्छ भारत को लेकर दुर्गा पूजा पंडाल के अवसर पर पूजा पंडाल पर एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था।नगर प्रबंधक के अलावा नगर पंचायत के कर्मियों ने शहरी क्षेत्र के सभी पूजा पंडाल का भ्रमण कर नगर विकास विभाग के तहत प्रतियोगिता में सभी अहर्ता पूरी करने वाली पूजा पंडाल को सम्मानित किया गया है। मौके पर नगर प्रबंधक रवि कुमार, प्रणय मंडलीबार सहित नगर पंचायत कर्मी उपस्थित थे।

# कुएं में मिली युवती की लाश, हत्या का आरोप

**चैनपुर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के झरिवा पंचायत के हरभोंगा गांव के अकड़ाही टोला के निवासी पिता सुरेश साव की 32 वर्षीय पुत्री पिंकी कुमारी घर से तीन दिन पूर्व से लापता थी।जिसका शव अहले सुबह घर के सामने कुआं से शव बरामद किया गया।मृतिका के पिता सुरेश साव ने बताया की आपसी दुश्मनी के कारण मेरे पुत्री का तीन दिन पूर्व अगवा कर हत्या कर शव को कुआं में फेक दिया गया।लड़की के भाई ने बताया की घर के पड़ोसी ने लड़की को जान से मारने के लिए धमकी दी थी। मृतिका की दिमागी हालत कुछ ठीक नहीं थी। लड़की की दिसंबर महीने के 4 तारिक को शादी थी। कुआं से शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया। इस संदर्भ में चैनपुर थाना में लिखित आवेदन देकर मामला दर्ज किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### शराब घोटाले के आरोपित योगेंद्र तिवारी ने दाखिल की जमानत याचिका

**रांची :** झारखंड शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी ने शनिवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की। इससे पूर्व 21 नवम्बर को अदालत ने मामले में अगली सुनवाई की तिथि दो दिसम्बर निर्धारित की है। उल्लेखनीय है कि ईडी ने योगेंद्र तिवारी को रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद कोर्ट में पेश किया था, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया था। अदालत से मंजूरी मिलने के बाद ईडी ने छह दिन और आठ दिन कुल 14 दिनों तक रिमांड पर लेकर योगेन्द्र तिवारी से पूछताछ की थी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड में हुए शराब घोटाले में मनी लांड्रिंग के आरोप में शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी को 19 अक्टूबर को देर शाम गिरफ्तार किया था।

### रांची उपायुक्त ने ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण

**रांची :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शनिवार को मोरहाबादी स्थित ईवीएम वेयर हाउस का मासिक (बाह्य) निरीक्षण किया। उन्होंने उप निर्वाचन पदाधिकारी को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक कुमार सुमन एवं अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि निर्धारित समय पर इवीएम वेयर हाउस की स्थिति का निरीक्षण कर रख-रखाव, सुरक्षा एवं तकनीकी उपकरणों की स्थिति से संबंधित रिपोर्ट राज्य निर्वाचन विभाग को समर्पित करना होता है। इसी को लेकर निरीक्षण किया गया।

# गिरफ्तारी दिशा निर्देशों के बारे में दी गई जानकारी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** गिरफ्तारी दिशानिर्देशों के बारे में ज्ञान के साथ लोगों को सशक्त बनाने के एक ठोस प्रयास में, सेंटर फर सस्टनैबले यूज ऑफ नेचुरल एंड सोसिअल रेसौर्सेस के द्वारा 25 नवंबर 2023 सत्य भारती,पुरुलिया रोड, रांची में एक प्रभावशाली जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया था। प्रख्यात आपराधिक वकील अब्दुल कलाम रशीदी, डॉ. श्रीमांशु दाश और डॉ. रामचन्द्र उराँव (प्रोफेसर, नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी), डॉ. शालिनी साबू (प्रोफेसर, रांची विश्वविद्यालय), अजिता जॉर्ज (निदेशक, बिरसा), सलाहकार। अतिथि वक्ता के रूप में महेंद्र पीटर तिग्गा (निदेशक, हॉफमैन लॉ एसोसिएट्स) उपस्थित हैं। सीएसएनआर के प्रतिनिधि के रूप में अधिवक्ता चंद्रनाथ दानी और पद्मश्री दास उपस्थित थे।अधिबक्ता जयंत पांडे,अजय सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता फरजाना फारुकी, दामोदर तुरी, अशोक झा भी मौजूद हैं. अधिबक्ता चंद्रनाथ दानी.ने धन्यवाद ज्ञापन किया।अब्दुल कलाम रशीदी ने पुलिस जवाबदेही और न्यायिक जवाबदेही पर अपना भाषण दिया। डॉ शेमांशु कुमार दाश को डीके बसु गिरफ्तारी दिशानिर्देश, डॉ राम चंद्र उराँव को मॉडल पुलिस एक्ट के बारे में विस्तार से बताया गया।और अन्य प्रतिष्ठित हस्तियों ने भी अवैध गिरफ्तारी और हिरासत पर भाषण दिया है।झारखंड राज्य में पुलिस सुधार की दिशा में मिलकर काम करने के लिए दस कमेटी का गठन किया गया है। यह पहल कानूनी प्रक्रियाओं के बारे में अच्छी तरह से जानकारी रखने वाले समाज को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि व्यक्ति गिरफ्तारी परिदृश्यों की जटिलताओं से निपटने के लिए सुसज्जित हैं। सम्मानित पेशेवरों की उपस्थिति ने न्याय को कायम रखने और व्यक्तिगत अधिकारों की सुरक्षा में निरंतर शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया।

## झारखंड में घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं के लिए चलेगा नई चेतना अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** घरेलू हिंसा से प्रभावित महिलाओं के लिए विशेष तौर पर नई चेतना अभियान 22 दिसंबर तक संचालित होगा। इसकी शुरूआत शनिवार से हो गयी है। झारखंड में इस अभियान के संचालन में ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड (जेएसएलपीएस) की भूमिका अहम होगी। पिछले वर्ष भी केंद्र की पहल पर 25 नवंबर से 23 दिसंबर तक इसका आयोजन किया गया था। एक बार फिर महिला हिंसा के खिलाफ आवाज उठाने और लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से ग्रामीण विकास मंत्रालय (केंद्र सरकार) द्वारा 'नई चेतना' अभियान का शुभारंभ 25 नवंबर से किया गया है। ग्रामीण विकास राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने सुषमा स्वराज भवन, दिल्ली में दीप प्रज्जवलित कर लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध राष्ट्रीय अभियान 'नई चेतना' के उद्घाटन समारोह का शुभारंभ किया। इस अभियान का आयोजन देश भर में 25 नवंबर से 22 दिसंबर तक किया जाना है। जेएसएलपीएस के अनुसार झारखंड राज्य में उसके द्वारा गांव एवं पंचायत स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान लोगों को इस अभियान से जोड़ा जाएगा। इसमें दो लाख 85 हजार सखी मण्डल की ग्रामीण महिलाओं की भूमिका अहम रहेगी। एसएचजी के माध्यम से करीब 33 लाख महिलाएं जुड़ी हुई हैं। अभियान के दौरान राज्य भर में विशेषकर गांवों में नुक्कड़ नाटक, रैली का आयोजन होगा।अवेयरनेस के लिए पेंटिंग और अन्य प्रतियोगिता होंगे। चर्चा परिचर्चा का आयोजन होगा। बैनर, पोस्टर के माध्यम से जागरुकता लाने का प्रयास होगा। नई चेतना अभियान के दौरान जेएसएलपीएस के द्वारा संचालित जेंडर जस्टिस सेंटर की भी मदद ली जायेगी। इस सेंटर के जरिये घरेलू हिंसा, डायन कुप्रथा, मानव तस्करी आदि की शिकार महिलाओं को न्याय दिलाये जाने का काम शुरू हुआ है। जेंडर जस्टिस सेंटर महिला थाना एवं अन्य सरकारी समर्थक तंत्रों के साथ जुड़कर महिलाओं को न्याय दिलाने में सहयोग करता है। राज्य के 12 जिलों बोकारो, दुमका, गिरिडीह, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, लातेहार, पलामू, रांची, सिमडेगा एवं पश्चिम सिंहभूम में कुल 55 सेंटर कार्यान्वित हैं।



## रांची नगर निगम के दो वार्डों में ऑन स्पॉट 92 शिकायतों का निपटारा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शनिवार को रांची नगर निगम की ओर से निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर तीन और वार्ड नंबर चार में शिविर का अयोजन किया गया। दोनों शिविर में कुल मिलाकर 92 शिकायतों का निपटारा ऑन स्पॉट किया गया। अपर प्रशासक कुंवर सिंह पाहन ने बताया कि शिविर में होल्डिंग, ट्रेड, जन्म-मृत्यु निबंधन, जल कर भुगतान, प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए आवेदन लिया गया। सभी शहरवासी निगम स्तर के सेवाओं का लाभ इन शिविरों में आ कर ले सकते है। उन्होंने सभी लोगों से अपील की है कि अपने नजदीकी वार्ड में आयोजित शिविर में आएं और योजनाओं का लाभ लें।

## सिर कटी लाश के आरोपी बेलाल दोषी करार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** ओरमांझी थाना क्षेत्र में बीते साल 3 जनवरी 2021 को बहुचर्चित सिर कटी लाश हत्याकांड मामले में हत्या के आरोपी शेख बेलाल और उसकी पत्नी अफसाना खातून को रांची सिविल कोर्ट के अपर न्यायुक एमके वर्मा की अदालत ने दोनों आरोपी को दोषी करार दिया। इस मामले में दोषियों के सजा की बिंदु पर कोर्ट 30 नवंबर को अपना फैसला सुनाएगी। अभियोजन पक्ष ने 19 गवाहों का बयान दर्ज कराया था, जिसके बाद तमाम साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर अदालत ने दोनों आरोपी को दोषी करार दिया।

जानकारी हो कि अवैध संबंध मामले में ओरमांझी थाना क्षेत्र में 3 जनवरी 2021 को एक युवती की हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद पुलिस पुलिस ने एक युवती की सिर कटी लाश बरामद की थी। मामले में जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने मृतक युवती की पहचान मांडर के लोयो गांव की रहने वाली सूफिया परवीन के रुप में की थी। युवती की सिर कटी लाश बरामद होने के बाद पुलिस ने आगे की कार्रवाई करते हुए 14 जनवरी 2021 को आरोपी शेख बेलाल और उसकी पत्नी अफसाना खातून को गिरफ्तार किया था। यह मामला इतना चर्चित हुई थी कि 5 जनवरी 2021 को इसी मामले को लेकर भैरव सिंह अपने आदमियों को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का विरोध प्रदर्शन करने के दौरान उनके कारकेड को रोकने की कोशिश की थी और इसी मामले में भैरव सिंह पर एफआईआर दर्ज कर उसे जेल भेजा गया था।



## बड़ा तालाब में 26 को मां गंगा की होगी दिव्य आरती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची के बड़ा तालाब( विवेकानंद सरोवर) में गुरु पूर्णिमा के पूर्व संध्या पर रविवार संध्या पांच बजे मां गंगा की दिव्य आरती का आयोजन किया गया है। बड़ा तालाब के समीप पीयूष पाठक ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि यह मां गंगा की दिव्य आरती का आयोजन बड़ा तालाब में जलस्रोतों के स्वच्छता और निर्मलता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामूहिक संकल्प के लिए किया जा रहा है। बनारस के पीयूष पाठक ने बताया कि अपने सहयोगी आर्चायों के साथ वह आरती करेंगे और उनके साथ दो डमरू वादक, झाल , शंख ,घंट के साथ आरती की शोभा बढ़ायेगे । उन्होंने बताया कि स्वच्छता अभियान के तहत रांची नगर निगम भी रांची वासीयों से अपील कर रही है कि गंगा आरती में शामिल होकर जलस्रोतों के स्वच्छता ,निर्मलता एवं संरक्षण का संकल्प लें । पाठक ने कहा कि जो लोग बनारस और हरिद्वार जाकर गंगा आरती नहीं देख पाएंगे वह अपने ही क्षेत्र में बनारस के गंगा आरती दर्शन कर पुण्य के भागी बने एवं जलस्रोतों को बचाने का संकल्प लें । उन्होंने कहा कि जन -जन में जागृति लाना है , नदी तालाब बचाना है ।



## जल्द देखने को मिलेगा शशि वर्मा निर्देशित वेब सीरीज एके 47

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बॉलीवुड अभिनेता व निर्देशक शशि वर्मा ने दूसरी बार कडरू स्थित ÷झारखंड फिल्म एंड थियेटर एकेडमी÷ का दौरा किया, इससे पहले 2021 के नवंबर के महीने में वेब सीरीज ÷एके 47÷ की शूटिंग रांची में संपन्न करने के बाद अब शशि वर्मा अपने दूसरे प्रोजेक्ट की तैयारी में जुटे हैं। इस दौरान वर्मा ने जेएफटीए के स्टूडेंट्स को प्रोफेशनल एक्टिंग के कई टिप्स दिए, इसके अलावा अपनी अगली फिल्म में साथ काम करने का वादा भी किया। मौके पर लाइन प्रोड्यूसर जयराम महतो और पत्रकार निलय सिंह भी मौजूद थे। गौरतलब है कि वेब सीरीज ÷एके 47÷ एंडेमोल शाइन इंडिया के बैनर तले जल्द ही ओटीटी प्लेटफार्म पर रिलीज होगी, जिसमें शेखर सुमन और रवि किशन जैसे सरीखे कलाकारों ने अहम भूमिका निभाई है, जबकि जेएफटीए से अभिनय का प्रशिक्षण के रहे कई स्टूडेंट्स ने भी बेहतरीन किरदार निभाए हैं।फिल्म ÷शोरगुल÷ से शशि वर्मा ने बॉलीवुड में अपने निर्देशन का डंका बजाया, जिसके बाद लगभग 100 से भी ज्यादा विज्ञापन फिल्मों में भी बतौर अभिनेता काम किया। हाल ही में बाला, हू आई एम, पंचायत, कलापानी, गुंजन सक्सेना, चाचा विधायक हैं हमारे, बंटी और बबली 2, कटहल, और बवाल जैसे फिल्म और वेबसरीज में अपने अभिनय का लोहा मनवाया।



## स्वर्णरेखा नदी के तट पर 27 को कार्तिक पूर्णिमा मेला का होगा आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्री कान्यकुब्ज स्वर्णकार पंचायत द्वारा आयेजित होने वाला कार्तिक पूर्णिमा मेला का आयोजन स्वर्णरेखा नदी तट चुटिया स्थित इक्कीशो महादेव धाम में 27 नवम्बर 2023 दिन सोमवार को सम्पन्न होगा। कार्तिक पूर्णिमा मेला के भव्य आयोजन को ले कर श्री कान्यकुब्ज स्वर्णकार पंचायत की एक महती बैठक पंचायत के अध्यक्ष रविन्द्र लाल के अध्यक्षता में प्रधान कार्यालय श्री रामजानकी मंदिर चर्च रोड रांची में सम्प्पन्न हुआ । जिसका संचालन महासचिव सह मेला संयोजक मुकेश कुमार वर्मा ने किया । उपरोक्त आशय की जानकारी देते हुए पंचायत के महासचिव सह प्रवक्ता सन्तोष कुमार सोनी ने बताया कि पूर्व की तरह ही इसबार भी पंचायत द्वारा मेला में आने वाले शिव भक्तों का जोरदार स्वागत किया जाएगा। मंदिर प्रांगण में माहा भोग का वितरण किया जाएगा। प्रवक्ता सोनी ने यह भी बताया कि मंदिर का विकाश कार्य जारी है जिससे श्रद्धालु लोगों को कोई तकलीफ न हो इसके लिए मंदिर प्रांगण में बुलडोजर और मजदूरों के सहायता से मिट्टी भराव एवम समतली करन का कार्य भी किया जा रहा है । आगे कहा कि झारखंड की गंगा कहे जाने वाले स्वर्णरेखा नदी का प्रदूषण से स्थानीय जनता काफी दुखी और मरमाहत भी है। सोनी ने यह भी बताया कि मेला की तैयारी पूरी कर ली गई है। बैठक में उपरोक्त के अलावे डॉ प्रदीप कुमार,डॉ दिलीप सोनी, रतन सोनी, लखन लाल,पंकज कुमार, उमेश कुमार सोनी, दिनेश प्रसाद, आदि अन्य पदाधिकारी एवम सदस्य उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन डॉ दिलीप सोनी ने किया।



## खेलो इंडिया विमेंस किक बॉक्सिंग लीग का हुआ शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** खेलो इंडिया विमेंस किक बॉक्सिंग लीग स्थानीय खेल गांव कोटवार रांची में मुख्य अतिथि संजय सेठ सांसद लोकसभा रांची एवं विनय सिंह दीपू वरिष्ठ नेता प्रदेश महासचिव कांग्रेस के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर झारखंड के विभिन्न जिलों से आए हुए लगभग 325 खिलाड़ी एवं 75 ऑफिस येलो ने अपना योगदान दिया ।

इस अवसर पर झारखंड की बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष बी ठाकुर ने बताया महिला खिलाड़ियों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में आगे लाने के लिए केंद्र सरकार एवं वाको इंडिया कीक बॉक्सिंग फेडरेशन के द्वारा पूरे भारत में 27 स्थान पर लीग का आयोजन किया जा रहा है। इस लीग में स्वर्ण पदक विजेताओं का सीधी तौर पर राष्ट्रीय महिला लीग में खेलने का अवसर प्रदान होगा। मुख्य अतिथि के तौर पर सांसद संजय सेठ ने कहा महिलाओं की अस्मिता की रक्षा करने के लिए खेल की भावना को और प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने खेलो इंडिया कार्यक्रम की शुरुआत की है और आज के इस वूमेंस किकबॉक्सिंग लीग में आए हुए सभी महिला खिलाड़ियों का हम रांची में स्वागत करते हैं।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विनय सिन्हा दीपू ने कहा ऐसे खेल को प्रोत्साहित करने से महिला खिलाड़ियों का मनोबल ऊंचा होता है और झारखंड की खिलाड़ियों ने पहले भी देश में अपना परचम लहराया है ।

एसोसिएशन के सचिव ओवैस अराफात ,करण कुमार, संस्कार तिवारी सहित रांची जिला किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के महासचिव गुलाम जावेद, वरीय उपाध्यक्ष विमल आनंद नाग , आलोक श्रीवास्तव, नौशाद खान, कलीम खान, कोषाध्यक्ष कमल किशोर कच्छप, पूनम सिंह ,अधिवक्ता प्रिया कुमारी, ब्लमदीना तिग्गा, इबरार अंसारी ,गुलाम गौस कुरैशी, लालचंद लोहार ,राहुल सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## मासिक लोक अदालत में कुल 303 वादों का निष्पादन



**रांची :** रांची जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से शनिवार को व्यवहार न्यायालय में मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसके लिये नौ बेंच का गठन किया गया। लोक अदालत में कुल 303 वादों का निष्पादन किया गया और 12 लाख 41 हजार 254 रुपये का निष्पादन विभिन्न वादों में किया गया।

## झारखण्डी जतरा महाजुटान का हुआ गठन : अन्तु तिर्की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** झारखण्डी जतरा महाजुटान की एक आवश्यक बैठक अन्तु तिर्की की अध्यक्षता में मोराबादी स्थित निलाम्बर पिताम्बर पार्क में हुई।बैठक में झारखण्डी जतरा महाजुटान का आयोजन आगामी 31 दिसम्बर को सर्वसम्मति से करने का प्रस्ताव आया। इस बावत झारखण्डी जतरा महाजुटान का केन्द्रीय समिति का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष अन्तु तिर्की, संरक्षक कुंवर सिंह पाहन, महेश महतो, रंजीत टोप्पो, हेमंत बारला, रमेश सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष बलकु उरांव, अर्जन मुण्डा, रवि मुण्डा, उपाध्यक्ष अमित मुण्डा,राकेश मुण्डा,मिथिलेश कुमार, महासचिव पंचम मुण्डा, सचिव निर्मल पाहन, सिकन्दर मुण्डा,विजय मुण्डा, कोषाध्यक्ष सुरज टोप्पो, अनिल कच्छप, राहुल, सह सचिव कैलाश हेमरोम एवं मीडिया प्रभारी राजकिशोर साहु चुने गए। साथ ही महिला विंग का गठन भी किया गया जिसमे सर्वसम्मति से अध्यक्ष राधा हेमरोम बनाई गई। इस झारखण्डी जतरा महाजुटान का मुख्य उद्देश्य झारखण्डी भाषा,संस्कृति, रीति रिवाज को बचाना। इस अवसर पर सभी पर्व और त्योहारों के अवसर पर जतरा का आयोजन सभी गांव - गांव में किया जाता है।समिति की अगली बैठक आगामी 29-11-2023 दिन बुधवार को मोराबादी मैदान में की जाएगी, जहाँ विभिन्न बिन्दुओं पर विचार विमर्श के बाद समिति का विस्तार भी किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से अन्तु तिर्की,सुरज टोप्पो, अर्जुन मुंडा, रवि मुण्डा, अमित मुण्डा, किस्टो कुजुर, राकेश मुण्डा, राधा हेमरोम, राकेश मुण्डा,पंचम मुण्डा,हरीश मुण्डा, बलकु उरांव, निर्मल पाहन,मिथिलेश कुमार, कैलाश हेमरोम,सुरेश मिर्धा, अनिल कच्छप,विक्की कुमार,राहुल कच्छप, राजकिशोर साहु आदि शामिल थे।



# बांग्लादेशी घुसपैठियों को बचाने में लगी है सरकार : प्रतुल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने प्रदेश मुख्यालय में एक प्रेस वार्ता कर हेमंत सरकार पर बड़ा हमला बोला। प्रतुल ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण देकर राष्ट्र की सुरक्षा और संप्रभुता से खिलवाड़ कर रही है। प्रतुल ने कहा कि फॉरेनर्स एक्ट 1946 के सेक्शन 3(2)(ई) और 3(2)(सी) और पासपोर्ट एक्ट 1920 के अंतर्गत और भारतीय संविधान के आर्टिकल 258 (1) के अंतर्गत राज्य सरकार को आदेश संख्या 590 (एफ नंबर 4/3/56 - (ढ्र),19 अप्रैल 1958 से विदेशी घुसपैठियों को गिरफ्तार करने और बाहर करने की जिम्मेदारी राज्य सरकार को दी गई है। उसके बावजूद भी राज्य सरकार इस पूरे मुद्दे पर कुंडली मारकर बैठी हुई है।क्योंकि इन घुसपैठियों को वह वोट बैंक के रूप में प्रयोग कर रही है। प्रतुल ने कहा कि घुसपैठियों का फर्जी आधार कार्ड को भी रद्द करने का अधिकार राज्य सरकार के पास गृह मंत्रालय ने 2019 में ही स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर बना कर दे दिया था।जिससे यह इन फर्जी आधार कार्ड को रद्द कर सकते हैं ।राज्य सरकार केंद्र पर दोषारोपण करती थे।लेकिन अब तो यह स्पष्ट है की आधार कार्ड रद्द करने और इन घुसपैठियों को बाहर करने की जिम्मेदारी पूर्णता राज्य सरकार की है। प्रतुल ने कहा कि राज्य सरकार पुलिस के कार्यों में और जवाबों में भी हस्तक्षेप कर रही है जो दुर्भाग्यपूर्ण है।प्रतुल ने कहा कि एक तरफ राज्य सरकार के इशारे पर कई जिलों की पुलिस घुसपैठियों के उपस्थिति से न सिर्फ इनकार कर रही है।बल्कि घुसपैठ रोकने के लिए बड़े-बड़े कदम उठाने की बात कर रही है। सूचना अधिकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार लोहरदगा जिले के पुलिस अधीक्षक कार्यालय ने घुसपैठियों की संख्या शून्य बताई है।

जबकि 12 अप्रैल 2020 को ही स्पेशल ब्रांच ने लोहरदगा दंगों में रोहिंग्या मुसलमान का हाथ बताया था। इस रिपोर्ट के सार्वजनिक होने की एक दिन के बाद ही खुफिया विभाग के लोहरदगा डीएसपी जितेंद्र कुमार सहित चार डीएसपी का तबादला हो गया था। कुछ ऐसे ही हालात दुमका,जामताड़ा, पाकुड़ और गोड्डा जिला के पुलिस अधीक्षकों के कार्यालय से सूचना के अधिकार के तहत मिले जवाबों से प्राप्त हुई है। मौके पर प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अशोक बड़ाइक, तारिक इमरान, और अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय पदाधिकारी सीता राम रवि भी उपस्थित थे।




## सोशल साइट पर फोटो डालकर करता था ब्लैकमेलिंग, हुआ गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि एक लड़की के द्वारा यह मामला प्रकाश में आया था कि कोई लड़का है जो उसका फोटो सोशल साइट पर स्केचिंग कर और फिर उसको ब्लैकमेलिंग कर रहा है। इसी मामले में आरोपी की गिरफ्तारी हुई है।

उन्होंने आगे बताया कि सोशल मीडिया पर युवती की फोटो भेज कर ब्लैकमेलिंग करने वाले एक आरोपी को लालपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है । गिरफ्तार आरोपी का नाम विवेक कुमार साहा है और बिहार के मुज्जफरपुर का रहने वाला है। गिरफ्तार आरोपी लालपुर के एक कोचिंग की लडकी की फ़ोटो एडिट कर लोगों को सोशल मीडिया पर ब्लैक मेलिंग करता था। इस मामले को लेकर लालपुर थाना में एफआईआर दर्ज किया गया था, जिसके बाद पुलिस ने गिरफ्तार किया। मौके पर प्रशिक्षु डीएसपी अरमान उल हक, लालपुर थाना प्रभारी आदिकांत महतो उपस्थित थे।

## 30 दिवसीय ब्यूटी पार्लर मैनेजमेंट प्रशिक्षण का शुभारंभ

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 30 दिवसीय ब्यूटी पार्लर मेनेजमेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन समारोह मुख्य अतिथि रेणुबाला देवी , बी डी ओ सिल्ली,एवं वीणा देवी जिला उपाध्यक्ष राँची के द्वारा किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न जिले बेरो, रामगढ़, रातु, अनगड़ा, ओरमांझी, आदि प्रखंड से आए 30 महिलाओं ने भाग ली। साथ ही फोटोग्राफी एवम विडियोग्राफी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह किया गया। रेणु बाला देवी बीडीओ सिल्ली और वीणा देवी जिला उपाध्यक्ष राँची ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र दिया, और संदेश दिया की आज के आधुनिक युग में फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी रोजगार का बहुत बड़ा साधन है। आप चाहेंगे तो खुद का स्वरोजगार कर दुसरो को भी रोजगार दे सकते है। आप मालिक बनना सीखिए । वित्तीय साधन आप के पास नही है तो बैंक से लोन लेकर भी स्वरोजगार को आगे बढ़ा सकते है। रूडसेट संस्थान के निदेशक संजीत कुमार ने मुख्य अतिथि को धन्यवाद ज्ञापन किया । मौके पर संस्थान के वरिष्ट संकाय अनिल , जगदीश चंद्र महतो , दशरथ कुमार महतो,महेश रूही दस,सुनील कुमार उपस्थित रहे।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल रांची में आर्ट इंटीग्रेटेड प्रदर्शनी गांधी दर्पण का भव्य आयोजन

**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने गांधीजी के जीवन और मूल्यों पर एक प्रदर्शनी -' गांधी दर्पण ' का आयोजन करके राष्ट्रपिता को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। अहिंसा, सत्य, शांति, नई तालीम, सर्व धर्म समभाव, सत्याग्रह और राष्ट्रवाद की भावना को रंगोली, पेंटिंग, लघु झंडे, पतंग, बैज, मुखौटे, कैलेंडर, पत्र, कोलाज के रूप में प्रदर्शित किया । साथ ही चरखे के मॉडल आदि को भी दर्शाया। 'मिलेनियम मैन' के जीवन का जश्न मनाने के लिए प्रदर्शनी में एक गाँव की पृष्ठभूमि में उनके पसंदीदा भजनों जैसे वैष्णव जन तो और रघुपति राघव राजाराम की लाइव संगीतमय प्रस्तुति की गई। अन्य आकर्षण नेल आर्ट/टैटू और मेहंदी कॉर्नर और संकल्प वृक्ष थे, जिस पर छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों द्वारा लिखे गए पत्तों के आकार के संकल्प बंधे थे। अभिभावकों ने गांधीजी के जीवन के आदर्शों को युवा पीढ़ी द्वारा जीवन में उतारने के लिए संस्थान के प्रयासों की सराहना की। विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों की उनके ईमानदार प्रयासों के लिए सराहना की।प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने प्रदर्शनी में किए गए प्रयासों और विचारों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यदि वर्तमान पीढ़ी गांधीजी द्वारा अपनाए गए सिद्धांतों और नैतिकता को कायम रख सकती है, तो हमें निश्चित रूप से सभी अत्याचारों से मुक्त राष्ट्र मिलेगा।

## मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती का आयोजन किया गया

**मांडर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती शनिवार को मौलाना आजाद स्कूल बुढ़मू रोड मांडर में मनायी गई। जिसमें मुख्यअतिथि विकास मौर्या, जिला परिषद प्रतिनिधि रबुल अंसारी व आलमगीर आलम, स्कूल के सेक्रेटरी डॉ यूनुस नदवी उपस्थित थे। इस अवसर पर मौलान आजाद की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों का आत्मसात करने का निर्णय लिया गया। शिक्षक व बच्चों में पूरा माहौल उत्सवी था। वहीं रबुल अंसारी ने मौलाना आजाद की जीवनी पर प्रकश डालते हुए कहा कि मौलाना एक प्रसिद्ध कवि, लेखक, पत्रकार और भारतीय स्वतंत्रता सेनानी थे। वे भारत के पहले शिक्षा मंत्री बने। 1992 में इन्हें मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया। इस दौरान बच्चों ने पर्यावरण बचाव और शिक्षा का महत्व के बारे में हिंदी उर्दू में भाषण दिया। मौके पर प्राचार्य तैयब नदवी, दानिश बबलू, मनौवर, रितेश जी, रीता टोप्पो, रेजिना खलखो, मुन्नी, ममता सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## बेड़ो थाना गेट के सामने लाखों की चोरी

**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना गेट के सामने किरण दुकान में शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने लाखों रुपए नगद व हजारो रूपैये के सामान चोरी कर लिए। इधर दुकान संचालक रोशन आलम ने बेड़ो थाना में चोरी का मामला दर्ज कराया है। रौशन ने पुलिस को बतलाया कि प्रतिदिन कि तरह शुक्रवार की रात लगभग 8 बजे दूकान बंद करके घर चला गया। शनिवार की सुबह लगभग 7.30 बजे दूकान खोलने आया तो देखा की दरवाजा और ताला टुटा हुआ है। अंदर जाकर देखा तो दूकान का सामान लगभग 50 हजार के गायब था, वहीं बक्से में रखे एक लाख नगद गायब था। दूकानदार रौशन ने आगे कहा कि मैंने अपने स्तर पर पता लगाने का पुरा प्रयास किये लेकिन कहीं पता नहीं चला। चोर ने दुकान का सीसीटीवी कैमरा भी तोड़ कर ले गया।

## रोहणी परियोजना में गेट मीटिंग कर रविवार को होने वाले बंदी में शामिल होने की अपील

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय कोलयरी मजदूर संघ इंटक के द्वारा मजदूरों से सम्बंधित पांच शूत्री मांग पत्र के आलोक में रोहणी परियोजना मे प्रथम पाली एंव द्वितीय पाली में गेट मीटिग किया गया. मीटिंग के माध्यम से संघ के एरिया अध्यक्ष बीएन पांडे व एरिया सचिव अब्दुल्लाह अंसारी के द्वारा 26नवंबर रविवार को होने बाले बंदी को लेकर मजदूरों को आवाहन किया गया.मौके पर बीएन पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान मे संडे ड्यूटी के नाम पर प्रबंधन बेवजह प्रयोग करके उसे संकीर्ण बना दिया है जिसे मजदूरों को छुट्टी लेने मे आर्थिक नुकशान उठाना पड़ रहा है.उन्होंने सभी मजदूरों से 26 नवंबर को होने वाले बंदी में शामिल होने का अपील किया .वही एरिया सचिव अब्दुल्ला अंसारी ने कहा कि प्रबंधन मजदूरों के साथ सौतेला व्हार कर रहा है तथा मनमानी पर उतर आया है. मजदूरों के सुविधा के साथ छेड़ छाड़ करने के बजाय उत्पादन पर ध्यान दे तथा मजदूर बिरोधी निर्णय को वापस ले. कहा कि सभी मजदूर 26 नवंबर को होने वाले वंदी में शामिल होकर अपनीचट्टानी एकता का परिचय दे. ताकि प्रबंध्न विवश होकर अपना निर्णय वापस लेने पर मजबूर हो जाय. इस मौके पर सुनील सिंह, सोनू पांडेय,जसबंत पांडेय, अजय राम,सुधीर सिंह, मोहन पांडेय, अभय नारायण, इंटेस मद्रासी, रामवतार राम सहित परियोजना के कामगार शामिल थे।

## बंदी को रैयत विस्थापित मोर्चा ने दिया नैतिक समर्थन

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रैयत विस्थापित मोर्चा मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता ने एक बयान जारी कर राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ के द्वारा 26नबंवर रविवार को आहूत एनके एरिया बंदी का नैतिक समर्थन करने की घोषणा की है.बिगन भोगता ने कहा है कि मजदूरों के संडे ड्यूटी सहित मजदूरों से जुड़े मुद्दों को लेकर बंदी का आह्वान किया गया है उसका मोर्चा नैतिक समर्थन करता है.भोगता ने कहा कि प्रबंधन के द्वारा मजदूरों के साथ अन्याय किया गया तो इसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सीसीएल प्रबंधन संडे ड्यूटी में कई तरह नियम कानून बनाकर कटौती करने के बारे में जो साजिश कर रहा है इससे मजदूरों में आक्रोश है।

## अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना हमारा उद्देश्य : बीडीओ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेड़ो :** आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वारा अभियान के तहत शनिवार को बेड़ो प्रखंड के खुखरा पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सुबह से ही ग्रामीणों के आने का सिलसिला शुरू हुआ जो शाम तक जारी रहा। प्रखंड परिवार की ओर से सभी विभागों के लगाए गए 30 इंस्टॉलो में ग्रामीण अपनी जरूरत के मुताबिक उपस्थित होकर शिविर का लाभ लेते नजर आए। विभिन्न विभागों में प्राप्त आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अतिथियों के हाथों से दर्जनों लभुगों के बीच कई विभागों के स्वीकृति आदेश, प्रमाण पत्र एवं परिसंपत्ति का वितरण किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी प्रताप मिंज ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वारा, सरकार का एक महत्वपूर्ण अभियान है जिसके तहत आज सरकार के संपूर्ण अंग आपके द्वार पर हाजिर हुए हैं इस कैंप में आपको सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं के संबंध में कई तरह की जानकारी के साथ-साथ विभिन्न योजनाओं का तत्काल लाभ भी आपको प्राप्त होगा।

## आरसी बालक मध्य विद्यालय के मैदान पर वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कर्रा :** आरसी बालक मध्य विद्यालय कर्रा के मैदान में शनिवार को वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. कार्यक्रम पर बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया एवं विशिष्ट अतिथि झामुमो युवा नेता राजन मुंडा उपस्थित होकर मशाल प्रज्जवलित वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता उद्घाटन किया गया मुख्य अतिथि ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मेरे जीवन में भी काफी चुनौती आई है जिसे मै हमेशा अवसर के रूप में समाना किया.आपका हौसला, जज्बा व जुजून ही आपको सफलता की ओर अग्रसर करता है अपने हौसला, जज्बा व जुजून को कभी कम होने नहीं दिजीए. खेल-कूद में आपकी प्रतिभा के आगे आपकी सफलता छिपा हुआ है. वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता में आरसी बालिका मध्य विद्यालय कर्रा, ज्योति कन्या उच्च विद्यालय कर्रा, संत जोसेफ हाई स्कूल कर्रा, आरसी बालक उच्च विद्यालय कर्रा के छात्र-,छात्राओं ने भाग लिया. कार्यक्रम का शुभारंभ चारों विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक नृत्य व भगवान बिरसा मुंडा पर आधारित नृत्य कार्यक्रम से किया गया. जिसके बाद बालक एवं बालिकाओं का 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड़, लम्बी कूद, ऊंची कूद, बोरी दौड़, बिस्कीट रेस, मिठा दौड़, केला दौड़, तीन पैर का दौड़, बालिकाओं कराटे प्रतियोगिता के अलावे अन्य खेल-कूद प्रतियोगिता का प्रदर्शन कराया गया इस मौके पर सिस्टर जीवन लता बेग, सिस्टर मारिया बाद, फादर संदीप कन्डउलनआ, फादर अमृत सुरीन, प्रिंसिपल स्टेफनी बारला, टीचर गोडफ्री कन्डुलना, फागू मुंडा, विजय होरो, पूनम हेरेंज, आदि थे ।

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सभी प्रखंड में पंचायत स्तरीय शिविर का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खूंटी :** जिले के सभी प्रखंड एवं नगर पंचायत क्षेत्र में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में आयोजित कैम्प में बड़ी संख्या में ग्रामीण इलाकों के लोग पहुँच रहे है। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टाल में आमजन अपना आवेदन जमा कर रहे है और उत्सुकता से परिसंपत्तियों का लाभ प्राप्त कर रहे हैं।आज दूसरे दिन भी अबुआ आवास योजना के संबंध में अधिका अधिक आवेदन प्राप्त किये गए। इस योजना के स्टाल में लोगों की लंबी कतारें देखी जा रही हैं। इसके साथ ही सावित्रीबाई फुले, सर्वजन पेंशन योजना आदि के लाभुक भी कैंप में काफी संख्या में उपस्थित हुए। रनिया प्रखंड के बनई पंचायत में उप विकास आयुक्त ने आमजनों की समस्याओं के निष्पादन को लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही कैम्प के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ अबुआ आवास योजना, गुरूजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, हरा राशन कार्ड, सोना सोबरन धोती-साड़ी वितरण योजना, केसीसी का लाभ और छात्रवृत्ति, विभिन्न प्रकार सर्टिफिकेट जैसी कई लोक कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया गया। कर्रा प्रखंड में आयोजित कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष उपाध्यक्ष, खुटी के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। निदेशक, ITDA खूँटी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अंचल अधिकारी, बीस सूत्री कार्यन्वयन समिति अध्यक्ष मकसूद अंसारी उपाध्यक्ष, मुखिया के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए ।आज के इस कार्यक्रम में 10 लाभुकों को बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन मिशन के तहत स्वीकृति प्रमाण पत्र, दो लामूको को आयुष्मान कार्ड स्वीकृति प्रमाण पत्र, तीन लाभुकों को (छात्राओ को) साईकल क्रय हेतु बैंक खाता में राशि भेजी गई है।

## आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में पहुंचे : उपायुक्त



**चान्हो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चान्हो प्रखंड अंतर्गत रघुनाथपुर पंचायत के ग्राम रघुनाथपुर मे आज शनिवार को आपके अधिकार, आपके सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे स्थानीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, रांची उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा उपस्थित रहे। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, जिला परिषद आदिल अजीम, मुखिया, विधायक प्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। इस कार्यक्रम मे रांची उपायुक्त एवं स्थानीय विधायक ने लोगो को जन कल्याणकारी योजनाओ के बारे मे विस्तार पूर्वक जानकारी दिया और लोगो को योजनाओं से जुड़ने की अपील किये। विधायक ने यह भी कहा प्रत्येक ग्रामीणों को योजनाओं से जोड़े बिना क्षेत्र के विकास का सपना पुरा नही किया जा सकता है ग्रामीणों को आवश्यकता अनुसार योजनाओं का लाभ पहुंचना ही हमारा लक्ष्य है। इस कार्यक्रम मे लगे विभिन्न विभागो के अलग अलग स्टॉल मे जाकर योजनाओं एवं रोगो के रोकथाम की जानकारी जन प्रतिनिधि गण ने लिया। इस पंचायत स्तरीय कार्यक्रम मे पंचायत के विभिन्न गाँवो के ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। और योजनाओं के लाभ के लिए आवेदन डाला।


## झारखण्ड सरकार, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग

### जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेन्टर, कोडरमा

**''दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला-२०२३''**

**-: सूचना :-**

एतद् द्वारा सभी शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों को सूचित किया जाता है कि जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर, कोडरमा कार्यालय के द्वारा दिनांक : 28 नवम्बर, 2023 को कोडरमा समाहरणाल परिसर, कोडरमा (**DC Office Campus, Koderma**) में पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक एक दिवसीय ''दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला– 2023'' का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें निम्नलिखित प्रतिष्ठानों ने अपनी उपस्थिति की सहमति जताई है, जिसका विवरण निम्न प्रकार है :–

| S.N | Name of the Establishment & Address | Name of the Post | No of Post | Qualification | Age | Pay & Allow. | Experience |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Commando Industrial Security Force, Hazaribagh (Outsource Of Sadar Hospital Koderma) | Staff Nurse | 06 | B.Sc/ Nursing | 21-45 Yrs | As Per the Jharkhand Govt. Rule | 1 Year |
| | | Computer Operator | 06 | ADCA | 21-45 Yrs | As Per the Jharkhand Govt. Rule | 1 Year |
| | | OT. Assistant | 01 | Diploma In Operation Theatre Technology | 21-45 Yrs | As Per the Jharkhand Govt. Rule | 1 Year |
| | | Grade A- GNM | 13 | B.Sc/ Nursing | 21-45 Yrs | As Per the Jharkhand Govt. Rule | 1 Year |
| 02 | Holy Family Hospital, Koderma | GNM | 03 | Diploma | 22-26 Yrs | 12000 PM | ---- |
| | | ANM | 07 | Diploma | 22-26 Yrs | 10000 PM | ---- |
| 03 | Grizzly Vidyalaya Telaiya, Dam, Koderma | PGT Music | 01 | M.F.A | 22-45 Yrs | Negotiable | 2-5 Year |
| | | PGT P.H.E | 01 | M.PHE | 22-45 Yrs | Negotiable | 2-5 Year |
| | | PRME Primary | 01 | B.Ed/MA | 22-45 Yrs | Negotiable | 1-2Year |
| | | PRT English | 01 | B.Ed/MA | 22-45 Yrs | Negotiable | 1-2Year |
| | | Keyboard Trainer | 01 | MFA | 22-45 Yrs | Negotiable | 2Year |
| | | TGT Computer | 01 | MCA | 22-45 Yrs | Negotiable | 2-4Year |
| 04 | Grizzly Public School, Jhumri Telaiya, Koderma | PRT Math | 01 | MA/B.Ed | 21-45 Yrs | Negotiable | ------ |
| | | PRT Computer | 01 | MCA | 21-45Yrs | Negotiable | ------ |
| | | Computer Operator | 01 | Graduate | 21-45Yrs | Negotiable | ------ |
| | | Supervisor | 01 | B.A | 21-45Yrs | Negotiable | ------ |
| 05 | 2 Coms Consulting Pvt Ltd, Kolkata Hiring for the (I). Exide Industries Ltd (Exide Ballery) | Line Machine Operator | 100 | $10^{th}$/$12^{th}$/ITI/ | 18-30 Yrs | 14,541 PM | Fresher Only |
| | (II) Medplus | Warehouse Executive | 50 | $10^{th}$ | 18-30 Yrs | 12,000 PM+Free food+Room | ----- |
| 06 | JKI Infrastructure Pvt. Ltd Mahto Ahra, Gumo, J. Telaiya, Koderma | Bariman | 03 | $10^{th}$ Pass | 21-45 Yrs | 9900 PM | ------ |
| | | Helper | 03 | $10^{th}$ Pass | 21-45 Yrs | 9900 PM | ------ |
| | | First Hand | 01 | $10^{th}$ Pass | 21-45 Yrs | 12000 PM | ------ |
| 07 | JBM Auto Ltd, Sanand, Ahemdabad | Trainee | 150 | $10^{th}$/ITI | 19-32 Yrs | 12,500 PM | Fresher |
| | | Trainee | 50 | Diploma | 19-32 Yrs | 15,000 PM | Fresher |
| 08 | Bull Fighter Security Service, Hazaribagh (Outsource Of Nagar Prishad J. Telaiya, Koderma) | Assistant | 02 | Graduation | 21-35 Yrs | 15,438 PM | ----- |
| | | Supervisor | 02 | Graduation | 21-35 Yrs | 11,952 PM | ----- |
| | | Computer Operator | 01 | Graduation | 21-35 Yrs | 15,438 PM | ----- |
| 09 | MKS Utility Services, Hazaribagh (Outsource Of Nagar Prishad J. Telaiya, Koderma) | Staff Nurse | 02 | B.Sc (Nursing)/ Diploma in Nursing | 21-35 Yrs | 17,775 PM | ----- |
| | | Multipurpose Staff | 02 | Inter | 19-35 Yrs | 15,307 PM | ----- |
| | | Cleaning Staff | 02 | $8^{th}$ Pass | 18-35 Yrs | 11,109 PM | ----- |
| 10 | Vision Hospitality Services Pvt. Ltd, Ranchi (Outsource Of Exice Office, Koderma) | Shop Incharg | 10 | Graduation | 21-55 Yrs | 15027 PM | 2 Year |
| | | Shop Asst. | 30 | Inter | 21-55 Yrs | 11,303 PM | 1 Year |
| 11 | Ramgovind Institute Of Technology, Karma, Koderma | Asst. Professor CSE | 02 | M.Tech /CSE/IT | 21-60 Yrs | As Per Norms. | 2 Year |
| | | Asst. Professor ECE | 01 | M. Tech/ECE | 21-60 Yrs | As Per Norms. | 2 Year |
| | | Asst. Professor Civil Engineering | 02 | M. Tech in Civil Enng. | 21-60 Yrs | As Per Norms. | 2 Year |
| 12 | Grizzly College of Education. J. Telaiya, Koderma | Asst. Professor | 06 | M.Ed/NET/Ph.D | Max 55 Yrs | 25000-35000PM | 1 Year |
| | | Asst. Accountant | 01 | B.Com/M.Com | 21-40 Yrs | 12000-20000 PM | 1 Year |
| 13 | Capital University, Jhumri Telaiya, Koderma | Asst. Professor | 04 | Ph.D | 30-50 Yrs | 15000-30000 PM | 2 Year |
| 14 | Millennium Skills by G4S Security, Hyderabad Millennium Skills | Security Guard | 450 | $10^{th}$ Pass | 18-40 Yrs | 14,500 PM | -------- |
| | By G4S Security | Supervisor | 50 | Gradation | 18-40 Yrs | 22,000 PM | 2 Year |
| 15 | Satin Credit Care Network ltd. Ranchi | Executive (TCSO) | 40 | Inter Pass | 18-28 Yrs | 18,500 PM | Fresher |
| | | Sr. Executive | 20 | Inter | 18-30 Yrs | 22,500 PM | 1-2 Year |
| | | Branch Manager | 05 | Graduation | 18-35 Yrs | 30,000 PM | 4-6 Year |
| 16 | Kaundinya Public School, Jhumri Telaiya, Koderma | Computer Teacher | 01 | BCA/MCA/B.Tech | 21-45 Yrs | 12000-20000 PM | ------ |
| | | PRT (S.S.T) | 01 | B.A/M.A | 21-45 Yrs | 12000-15000 PM | ----- |
| | | PRT (Eng) | 01 | B.A/M.A | 21-45 Yrs | 12000-15000 PM | ------ |
| | | TGT (Math) | 01 | B.Sc/M.Sc | 21-45 Yrs | 12000-15000 PM | ------ |
| | | NTT | 03 | B.A | 21-45 Yrs | 12000-15000 PM | ------ |
| 17 | PG Hospital,Karma, Koderma | G.N.M | 02 | Diploma | 23-26 Yrs | 10000 PM | 1-5 Year |
| | | A.N.M | 06 | Diploma | 20-26 Yrs | 8000 PM | 1-5 Year |
| | | Sweeper | 02 | $10^{th}$ | 25-30 Yrs | 7000 PM | ------ |
| | | Guard | 01 | $10^{th}$ | 25-30 Yrs | 8000 PM | ---- |
| 18 | Aadhya HR Solutions Pvt. Ltd, Bengloure Hiring for the Sachindler India | Junior Tech. | 100 | I.T.I | 18-30 Yrs | 15000-45000 PM | 2 Year |
| | Milostar | Helper | 100 | $5^{th}$/$10^{th}$ | 18-45 Yrs | 14000-25000 PM | 1 Year |
| | SS Fab Tech. | Welder | 100 | $10^{th}$/ITI | 18-40 Yrs | 16000-30000 PM | 1 Year |
| | Hippilo | Security | 100 | $10^{th}$ | 20-46 Yrs | 18000-35000 PM | 1 Year |
| 19 | Chanda Roller Mills Pvt. Ltd Jhumri Telaiya, Koderma | Lab. Chemist | 01 | B.Sc Chemistry Hons. | 21-55 Yrs | Negotiable | 2 Year |
| | | Gardener | 02 | $10^{th}$ Pass | 21-55 Yrs | Negotiable | 2 Year |
| 20 | St. Clares School, Lokai, Koderma | Physical Education Teacher (Female) | 01 | BPEd | 25-40 Yrs | Negotiable | 2 Year |
| | | English Teacher | 01 | B.A Eng Hons/ B.Ed | 25-40 Yrs | Negotiable | 2 Year |
| | | History Teacher | 01 | B.A History Hons/B.Ed | 25-40 Yrs | Negotiable | 2 Year |
| 21 | Jai Durga Iron Pvt. Ltd, Jhumri Telaiya, Koderma | Helper | 02 | $5^{th}$ Pass | 25-55 Yrs | 9000-10000 PM | 3 Year |
| | | Supervisor | 01 | Inter | 21-45 Yrs | 9500-11000 PM | 3 Year |
| 22 | Modern Public School, Jhumri Telaiya, Koderma | PGT, Chemistry | 01 | M.Sc | 30-45 Yrs | 30000-50000 PM | 3-5 Year |
| | | Office Asst. | 01 | B.Sc/BA | 25-40 Yrs | 13000-15000 PM | 3-5 Year |
| | | Supervisor | 01 | BA/B.Sc | 25-35 Yrs | 10000-12000 PM | 3-5 Year |
| | | Sports Coach | 01 | Graduation | 25-30 Yrs | 13000-15000 PM | 3-5 Year |
| 23 | Reliance Smart Bazar, Jhumri Telaiya, Koderma | C.S.A (Part Time) | 04 | $12^{th}$ Pass | 18+Yrs | 4750 PM | ----- |
| 24 | SBI Life Insurance Co. ltd, Koderma | Advisor | 02 | $10^{th}$/Inter Pass | 18-35 Yrs | 15000-20000 PM | ---- |
| 25 | St. Joseph's School, Jhumri Telaiya, Koderma | Mathematices Teacher | 01 | Graduate/B.Ed | 25-40 Yrs | Negotiable | ------ |
| | | English Teacher | 01 | Graduate/B.Ed | 25-40 Yrs | Negotiable | ------ |
| | | Driver,s Asst. | 01 | Literature | 25-40 Yrs | 8000-10000 PM | ----- |
| 26 | Hotel Surya, Jhumri Telaiya, Koderma | House Keeping | 01 | $8^{th}$ Pass | 18-35 Yrs | 9000 PM | ---- |
| | | F&B Service | 02 | $10^{th}$ Pass | 18-35 Yrs | 90000 PM | ---- |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से किसी भी नियोजनालय में निबंधित नहीं है, वे जिला नियोजनालय, कोडरमा में अथवा www.rojgar.jharkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त ''रोजगार मेला– 2023'' में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते है। झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में 75% स्थानीय नियोजन निति का लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदक को स्थानीय आवास प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। वैसे उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है, उन्हें पुनः निबंधन करवाने की आवश्यकता नहीं है। चूंकि रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है अतएव चयन की प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार से हस्तक्षेप नहीं होगा।

अतः सभी शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में ''रोजगार मेला– 2023'' में शामिल होकर इस सुनहरे अवसर का लाभ उठावें।

ह/0

जिला नियोजन पदाधिकारी, कोडरमा

PR 312001 Labour Employment and Traning (23-24)_D


## बच्चों के स्वास्थ्य ज्ञान व मनोवैज्ञानिक सहायता के लिए शिक्षकों को मिला प्रशिक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी :** डीएवी स्कूल खलारी में 'स्कूल हेल्थ एंड वैलनेस' विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ. इसमें केंद्रीय माध्यमिक विद्यालय शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) संबद्ध स्कूलों के शिक्षक सम्मिलित हुए. सीबीएसई द्वारा अनिवार्य शिक्षक प्रशिक्षण के तहत इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है. शिक्षक प्रशिक्षण के लिए रिसोर्स पर्सन के रूप में धनबाद पब्लिक स्कूल, धनबाद की उप-प्राचार्य सना अख्तर, पीजीटी अंग्रेजी व विनीता विजय, हिंदी शिक्षक उपस्थित थी. विद्यालय के प्राचार्य डा कमलेश कुमार ने उनके साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया. प्राचार्य ने आशा व्यक्त किया कि सीबीएसई की इस कार्यशाला में शिक्षक जो कुछ भी ज्ञान अर्जित करेंगे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला

**अति अल्पकालिन ई० निविदा आमंत्रण सूचना**

ई० निविदा संख्या–WRD/MID/GUMLA/ $F_2$-27/2023-24 दिनांक –17.11.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | कुरकुरा नाला पर चेकडैम निर्माण कार्य, प्रखंड–कामडारा, जिला–गुमला |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 91.306 लाख |
| 3 | परिमाण विपत्र का मूल्य (लाख में) | 0.10 लाख |
| 4 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 335 दिन |
| 5 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 04.12.2023 2:00 बजे अपराह्न |
| 6 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 11.12.2023 5:00 बजे अपराह्न तक |
| 7 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि | e-Procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 11.12.2023 5:00 बजे अपराह्न तक |
| 8 | निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 13.12.2023 2:00 बजे अपराह्न |
| 9 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल,गुमला। |
| (क) | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का Email ID एवं फोन नं0 | eemidgum@gmail.com 8986890345 |
| (ख) | ई0 प्रोक्योमेन्ट सेल एवं हेल्पलाईन संख्या | 0651–2214784 |

नोटः– केवल ई० निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। वेबसाईट पर अपलोडेड राशि प्रभावी मानी जायेगी।

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,गुमला।

PR 312045 (Minor Irrigation) 23-24 (D)



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## जैम@स्ट्रीट का आयोजन बिस्टुपुर में आज



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जमशेदपुर वासियों का इंतजार अब खत्म होने जा रहा ही क्योंकि कल रविवार को सुबह 6:30 बजे बिस्टुपुर (रीगल राउंडबाउट से खादी भंडार तक) में रोचक और रोमांचक जैम@स्ट्रीट का आयोजन किया जा रहा है। जहां आप बैडमिंटन खेलने, जुम्बा के साथ वर्कआउट करने और स्वस्थ व्यंजनों का आनंद लेने के लिए तैयार रहें। योग सत्रों की शांति से एडवेंचर स्पोर्ट्स के उत्साह की गहराई तक, सबके लिए कुछ न कुछ है । चाहे आप फिटनेस प्रेमी हों, कला प्रेमी हों या किसी को परिवार के साथ मज़े का दिन बिताने की तलाश हो, जैमञ्स्ट्रीट में सब कुछ है। उल्लेखनीय है कि जैमञ्स्ट्रीट का आयोजन टाटा स्टील यूआईएसएल, टाटा स्टील और टाटा स्टील फाउंडेशन के सहयोग से किया जाता है।

## पांच सूत्री मांगों को लेकर झारखंड मजदूर यूनियन 28 को सौंपेगा डीसी को ज्ञापन



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विभिन्न पांच सूत्री मांगों को लेकर झारखंड मजदूर यूनियन आगामी मंगलवार, 28 नवंबर को जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपेगा। इस बाबत गम्हरिया में एक प्रेस वार्ता आयोजित कर यूनियन के अध्यक्ष सुनील कुमार गोराई ने बताया कि सड़क निर्माता कंपनी जेएआरडीसीएल द्वारा अपने अधीन कार्यरत मजदूरों को कार्य से बैठा दिया गया है। इस कारण उन मजदूरों के समक्ष बेरोजगारी और भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। वहीं, मजदूरों को कार्य से हटा दिए जाने से टाटा-कांड्रा और चौका-चाईबासा मार्ग पर विगत कई दिनों से सफाई कार्य बंद है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को डीसी को ज्ञापन सौंपकर इन समस्याओं से अवगत कराते हुए इसके समाधान की मांग की जाएगी। प्रेस वार्ता में यूनियन के महासचिव सनत सिंह सरदार, कोषाध्यक्ष संजय मंडल, नगर अध्यक्ष सूरज लोहार, वीरमल बेसरा, नेतु नायक आदि भी मौजूद थे।

## हल्दीपोखार से जेंडर आधारित हिंसा के खिलाफ युवा का 16 दिवसीय अभियान शुरू



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सामाजिक संस्था युवा (यूथ यूनिटी फॉर वॉलंटरी एक्शन) एवं विमेन गेनिंग ग्राउंड कंसोर्टियम, क्रिया नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में जेंडर आधारित हिंसा के खिलाफ 16 दिवसीय अभियान का आज हल्दीपोखार पंचायत में उद्घाटन किया गया। अभियान का उद्घाटन बैलून उड़ा कर असमानता से समानता ,सबकी गिनती एक समान जेंडर आधारित हिंसा के खिलाफ 16 दिवसीय अभियान का संदेश दिया गया। उद्घाटन संयुक्त तत्वाधान में किया गया, जिसमें पोटका के जिला परिषद सदस्य सूरज मंडल, तेंतला पंचायत मुखिया अमृत सरदार, पोडाडीहा पंचायत मुखिया दुखिनीमई सरदार, हल्दीपोखर मुखिया देवी कुमारी भूमिज, जुड़ी मुखिया सुखलाल सरदार, गंगाडीह पंचायत समिति सदस्य उर्मिला सरदार, युवा सचिव वर्णाली चक्रवर्ती शामिल हुए ।

## जगन्नाथपुर प्रखंड स्तरीय जेंडर संसाधन केंद्र की शुरूआत



**जगन्नाथपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजीविका महिला संकुल संगठन के तहत जगन्नाथपुर में प्रखंड स्तर पर महिला असमानता, महिला उत्पीड़न के मामलों को पंजीबद्ध करने के लिए पहली बार जगन्नाथपुर ब्लाक में प्रखंड स्तरीय जेंडर संसाधन( गरिमा केंद्र) केंद्र पंचायत भवन स्थित का उद्घाटन जगन्नाथपुर अंचल अधिकारी मनोज कुमार मिश्रा, प्रखंड प्रमुख बुधराम पुर्ती, बीससुत्री अध्यक्ष ललिल दुराईबुरु,प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक रहतु बोदरा,जगन्नाथपुर मुखिया जोलेन भूईया,कलैया मुखिया जयश्री तिरिया,मालुका मुखिया ,मुंडा विकास महापत्रो,जिंतुगढ़ा मुंडा सोमनाथ सिंकु,मोगरा मुंडा डेबिड सिंकु,कसलापोस मानकी कृष्णा सिंकु,संगठन पारा लिगंल जेंडर सीआरपी सनमती सुंडी,आर्चना देवी जेंडर सीआरपी रुपवती चतोम्बा, सुचित्रा देवी,लेखापाल सवित्री जारिका संखी मंडल सचिव रेखा देवी ,सीसी सिगराय सुंडी ने दीप प्रचलित कर किया गया. इस मौके पर अंचल अधिकारी मनोज मिश्रा ने कहा कि इन सेंटर का खुलने से महिलाओं को सीधे प्रशासनिक और कानूनी सहायता से जोड़ा जाएगा.

## अधिवक्ता सुधीर ने राज्य बार काउंसिल चेयरमैन को पत्र लिखकर अधिवक्ताओं के समस्याओं से कराया अवगत



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू,निबंधन ने झारखंड राज्य बार काउंसिल रांची, झारखंड के चेयरमैन को पत्र लिखकर झारखंड राज्य के अधिवक्ता एवं उनके पेशे के राह में आनेवाले समस्याओं एवं कठिनाइयों तथा अपरिहार्य मुद्दों के समाधान के लिए विभिन्न बिंदुओं पर ध्यान आकर्षित कराया है। जिसमें कहा गया है कि जिला बार एसोसिएशन परिसर में देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद एवं संविधान विद डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने, जिला बार एसोसिएशन भवन को वाई-फाई युक्त करना, महिला अधिवक्ताओं के लिए अलग से हॉल एवं प्रसाधन कक्ष की व्यवस्था करना, बार भवन में सोलर पैनल लगाकर सोलर एनर्जी की व्यवस्था करना, बार एसोसिएशन भवन को सेंट्रलाइज्ड एसी युक्त बनाना, नए सदस्यों के लिए सदस्यता शुल्क रु20000 से घटाकर न्याय पूर्ण एवं तर्कसंगत करने, अनुसूचित जनजाति एवं जाति के नए सदस्यों को निशुल्क सदस्यता प्रदान करने, नए सदस्यों के बैठने के लिए समुचित व्यवस्था करने, अधिवक्ताओं को इलाज हेतु शहर के प्राइवेट अस्पतालों से एमओयू किया जाए। एक साल की सीमा अवधि तक नए सदस्यों को रु1000 प्रति माह स्टाइपेंड देना, होली दीपावली अथवा दुर्गा पूजा के अवसर पर नियमित अधिवक्ताओं को रु5000 समतुल्य राशि उपहार के तौर पर भेंट करने, सभी सदस्यों का सामूहिक बीमा करवाना एवं बीमा की राशि बार द्वारा देय करने, मृत्यु क्लेम राशि को बढ़ाकर 5 लाख रुपए करने, 2 लाख रूपये का मेडीक्लेम की सीमा तय करना, बार परिसर में ड्रेस कोड एवं आई कार्ड के अनुपालन को अनिवार्य करने, सदस्य अधिवक्ता की पुत्री के विवाह में बार एसोसिएशन की ओर से एक लाख रूपये बतौर उपहार देने आदि। अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने उम्मीद जताते हुए कहा कि अधिवक्ता पेशे को मर्यादा पूर्ण, सम्मानजनक बनाने एवं उत्तरोत्तर सम्मुन्नत करने में आप अपनी सार्थक भूमिका अदा करेंगे।

# पूर्वी सिंहभूम में व्यवस्थित तरीके से आयोजित किया जा रहा सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

**पंचायत स्तरीय शिविरों में उमड़ रही लाभुकों की भीड़, अबुआ आवास योजना का लाभ लेने के लिए आ रहे सबसे ज्यादा आवेदन**

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले के सभी पंचायतों में तिथिवार 24 नवंबर से 26 दिसंबर तक आयोजित किए जा रहे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर जिलेवासी काफी उत्साहित हैं। सभी शिविरों में लाभुक बड़ी संख्या में पहुंचकर विभिन्न विभागों के स्टॉल पर योजनाओं की जानकारी लेने के साथ साथ आवेदन भी जमा करा रहे । 25 नवंबर को 7 पंचायतों एवं 3 नगर निकायों में शिविर आयोजित किए गए जिनमें बहरागोडा का मानुषमुड़िया, पोटका का चांदपुर, पटमदा का कमलपुर, जमशेदपुर सदर का केरूआडुंगरी, घाटशिला के उत्तरी मउभंडार, धालभूमगढ़ का मौदाशोली, चाकुलिया का श्यामसुन्दरपुर वहीं नगर निकायों में जमशेदपुर अक्षेस में ग्वाला बस्ती टेल्को, जुगसलाई नगर परिषद में ईदगाह मैदान जुगसलाई, मानगो नगर निगम में झंडा सिंह मध्य विद्यालय दाईगुटु शामिल हैं । सभी पंचायत स्तरीय शिविरों में आने वाले आमजनों में अबुआ आवास योजना को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है। सभी शिविरों में कल्याण मंच के माध्यम से लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया जा रहा है । मनरेगा जॉब कार्ड, धोती साड़ी लुंगी, कंबल, बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु सावित्री बाई फुले समृद्धि योजना की स्वीकृति, वन पट्टा, सर्वजन पेंशन, कृषकों के बीज बीज का वितरण जैसी कई कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लाभुकों को ऑन द स्पॉट दिया जा रहा । जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि आम जनमानस एवं जरूरतमंद लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से एवं त्वरित गति से पहुंचाया जा सके इसी उद्देश्य से आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन पंचायत स्तर पर किया जा रहा है ।

## करीम सिटी कॉलेज के रसायन विज्ञान विभाग में फ्रेशर्स पार्टी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज, साकची, जमशेदपुर के रसायन विज्ञान विभाग में सेमेस्टर 2 और सेमेस्टर 3 के छात्र-छात्राओं ने अपने नए जूनियर बैच के साथियों के लिए स्वागत समारोह आयोजित किया। यह सभा प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज तथा विभागाध्यक्ष डॉ खुर्शीद अनवर खान की मौजूदगी में कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ जिसमें छात्र-छात्राओं ने समूह गान, एकल गायन, खेल, क्विज, नृत्य तथा रैप पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके अपने जूनियर साथियों का स्वागत किया। सभा को प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में नए युग में केमिस्ट्री की बढ़ती हुई लोकप्रियता पर प्रकाश डाला तथा अपने महाविद्यालय में प्रतिवर्ष केमिस्ट्री के विद्यार्थियों के होने वाले कैंपस सिलेक्शन का जिक्र किया और मोबाइल से दूर होकर अपने विषय पर ध्यान केंद्रित करने का उपदेश दिया। प्राचार्य के अलावा विभागाध्यक्ष खुर्शीद अनवर खान तथा प्रधान परीक्षा नियंत्रक डॉ बी एन त्रिपाठी ने भी सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम के आरंभ में प्रोमिश ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। इस सभा में बड़ी संख्या में उपस्थित छात्र-छात्राओं के अलावा डॉ तुफैल अहमद, डॉ आफताब आलम खान, डॉ पी सी बनर्जी, प्रो एच के शॉव, प्रो मोहम्मद ईसा, प्रो अरीबा फातिमा, प्रो मौसमी सारंगी, प्रो सानिया तहरीम तथा सैयद साजिद परवेज मौजूद रहे। कार्यक्रम के आयोजन में इनजमाम अजीज, जोया परवीन, मुकेश साहू, अनीशा दास, रिया सरकार,मो वकास इत्यादि का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन नादिया रिजवान तथा सायमा खान ने तथा नाजिश ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## एनआईटी जमशेदपुर में आयोजित तीन दिवसीय इंडस्ट्री अकेडमिया कॉन्क्लेव का हुआ समापन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** एनआईटी, जमशेदपुर के डीजेएलएचसी में चल रहा तीन दिवसीय शैक्षणिक कॉन्क्लेव इंडस्ट्री अकेडमिया कॉन्क्लेव-2023 आज संपन्न हुआ, जिसमें विभिन्न क्षेत्र के विशेषज्ञों सहित विभिन्न संस्थानों और उद्योगों के प्रतिनिधि शामिल हुए. समापन समारोह में एयर इंडिया एयरपोर्ट सर्विसेस लि के सीईओ रामबाबू चौधरी मुख्य अतिथि तथा संस्थान के पूर्व छात्र एडमिरल ए के वर्मा तथा ऑर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया के खान प्रमुख शरणप्पा काँबली सम्मानित अतिथि के रुप में उपस्थित थे. रामबाबू चौधरी ने हवाई परिवहन के क्षेत्र में बढ़ते उद्यम अवसर पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को प्रेरित किया. एनआईटी, जमशेदपुर के निदेशक डॉ गौतम सूत्रधर ने आत्मनिर्भर भारत के लिए इस प्रकार के आयोजनों को जरुरी बताते हुए कहा कि आने वाले समय में संस्थान इस प्रकार के और आयोजनो को लेकर कटिबद्ध है.

## ग्रामीण एसपी ने पटमदा में शुरु किया पैदल गश्ती अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता



**पटमदा :** जिले के ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग ने शनिवार को पटमदा थाना क्षेत्र में पुलिस की पैदल गश्ती अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने पुलिस अधिकारी व जवानों के साथ पटमदा थाना गेट से बेलटांड़ तक पैदल गश्त लगाते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। मौके पर ग्रामीण एसपी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आज से ही यह अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पटमदा में रविवार को सोमवार को लगने वाले साप्ताहिक हाट में अब पुलिसकर्मी गश्त लगाते नजर आएंगे और लोगों को इसका सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिलेगा। इस आभियान से आपराधिक घटनाओं जैसे बाइक व साइकिल चोरी, मोबाइल की छिनतई या चोरी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकता है। मौके पर पटमदा के सर्किल इंस्पेक्टर हीरालाल महतो, पटमदा थाना प्रभारी रणजीत कुमार सिंह, अवर निरीक्षक अरविन्द कुमार व विनय कुमार, सहायक अवर निरीक्षक प्रशांत कुमार आदि मौजूद थे।

## ईसीसी लीजेंड लीग क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

प्रभात मंत्र संवाददाता

**नीमडीह :** रेलवे स्टेशन के उगडीह मैदान में ईसीसी लीजेंड लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि सेवा ही लक्ष्य है के संस्थापक समाजसेवी राकेश वर्मा ने फीता काट कर एवं बल्लेबाजी कर किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए मुख्य अतिथि राकेश वर्मा ने कहा कि झारखंड के खिलाड़ी महेंद्र सिंह धौनी एवं दीपिका कुमारी ने खेल के माध्यम से राज्य का नाम पूरे विश्व में रौशन किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं के लिए खेल रोजगार का साधन बनता जा रहा है। इस अवसर पर आयोजक क्लब के सदस्य, खिलाड़ी एवं काफी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

## कुचाई में विधायक ने किया सरकार आपके द्वार शिविर का उद्घाटन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत कुचाई प्रखंड क्षेत्र के बंदोलोहर पंचायत भवन में शनिवार को प्रखंड प्रशासन की ओर से आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन विधायक दशरथ गागराई परियोजना निदेशक आईटीडीए संदीप दोराईबुरु विधायक प्रतिनिधि अनूप सिंह देव भरत सिंह मुंडा बीडीओ साधुचरण देवगम थाना प्रभारी चंदन कुमार मुखिया देवचरण हाईबुरु करम सिंह मुंडा राम सोय ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, मनरेगा, पेंशन, आवास, बिजली, आपूर्ति, श्रम, कृषि, पशुपालन, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, सर्वजन पेंशन जैसे सभी विभागों के अलग-अलग स्टोर लगाकर ग्रामीणों से आवेदन प्राप्त किया गया। शिविर में अधिकतर अबूआ आवास योजना के लिए आवेदन प्राप्त हुई है। मौके पर विधायक गागराई ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गांव के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचने के लिए तीसरे चरण का शिविर पूरे राज्य में 24 नवंबर से ही शुरू की है। उन्होंने कहा कि छूते हुए लोगों को अबुआ आवास योजना का लाभ मिलेगा।

## नीमडीह के गुंडा पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**नीमडीह :** जिले के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के नीमडीह प्रखंड के गुंडा पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तीसरे चरण का शुभारंभ हुआ। गुंडा पंचायत में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर सरायकेला खरसावां जिला के भुअर्जन पदाधिकारी हेमा प्रसाद,प्रखंड विकास पदाधिकारी केएस अभिनव, अंचल अधिकारी प्रणव अम्बस्ट एवं गुंडा पंचायत की मुखिया बुका सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के द्वारा स्टॉल लगाया गया था। जहां गुंडा पंचायत के हजारों लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम में कई चयनित लाभुकों के बीच पेंशन स्वीकृति पत्र वितरण, जॉब कार्ड वितरण, फूलों झानो आशीर्वाद योजना के तहत चेक वितरण, आंगनबाड़ी के बच्चों के बीच स्वेटर वितरण,स्कूली बच्चों में जाति प्रमाण पत्र वितरण सहित लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का भी वितरण किया गया।

## सितु पंचायत सचिवालय परिसर में लगा आपकी सरकार, आपके द्वार शिविर

प्रभात मंत्र संवाददाता



**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के सितु पंचायत सचिवालय परिसर में शनिवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीएम गिरजा शंकर महतो, प्रमुख गुरूपद मार्डी,बीडीओ किकु महतो,सीओ व मुखिया लक्ष्मी देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में विकलांगों को बैशाखी, कान का मशीन, सखी मंडल के बीच 18 लाख का डेमो चेक, फूलो झानो आशीर्वाद योजना के तहत 40 हजार का डेमो चेक, आंगनबाड़ी के बच्चों को स्वेटर, धोती साड़ी, ट्राई साइकिल,जाब कार्ड, केसीसी ऋण वितरण सहित कई परिसम्पतियों का वितरण किया गया। आबुआ आवास योजना, पैंशन योजना, केसीसी ऋण, हाथी द्वारा फसल क्षति मुआवजा आदि का सैकड़ों आवेदन जमा कराया गया। मौके पर महिला पर्यवेक्षिका हिमाद्री, जया पांडे, सहकारिता पदाधिकारी राजकुमार रजक, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, कृषि पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## साल में दो बार रक्तदान अवश्य करें : अरुण

**आधुनिक पावर में 76 नायकों ने रक्तदान किया, कईयों ने पहली बार किया रक्तदान**

प्रभात मंत्र संवाददाता




**गम्हरिया :** रक्तदान को महादान कहा जाता है क्योंकि रक्तदाताओं के लिए भी रक्तदान लाभदायक होने के साथ-साथ जरूरतमंद के जीवन की भी रक्षा करता है। किसी भी व्यक्ति को साल में कम से कम दो बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए। उक्त बातें कंपनी के सीईओ अरुण कुमार मिश्रा ने आधुनिक पावर एंड नेचुरल रिसोर्सेज लिमिटेड, पदमपुर के रक्तदान शिविर के दौरान कहीं। शिविर का आयोजन आधुनिक पावर एंड नेचुरल रिसोर्सेज लिमिटेड कंपनी ने शनिवार को गैर सरकारी संस्था वोलेंटियर ब्लड डोनेशन एसोसिएशन व जमशेदपुर ब्लड बैंक के सहयोग से कंपनी परिसर स्थित स्वास्थ केंद्र में किया था। इस शिविर में कुल 76 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। इस शिविर में गांव के ग्रामीणों के अलावा आधुनिक पावर के कर्मचारियों व अधिकारियों ने अपना योगदान दिया। इस मौके पर आधुनिक पावर के सीएसआर विभाग के संजीत सिन्हा ने सभी आगंतुकों का सहृदय धन्यवाद ज्ञापन किया।

# हेमंत सरकार में हजारों महिलाओं को मिला सम्मान जनक जीवन जीने का रास्ता : चंपई सोरेन

**टीडीडीह पंचायत के शिविर में कुल 753 आवेदनों में 416 का हुआ त्वरित निष्पादन**

प्रभात मंत्र संवाददाता



**राजनगर :** राजनगर प्रखंड के टीडी पंचायत के गोपीनाथपुर में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के परिवहन आदिवासी कल्याण मंत्री चम्पई सोरेन शामिल हुए। वहीं विशिष्ट अतिथि के रुप मे सरायकेला जिला उपयुक्त रविशंकर शुक्ल ,अनुमंडल पदाधिकारी पारुल सिंह शामिल हुए । कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में कुल 21 विभाग के स्टॉल लगाए गए थे। शिविर में कुल 753 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमे से 416 का त्वरित निष्पादन किया गया।कार्यक्रम में मंत्री चम्पई सोरेन ने अपने सम्बोधन में झारखंड सरकार की उपलब्धियों को गिनवाया। उन्होंने कहा हमारा उद्देश्य है समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ मिले। कहा हेमंत सरकार की पहल से हजारों महिलाओं को सम्मान जनक जीवन जीने का रास्ता मिला। इस मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष, उपप्रमुख, जिला परिषद सदस्य अमोदिनी महतो, मालती देवगम, छायाकांत गोराई, नींबु प्रधान, लालू हांसदा, आप्त सचिव, गुरु पद महतो, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, समेत कई पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## आनंद मार्ग ने कुकडू में 100 परिवारों में बांटे कंबल, साड़ी व धोती



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल जमशेदपुर की ओर से शनिवार को पटमदा प्रखंड के कुकडू व सिसदा गांव में 100 आदिम जनजाति व आदिवासी परिवारों के बीच कंबल, धोती व साड़ी का वितरण किया। जानकारी देते हुए आचार्य मानवमित्रा आनंद अवधुत ने बताया कि कनकनी ठंड को देखते हुए पटमदा प्रखंड के कुकडू व सिसदा गांव में 100 आदिम जनजाती व आदिवासी परिवारों के बीच कंबल, धोती व साड़ी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में आचार्य मानवमित्रा आनंद अवधूत , भोला उर्फ प्रफुल्ल देव, योगेश कुमार एवं सुनील आनंद आदि उपस्थित थे।

## संपादकीय

# कनाडा में कठिनाई

**अलगाववादियों** का एक समूह कनाडा में लगातार भारतीयों की चिंता की बड़ी वजह बना हुआ है। वैंकूवर में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने एक शिविर का आयोजन किया था। इस शिविर में कनाडा में रह रहे अवकाश प्राप्त भारतीयों को जीवन प्रमाणपत्र दिया जा रहा था, मगर खालिस्तान समर्थक तत्वों ने इस शिविर के खिलाफ जो विरोध प्रदर्शन किया है, उसकी जितनी निंदा की जाए, कम होगी। भारत में शासकीय सेवाओं में रहे बहुत से लोग सेवानिवृत्त होने के बाद कनाडा में रह रहे हैं। जीवन प्रमाणपत्र हासिल करने के लिए उनका भारत आना आसान नहीं है, ऐसे में, भारतीय दूतावास शुरू से ही ऐसे शिविरों का आयोजन करता आया है, ताकि विदेश में रह रहे बुजुर्गों को किसी परेशानी का सामना न करना पड़े। खास बात यह है कि यह शिविर ब्रिटिश कोलंबिया के एबॉट्सफोर्ड में खालसा दीवान सोसायटी के गुरुद्वारे में आयोजित था। शिविर की सूचना जैसे ही फैली, वहां सिखों का एक समूह जुट गया और भारतीय दूतावास के अधिकारियों के लिए मुसीबत खड़ी हो गई। खैर, किसी तरह से वहां से दूतावास के अधिकारियों को पुलिस सुरक्षा में निकाल लिया गया, पर ऐसा कोई भी घटनाक्रम बहुत अफसोसनाक है। भारतीय दूतावास की ओर से पहले भी यह चिंता जताई गई थी कि प्रदर्शनकारी सामान्य कामकाज में भी बाधा पहुंचाने लगे हैं। यह ज्यादा चिंता की बात है कि कनाडा सरकार अलगाववादियों के प्रति जरूरत से ज्यादा उदार है। इसका नतीजा यह है कि खालिस्तान समर्थक तत्वों ने भविष्य में भी ऐसी गतिविधियों को बाधित करने की धमकी दी है। अलगाववादी समूह 'सिख फॉर जस्टिस' ने पूरे दुस्साहस के साथ कहा है कि जहां भी भारत के अधिकारी जाएंगे, खालिस्तान समर्थक तत्व उन्हें जवाबदेह ठहराने की कोशिश करेंगे। भारतीय अफसरों को घेरने की यह साजिश वास्तव में भारत के खिलाफ किया जा रहा एक गंभीर अपराध है। ऐसे दिग्भ्रमित भारत-शत्रुओं की पहचान करना जरूरी है, ताकि कनाडा सरकार पर कदम उठाने के लिए पर्याप्त दबाव बनाया जा सके। दरअसल, अलगाववादियों की यह कोशिश है कि भारतीय राजनयिकों का स्थानीय लोगों के साथ संपर्क टूट जाए। जब संपर्क टूट जाएगा, तब कनाडा में उनकी जमीन मजबूत हो जाएगी। अलगाववादियों की यह साजिश न सिर्फ मुर्खतापूर्ण, बल्कि इतिहास व वर्तमान के विरुद्ध है। आज दुनिया का शायद ही कोई ऐसा बड़ा देश है, जो भारत से न जुड़ा हो। जिस देश में भारतीय मूल के लाखों लोग रहते हों, वह देश भला भारत से संपर्क कैसे तोड़ सकता है? कुल मिलाकर, जिस तरह से नई दिल्ली पर दबाव बढ़ाया जा रहा है, उससे दिग्भ्रमित लोगों को कोई लाभ नहीं होगा। ये लोग भारत और इसके राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करके खुद के लिए ही मुसीबतें बढ़ा रहे हैं। अपने विरुद्ध ऐसी अलगाववादी और नफरती सोच को कोई भी देश स्वीकार नहीं कर सकता। अतः कनाडा को भी जमीनी सच्चाइयों की पृष्ठभूमि में तार्किक ढंग से सोचना चाहिए। अगर वहां की सरकार अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर भारत-विरोध को हवा देना चाहती है, तो हमें हरसंभव तरीके से अपना विरोध जताना चाहिए। यहां सवाल कनाडा की आंतरिक राजनीति का नहीं है, बल्कि भारत की संप्रभुता व सम्मान पर प्रहार का है। कनाडा में रह रहे भारतीयों को भी सजग रहना चाहिए। चंद अलगाववादी माहौल खराब करना चाहते हैं, तो स्वयं कनाडा सरकार को समय रहते यथोचित पहल करनी चाहिए।


भारत में शासकीय सेवाओं में रहे बहुत से लोग सेवानिवृत्त होने के बाद कनाडा में रह रहे हैं। जीवन प्रमाणपत्र हासिल करने के लिए उनका भारत आना आसान नहीं है, ऐसे में, भारतीय दूतावास शुरू से ही ऐसे शिविरों का आयोजन करता आया है, ताकि विदेश में रह रहे बुजुर्गों को किसी परेशानी का सामना न करना पड़े। खास बात यह है कि यह शिविर ब्रिटिश कोलंबिया के एबॉट्सफोर्ड में खालसा दीवान सोसायटी के गुरुद्वारे में आयोजित था। शिविर की सूचना जैसे ही फैली, वहां सिखों का एक समूह जुट गया और भारतीय दूतावास के अधिकारियों के लिए मुसीबत खड़ी हो गई। खैर, किसी तरह से वहां से दूतावास के अधिकारियों को पुलिस सुरक्षा में निकाल लिया गया, पर ऐसा कोई भी घटनाक्रम बहुत अफसोसनाक है। भारतीय दूतावास की ओर से पहले भी यह चिंता जताई गई थी कि प्रदर्शनकारी सामान्य कामकाज में भी बाधा पहुंचाने लगे हैं। यह ज्यादा चिंता की बात है कि कनाडा सरकार अलगाववादियों के प्रति जरूरत से ज्यादा उदार है। इसका नतीजा यह है कि खालिस्तान समर्थक तत्वों ने भविष्य में भी ऐसी गतिविधियों को बाधित करने की धमकी दी है। अलगाववादी समूह 'सिख फॉर जस्टिस' ने पूरे दुस्साहस के साथ कहा है कि जहां भी भारत के अधिकारी जाएंगे, खालिस्तान समर्थक तत्व उन्हें जवाबदेह ठहराने की कोशिश करेंगे। भारतीय अफसरों को घेरने की यह साजिश वास्तव में भारत के खिलाफ किया जा रहा एक गंभीर अपराध है। ऐसे दिग्भ्रमित भारत-शत्रुओं की पहचान करना जरूरी है, ताकि कनाडा सरकार पर कदम उठाने के लिए पर्याप्त दबाव बनाया जा सके। दरअसल, अलगाववादियों की यह कोशिश है कि भारतीय राजनयिकों का स्थानीय लोगों के साथ संपर्क टूट जाए।


## नीतीश वुमार ने कांग्रेस के नेताओं से इस बीच बातचीत करने की कोशिश नहीं की होगी

# विपक्षी गठबंधन में पूट के मायने

अवधेश वुमार


बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश वुमार द्वारा आईएनडीआईए गठबंधन की वर्तमान स्थिति पर व्यत्त की गई निराशा पर आर्य का कोई कारण नहीं है। आईएनडीआईए की मुंबई बैठक के बाद गतिविधियां पूरी तरह ठप्प है। यहां तक की गठबंधन को लेकर साथियों का कोई बयान भी नहीं आ रहा है। तस्वीर ऐसी है मानो मुंबई बैठक के बाद आईएनडीआईए को विश्राम की अवस्था में रख दिया गया है। नीतीश वुमार बिहार की राजधानी पटना में भारतीय कम्युनिस्ट पाटा की रैली में बोल रहे थे। सभी वामपंथी परटियां आईएनडीआईए के घटक हैं। उस रैली में इस विषय पर बात होनी ही चाहिए थी।


**आईएनडीआईए** की वर्तमान स्थिति से यह बात फिर प्रमाणित हुई है कि विचारधारा से ज्यादा निजी और दलीय हित ही आईएनडीआईए के पीछे मुख्य कारक थे और आगे भी होंगे जिसमें लंबे समय तक सत्ता से वंचित रहने तथा कानूनी एजेंसियों का भाई प्रमुख था। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश वुमार द्वारा आईएनडीआईए गठबंधन की वर्तमान स्थिति पर व्यत्त की गई निराशा पर आर्य का कोई कारण नहीं है। आईएनडीआईए की मुंबई बैठक के बाद गतिविधियां पूरी तरह ठप्प है। यहां तक की गठबंधन को लेकर साथियों का कोई बयान भी नहीं आ रहा है। तस्वीर ऐसी है मानो मुंबई बैठक के बाद आईएनडीआईए को विश्राम की अवस्था में रख दिया गया है। नीतीश वुमार बिहार की राजधानी पटना में भारतीय कम्युनिस्ट पाटा की रैली में बोल रहे थे। सभी वामपंथी परटियां आईएनडीआईए के घटक हैं। उस रैली में इस विषय पर बात होनी ही चाहिए थी। चूंकी नीतीश वुमार ने ही भाजपा के विरुद्ध विपक्षी गठबंधन की पहल की थी, इसलिए वहां उनके द्वारा इस विषय पर बोल जाना स्वाभाविक था। यह प्रश्न चारों ओर से उठ रहा है कि आखिर आईएनडीआईए का हुआ क्या? बिहार में विपक्ष से लेकर सोशल मीडिया पर नीतीश वुमार आईएनडीआईए को लेकर हास्य व्यंग्य के भी शिकार हो रहे हैं। उन्होंने यह कहते हुए अपनी पीड़ा व्यत्ति की कि कांग्रेस को अभी इससे कोई लेना-देना नहीं है। उनके अनुसार पांच राज्यों के चुनाव हो जाएं तो हम लोग फिर से कांग्रेस के पास इसके लिए जाएंगे। राजनीति में खासकर ऐसे मामलों में नेता जितना वुछ कहते हैं उससे ज्यादा जो वह नहीं बोलते हैं उनमें दिखता है। यह तो संभव नहीं कि नीतीश वुमार ने कांग्रेस के नेताओं से इस बीच बातचीत करने की कोशिश नहीं की होगी। आखिर बिहार में भाजपा से गठबंधन तोड़ने के बाद उनके लिए भविष्य की राजनीति का कोई एक सबसे बड़ा आधार हो सकता है तो वह विपक्षी गठबंधन। पटना में पहली बैठक आयोजित कर उन्होंने विपक्षी मोर्चाबंदी की नींव डालने का श्रेय भी प्राप्त किया। ऐसा लगता है कि कांग्रेस से उनको सकारात्मक या उत्साहजनक प्रत्युत्तर नहीं मिला है। वास्तव में मुंबई बैठक के बाद आईएनडीआईए की पहली रैली भोपाल में होने का बयान दिया गया था। अनेक नेताओं को उम्मीद थी कि एक चुनावी राज्य की राजधानी से विपक्षी एकजुटता का संदेश ज्यादा विश्वसनीय



निकलेगा। कितु यह तभी होता जब कम से कम तीन राज्यों मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में में भी आईएनडीआईए के घटक दलों के बीच वुछ सीटों का समझौता होता या फिर सभी आकर कांग्रेस के पक्ष में प्रचार करते। इसकी पहल कांग्रेस की ओर से ही होनी चाहिए थी। साफ है कि कांग्रेस ने ऐसा नहीं किया है। मध्यप्रदेश में सपा और कांग्रेस के बीच तनाव और एक दूसरे के विरुद्ध अशोभनीय वत्तव्यों के बाद आईएनडीआईए के घटक दलों के आपसी संबंधों को लेकर अलग से वुछ कहने की आवश्यकता नहीं रह जाती। सपा प्रमुख अखिलेश यादव की मानें तो कांग्रेस ने उन्हें छह सीट का वचन दिया था और वरिष्ठ नेताज दिग्विजय सिह से उनकी बात हुई थी। प्रदेश के उनके नेता कांग्रेस नेताओं के साथ बैठक में भी गए, पर उन्हें महत्व नहीं दिया गया। इसके बाद सपा ने अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी। कई बार गठबंधन के दल भी एक दूसरे के विरुद्ध चुनाव लड़ते हैं कितु 2024 अगर आईएनडीआईए के लिए करो या मरो का प्रश्न है तो विधानसभा चुनाव में कम से कम वचन और व्यवहार में उसकी झलक मिलनी चाहिए थी। कांग्रेस अगर सपा को 6 सीट दे देती तो उसे चुनाव परिणाम पर बहुत ज्यादा अंतर नहीं आता, बल्कि आईएनडीआईए के ज्यादा सशत्त होने का संदेश जाता। नहीं भी दिया तो कम से कम वरिष्ठ नेताओं को अखिलेश यादव से बात करनी चाहिए थी। इसकी जगह कमलनाथ ने कह दिया अरे छोड़ो अखिलेश वखलेश को। उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय ने अखिलेश यादव के विरुद्ध बोला तो अखिलेश यादव ने कह दिया कि कांग्रेस चिरकुट नेताओं से बयान न दिलवाए। आम आदमी पाटा तो मैदान में उतरकर भाजपा के साथ कांग्रेस को भी निशाना बना रही है। इससे आईएनडीआईए को लेकर आम जनता के बीच क्या संदेश जा रहा होगा इसकी आसानी से कल्पना की जा सकती है। ध्यान रखिए, मध्यप्रदेश में नीतीश वुमार की जनता दल यूनाइटेड भी चुनाव मैदान में उतर गई है। तो नीतीश वुमार भले अखिलेश यादव की तरह कांग्रेस के विरुद्ध गुस्सा व्यत्त न करें कितु अंदर से उनकी स्थिति भी वैसी ही होगी। ऐसा नहीं है कि कांग्रेस से अनजाने में वुछ हुआ है। कांग्रेस अपनी योजना और रणनीति के तहत ही सब वुछ कर रही है। कांग्रेस का मानना है कि इन तीन राज्यों में अगर पाटा ने अच्छा प्रदर्शन किया तो ही आईएनडीआईए में उसकी हैसियत अपनी शर्तो पर गठबंधन करने की होगी और तभी नेतृत्व की भी दावेदारी कर सकती है। इसलिए इस समय उसकी प्राथमिकता में आईएनडीआईए है ही नहीं। वर्तमान कांग्रेस नेतृत्व के रणनीतिकारों का मानना है कि भारत जोड़ो यात्रा तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा एवं संघ के विरुद्ध सीधा आामक रवैया अपनाने के कारण राहुल गांधी की लोकप्रियता काफी बढ़ी है। हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक विधानसभा चुनाव में विजय के बाद भारतीय राजनीति एवं अपनी पाटा के बारे में कांग्रेस का आकलन वही नहीं है जो दूसरे दलों या अनेक राजनीतिक विश्लेषकों का है। सोनिया गांधी परिवार के तीनों सदस्य मान रहे हैं कि नरेंद्र मोदी सरकार तथा भाजपा के विरुद्ध जनता में व्यापक असंतोष है और कांग्रेस को उनका समर्थन मिल सकता है। इस सोच में गैर भाजपा दलों के साथ भी कांग्रेस का व्यवहार बदल रहा है। तत्काल कांग्रेस का निष्कर्ष यही लगता है कि विपक्षी मोर्चाबंदी में कांग्रेस की हैसियत 2014 या 2019 के लोकसभा चुनाव प्रदर्शन के आधार पर निाति नहीं होगी। इसकी जगह कांग्रेस के आकलन के अनुसार देशव्यापी लोकप्रियता में उभार के आधार पर कांग्रेस की भूमिका तय होगी। विपक्ष की पटना बैठक के साथ कांग्रेस के बड़े दल की भूमिका दिखने लगी थी। बेंगलुरु में वह हावी होने के स्तर पर थी तथा मुंबई में ऐसा वातावरण बना मानो कांग्रेस ही इसकी मुख्य कर्ताधर्ता और नेतृत्वकर्ता हो। चूंकि ज्यादातर दलों के समक्ष राष्ट्रीय राजनीति या संसदीय व्यवस्था में अपना अस्तित्व बचाने और बनाने का प्रश्न है इसलिए किसी ने सार्वजनिक बयान नहीं दिया। ज्यादातर दलों को लगता था कि दो बार लोकसभा चुनाव में बुरी तरह हारने के बाद कांग्रेस के अंदर स्वयं को समायोजित करने का भाव ज्यादा गहरा होगा। व्यवहार से ऐसा दिख नहीं। अखिलेश यादव का गुस्सा या नीतीश वुमार की पीड़ा इसी की अभिव्यक्ति है।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** प्रखंड के बरियातू पंचायत के जेएसएलपीएस कार्यालय मैदान बरडीहा में झारखंड सरकार की महत्वकांक्षी कार्यक्रम ÷आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी, प्रमुख गीता देवी, उपप्रमुख विजय ओझा, बीस सुत्री अध्यक्ष रामविनय महतो, प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार सांडिल्य, अंचलाधिकारी समरेश प्रसाद भंडारी, गोला(मध्य) जिला पार्षद जलेश्वर महतो एवं स्थानीय मुखिया राजकुमार साव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक ममता देवी ने शिविर में उपस्थित लाभुकों से अपील की कि वे सरकार द्वारा चलाये जा रहे कल्याणकारी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठायें। इस दौरान कूप निर्माण प्रमाण पत्र, आवास प्रमाण पत्र, विद्यालय के छात्र/छात्राओं को माध्यमिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले के बीच प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। विधायक के द्वारा कई पमाण पत्रों का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रखंड के विभिन्न विभागीय कर्मचारियों द्वारा स्टॉल लगा कर फॉर्म जमा लिया जा रहा था। जैसे प्रधानमंत्री आवास, अम्बेडकर आवास,अबुआ आवास योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, बिरसा कूप योजना, कृषि योजना, पशुपालन योजना, बैंक ऋण योजना, केसीसी योजना में भूमि दाखिल खारिज, जाति प्रमाण पत्र, वन पट्टा, गुरु जी क्रेडिट कार्ड, विभागीय पदाधिकारियों ने मनरेगा योजना आदि योजनाओं आवेदन एवं फार्म जमा लिया। कार्यक्रम में बताया गया कि सरकार द्वारा बिभिन्न योजनाओं को गाँव से पंचायत पहुँचाने काम किया जा रहा है ताकि सभी को समूचित लाभ मिल सके। लोगों से अपील की गई कि इस शिविर के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा योजनाओं का लाभ लिया जाय। इस शिविर में सभी प्राप्त आवेदनों को यथासंभव हो सके तो शिविर में हीं निष्पादित करने का प्रयास किया जा रहा है, वहीं जिन आवेदनों को तत्काल रुप से निष्पादन करना संभव नहीं है उनकी नियमित रूप से मॉनिटरिंग करके उन आवेदनों का निष्पादन सुनिश्चित किया जायेगा। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी विजय कुमार, प्रधान सहायक अजीत कुमार, नाजिर राजदीप कुमार , प्रधानमंत्री आवास समन्वयक अजय कुमार,15 वें वित्त आयोग समन्वयक अशोक कुमार,कम्प्यूटर ऑपरेटर शफी अनवर उर्फ राजू,अनीश अनवर, शाहीन प्रवीण, गोपी पोद्दार, खुलेश्वर महतो (राजू) आधार ऑपरेटर मरगूब अंसारी, विष्णु महली, आदि थे।



## ग्रामीण व मजदूरों की समस्यायों को लेकर राकोमयू ने उरीमारी प्रबंधन के साथ की वार्ता

प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** उरीमारी परियोजना के पोंटगा वर्कशॉप में ग्रामीण एवं मजदूरों की विभिन्न समस्याओ को लेकर राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने उरीमारी प्रबंधन के साथ वार्ता की।वहीं इस वार्ता में प्रबंधन का ध्यान आकृष्ट करते हुए राजू यादव ने विभिन्न समस्याओ को उनके समक्ष रखा। जिसमे बताया कि उरीमारी हेसाबेडा में सिगू मांझी के घर के समीप लगे समरसेबुल को अभी तक बनाया नहीं गया है।वही समरसेबुल मशीन खराब होने से ग्रामीणों को पेयजल आपूर्ति नहीं हो पा रही है। पोंटगा वर्कशॉप से पोटंगा बेस वर्कशॉप तक सड़क नहीं है इसे जल्द बनाया जाए।पोटंगा वर्कशॉप में मजदूरों के लिए विश्रामगृह का जल्द निमार्ण कराया जाए। मजदूरों को साफ पानी पीने की सुविधा बहाल की जाए जिससे मजदूर कम बीमार पड़े। वहीं मजदूरों के लिए शौचालय नहीं है इसे जल्द बनाया जाए। मजदूरों को काम करने के लिए जुता, पानी पीने का थर्मस, सेफ्टी बेल्ट, तौलिया, हेंड ग्लब्स दिया जाए एवं डोजर आपरेटर,शावेल आपरेटर,डम्फर आपरेटर के मजदुरो को प्रमोशन दिया जाए। वहीं इन सभी समस्याओ पर उरीमारी परियोजना प्रबंधक मैनेजर बिजय सिंह व खान प्रबंधक प्रदीप गुप्ता ने कहा कि मजदूरों व ग्रामीणो की समस्या का जल्द समाधान किया जायेगा। जिसकी सारी जवाबदेही प्रबंधक की होगी।वहीं इस मौके पर सीताराम किस्कू,डा जीआर भगत, विश्वनाथ मांझी, बाल्मिकी यादव, अली हसन खान, सतेन्द्र राम, विश्राम सोरेन, गोपाल टुडू, मनाराम मांझी,नाथू प्रसाद, सत्यनारायण,बाल गोविन्द, कृष्णा कुमार,अमर राजभर,टिपी सिंह,मोती मांझी, सुरेश मांझी,मोहन बेदिया,राज कुमार, उपेन्द्र दुबे,दीपक कुमार यादव,सुरज,एस डी सिंह,ओम प्रकाश यादव, राधेश्याम बैठा, कमलेश यादव आदि लोग मौजूद थे।

## रामगढ़ नगर एवं प्रखंड कांग्रेस कमेटी के समन्वय समिति की बैठक हुई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिला रामगढ़ प्रखंड एवं नगर कमेटी के द्वारा रामगढ़ जिले अंतर्गत साहू धर्मशाला में समन्वय समिति की बैठक रखी गई । इस बैठक में रामगढ़ नगर एवं प्रखंड के द्वारा कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए इस बैठक की अध्यक्षता रामगढ़ नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बलराम साहू के द्वारा की गई एवं इसमें मुख्य रूप से उपस्थित झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर जी रामगढ़ प्रखंड के कांग्रेस पार्टी के प्रभारी नरेश वर्मा जी प्रदेश सचिव क संतान प्रदेश महासचिव बलजीत सिंह बेदी रामगढ़ जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान रामगढ़ ग्रामीण अध्यक्ष दिगंबर गुप्ता एवं काफी संख्या में प्रदेश के पदाधिकारी का उपस्थित हुए इस संबंध में समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि किस तरीके से आगामी लोकसभा को देखते हुए बोथ स्तर पर कांग्रेस पार्टी मजबूत हो एवं हमारी झारखंड सरकार के द्वारा किए गए कार्यों जन-जन तक पहुंचाने का काम बुद्ध कमेटी से लेकर प्रखंड कमेटी जिला कमेटी स्टार के पदाधिकारी को दायित्व है कि उसे जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें एवं जन समस्याओं को ज्यादा से ज्यादा निष्पादन करने का काम प्रखंड कमेटी एवं संबंध में समिति के लोगों के द्वारा की जाए इसमें यह निर्णय लिया गया कि आगामी लोकसभा में एक सही प्रत्याशी कांग्रेस पार्टी के द्वारा हजारीबाग लोकसभा में दिया जाए जो की जन्म का नेता हो जन समस्याओं को लेकर हमेशा क्षेत्र में बना रहता हो जन समस्याओं को लेकर लोगों के बीच में हमेशा खड़ा रहता हो जिनकी लोकप्रियता हजारीबाग लोकसभा में हो ।

## सीसीएल के 49वें स्थापना दिवस समारोह में बरकासयाल एरिया सम्मानित हुआ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** रांची दरभंगा हाउस स्थित सीसीएल मुख्यालय में शनिवार को सीसीएल का 49वा स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया एवं बेहतर प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। जिसमें सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र के अधिकारी भी शामिल हुए। वहीं बता दें कि इस बार बरका सयाल क्षेत्र को कुल सात प्राइज मिले हैं जिनमें स्पेशल अचीवमेंट अवार्ड सुखदेव महतो उरीमारी परियोजना और स्पेशल अचीवमेंट अवार्ड सुरेश प्रसाद साव बिरसा प्रोजेक्ट को मिला। वही सीसीएल में तीसरा स्थान बेस्ट पेलोडर ऑपरेटर बैजनाथ सिंह को मिला एंव बिजिआर में दो बेस्ट सरफेस माइनर ऑपरेटर व बेस्ट टिप्पर ऑपरेटर को दिया गया वहीं सेकंड बेस्ट कैपेसिटी यूटिलाइजेशन बरका सयाल एरिया को बेस्ट कैपेसिटी यूटिलाइजेशन सबल मशीन का मिला तो कैपेसिटी यूटिलाइजेशन उरीमारी प्रोजेक्ट दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। वहीं उरीमारी परियोजना पदाधिकारी दिलीप कुमार व बिरसा परियोजना मैनेजर रामेश्वर मुंडा को सीएमडी डा बी बीरा रेड्डी, टेक्निकल आपरेशन डायरेक्टर आर बी प्रसाद के हाथों सम्मानित किया गया। वहीं इस मौके पर प्राइज लेने वालो में बरकासयाल अमला अधिकारी उत्खनन कुमार रामभवन, अजय मेहता उरीमारी परियोजना, मैनेजर पीके सेन गुप्ता, परियोजना अभियंता उत्खनन गौतम कुमार,सिकंदर कुमार, भक्त राम सरदार,सुहृद सरकार, गणेश राम, बैजनाथ सिंह, सुखदेव महतो, सुरेश प्रसाद साव इत्यादि दर्जनों लोगों को पुरस्कृत किया गया

## डीएवी उरीमारी में एकता और सद्भाव दिवस धूमधाम से मनाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** उरीमारी के दयानंद एंग्लोवैदिक पब्लिक स्कूल में शनिवार को एकता व सद्भाव पर बहु सांस्कृतिक समाज में सहिष्णुता, सह अस्तित्व एवं भाईचारे के मूल्य की सदियों पुरानी परंपराओं को मजबूत करने के उद्देश्य से एकता एवं सांप्रदायिक सद्भाव दिवस के रूप में मनाया गया।वही सामुदायिक सद्भाव अभियान के तहत राष्ट्रीय एकता और भाईचारा को बढ़वा देने के उद्देश्य से डीएवी उरीमारी मे इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करती रहती हैं। राष्ट्रीय एकता का मूल मंत्र है शांति और भाईचारा। राष्ट्रीय एकता और सद्भाव को बढ़वा देने के लिए विद्यालय में कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिनमें बच्चों के बीच भाषण प्रतियोगिता, विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों के बीच चित्रांकन प्रतियोगिता तथा आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों की सहायता के लिए बच्चों द्वारा बढ़-चढ़कर आर्थिक सहयोग शामिल है। वहीं इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य उत्तम कुमार राय ने कहा कि देश में विविधता में एकता दर्शाने के उद्देश्य से बच्चों द्वारा उत्साह के साथ किया गया आयोजन सराहनीय है। उन्होंने बच्चों को धर्म, भाषा और क्षेत्र की सीमा से ऊपर उठकर आपसी सहयोग से एक दूसरे को गले लगाने की बात कही। वहीं उन्होंने राष्ट्रीय एकता और सद्भाव में अपनी महती भूमिका निभाने के लिए सरदार पटेल को याद किया तथा उनके विचारों पर अमल करने व उनके बताए मार्ग पर चलने की बात कही। वही कार्यक्रम को सफल बनाने में वरिष्ठ शिक्षक डी के मंडल , एच एच पाढी,राहुल कुमार सिंह सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## आर बी हाई स्कूल मामले में बाबूलाल मरांडी की प्रतिक्रिया न्याय उचित नहीं : जोया परवीन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ कांग्रेस अल्पसंख्यक कमिटी के ज़िला अध्यक्ष ज़ोया परवीन ने फ़ॉरलेन स्थित निर्मला होटल में प्रेस कॉन्फ़्रेंस कर कहा आर बी हाई स्कूल चितरपुर की घटना निंदनीय है परंतु एक सुनियोजित तरीक़े से एक षड्यंत्र के तहत महागठबंधन हेमंत सरकार को बदनाम करने के लिए भारतीये जनता पार्टी एवं उनके सहयोगी दलों द्वारा योजनाबुध तरीक़े से स्कूली के छात्र छात्राओं को मोहरा बना कर माहोल को बिगड़ने का प्रयास किया जा रहा है चितरपुर प्रखंड भाईचारे के मामले में कई मिसालें बना चुका है इस लिये भाजपा और उनके सहयोगी दल क्षेत्र में अशांति फैलाने का काम ना करें विद्यालय सिक्षा का मंदिर है वहाँ राजनीति करना कहीं से भी उचित नहीं है स्कूली बच्चे देश के भविष्य हैं इनके सात राजनीति नहीं किया जाना चाहिए वहीं आगे ज़िला अध्यक्ष ज़ोया परवीन ने कहा आर बी हाई स्कूली मामले में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मारंडी की प्रतिक्रिया देना की छात्रों द्वारा छेड़ छाड़ एवं पथराव किया गया है और पूरे मामले में राजनीतिक रूप देना एवं क्षेत्र में सांप्रदायिक माहोल को पैदा करना कहीं से भी स्कूली शिक्षा से जुड़े मामले में उचित नहीं यह सिर्फ़ सरकार को बदनाम करने का योजनाबुध तरीक़े से षड्यंत्र कर बाबूलाल मरांडी एवं उनके सहयोगी नेताओं द्वारा क्षेत्र में शांति भंग करने काम किया जा रहा है ।



## सांसद प्रतिनिधि मंडल ने रजरप्पा मामले को लेकर रामगढ़ एसपी से की मुलाकात

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिले के चितरपुर प्रखंड के अंतर्गत रजरप्पा स्थित +उवि के छात्र छात्राओं के साथ हुई छेड़छाड़ व मारपीट हुई घटना के संदर्भ में सांसद सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा के निर्देश पर एक प्रतिनिधि मंडल रामगढ़ जिले के पुलिस अधीक्षक पियूष पांडेय मुलाकात कर दोषियों को चिन्हित कर उस पर कठोर कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस अधीक्षक ने भी आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से लोकसभा सांसद प्रतिनिधि नारायण चंद्र भौमिक, प्रकाश मिश्रा , जिला खनिज मद के प्रतिनिधि सुमन सिंह, जिला महामंत्री छोटन सिंह व पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी मुख्य रूप से थे।

## कुछ अलग

# जरूरी हैं पर्यावरणीय मूल्य, सम्मान देकर ही हासिल होगी प्राकृतिक संपदा

**जलवायु** संकट की वजह से ही हम, मनुष्य द्वारा प्रकृति के साथ किए जा रहे खिलवाड़ पर गौर करने के लिए मजबूर हुए हैं। हालांकि, भारत की पर्यावरणीय समस्याओं के लिए महज ग्लोबल वार्मिंग को जिम्मेवार मान लेना बिल्कुल गलत होगा। उत्तर भारतीय शहरों में तेजी से बढ़ता वायु प्रदूषण, अनियोजित सड़कों व बांधों की वजह से हिमालय क्षेत्र में मची तबाही, भूजल का ज्यादा उपयोग, मिट्टी में रसायनों का बढ़ता असर, जैव विविधता की हानि, ये सभी कारक जलवायु परिवर्तन को बढ़ावा दे रहे हैं। पर्यावरण से जुड़ी समस्याओं पर दर्जनों किताबें प्रकाशित हुई हैं। लेकिन, यह आलेख एक ऐसी किताब पर फोकस करता है, जो करीब 50 वर्ष से भी ज्यादा पहले प्रकाशित हुई थी। अपेक्षाकृत कम चर्चित रही यह पुस्तक अपने वक्त में तो खैर प्रासंगिक थी ही, यह आज पहले से कहीं ज्यादा प्रासंगिक बन गई है। किताब का नाम है : मैन एंड नेचर : द स्पिरिचुअल क्राइसिस ऑफ मॉडर्न मैन, जिसे उस वक्त तेहरान विश्वविद्यालय के दर्शन शास्त्र के प्रोफेसर रहे सैय्यद हुसैन नस्र ने लिखा था। अब नब्बे वर्ष के हो चुके नस्र ने एक असामान्य, दिलचस्प और बेहद उत्पादक जिंदगी जी। ईरान में विद्वानों व लेखकों के एक परिवार में जन्मे नस्र ने 1958 में अपने वतन लौटने पहले मेसाच्युसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी और हार्वर्ड में शिक्षा प्राप्त की। पश्चिम से मिल रहे बेहतरीन नौकरियों के कई प्रस्तावों को ठुकराते हुए उन्होंने तेहरान में पढ़ाने और आने वाली पीढ़ियों का मार्गदर्शन करने का फैसला किया। वह फ्रेंच और अरबी भाषाओं में लिखते रहे हैं। हालांकि, 1979 की ईरानी क्रांति के बाद उन्हें अपनी मातृभूमि छोड़कर भागना पड़ा, क्योंकि अयातुल्ला खुमैनी के ईरान में स्वतंत्र विचारों के लिए कोई जगह नहीं थी। उसके बाद से नस्र अमेरिका के विश्वविद्यालयों में पढ़ाने के साथ बौद्धिक इतिहास और तुलनात्मक धर्म के क्षेत्र में लिखना व प्रकाशित होना जारी रखा है। अपनी पुस्तक मैन एंड नेचर की शुरुआत में नस्र टिप्पणी करते हैं कि पश्चिम में पर्यावरण के दुरुपयोग को लेकर जागरूकता बढ़ रही थी। वहां लोग प्रकृति पर विजय पाने के विचार से मनुष्य और प्रकृति में पैदा हुए असंतुलन से उपजी समस्याओं को दूर करना चाहते थे। वह लिखते हैं कि कुछ लोग सच्चाई का सामना करना चाहते हैं कि समाज में शांति के लिए जरूरी है कि प्रकृति और मनुष्य का रिश्ता युद्ध और आक्रामकता पर आधारित न हो। इस पुस्तक में नस्र ने भले ही पश्चिम और खासकर अमेरिका को संबोधित किया हो, लेकिन विकास की नीतियों में इन्हीं देशों के नक्शे-कदम पर चल रहे भारत और चीन के लिए भी इसमें लिखी बातें महत्वपूर्ण हैं। प्रोफेसर नस्र का तर्क है कि समस्या की जड़ आधुनिक मनुष्य के विचारों में है, जिसके तहत वह खुद को प्रकृति पर पूर्ण अधिकार, मनचाहे उपयोग या दुरुपयोग और उसे अपने अधीन मानने की सर्वोच्च शक्ति देता है।

# भाड़ा वृद्धि की मांग को लेकर हाईवा ओनर एसोसिएशन ने किया चक्का जाम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** लातेहार हाईवा ऑनर एशोशिएसन ने शनिवार को बालूमाथ हाई स्कूल के समीप तुबैद से कुसमाही चलने वाले सभी हाईवा को रोककर चक्का जाम कर दिया। और अनिश्चितकालीन धरना पर बैठ गए। चक्का जाम की सूचना पाकर लातेहार विधायक बैजनाथ राम,झामुमो जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव लातेहार एसडीओ मोहम्मद परवेज बालूमाथ अंचलाधिकारी तृप्ति विजय कुजूर, थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार महतो एवं मां अंबे कंपनी के लाइनर बलराम पांडे,कर्मी धनंजय सिंह समेत कई लोग पहुंचे व वार्ता किया ।बैठक में हाईवा ओनर एसोसिएशन ने अपनी मांग रखते हुए कहा कि तुवैद से कुशमाही तक चलने वाला हाईवा में लोकल लोगो को परिवहन नहीं करा कर कंपनी बाहर के हाईवा से अपना काम कर रही है। और जो भाड़ा निर्धारण किया गया है उसे हाईवा ऑनर का किश्ती तक नहीं निकल पा रहा है ।इसलिए स्थानीय हाईवा को प्राथमिकता देते हुए भाड़ा वृद्धि किया जाए जिस पर कंपनी के बलराम पांडे ने कहा कि कंपनी द्वारा निर्धारित की गई है वह भाड़ा से अधिक हम लोग भुगतान नहीं कर पाएंगे। बाद में झामुमो जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव ने दूरभाष पर कंपनी के जीएम सुमित चटर्जी एवं अन्य पदाधिकारी से वार्ता बात की। कंपनी के पदाधिकारी के आश्वासन के बाद यह तय किया गया कि आगामी 4 दिसंबर को पुनः एक बार बैठक रखी जाएगी और उसी दिन स्थानीय हाईवा को प्राथमिकता एवं भाड़ा वृद्धि समेत सभी बिंदुओं पर वार्ता होगी। वहीं बैठक को संबोधित करते हुए लातेहार विधायक बैजनाथ राम ने कहा कि झारखंड सरकार का यह सोच है कि स्थानीय को हर क्षेत्र में 75 प्रतिशत प्राथमिकता दी जाए वही कंपनी द्वारा यहां के लोगों के साथ छलावा कर रही है। ऐसा किसी भी कीमत पर नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि अगर अगले वार्ता में सकारात्मक निर्णय नहीं निकलता है तो हाईवा ऑनर के आंदोलन में मैं स्वयं साथ रहूंगा। एवं चरणबद्ध आंदोलन करूंगा। इस मौके पर एशोशिएसन सचिव मो0शाहनवाज, देवपाल कुमार, ललन सिंह, गोपाल सिंह, मो0दानिश, मो0 मुजम्मिल हुसैन, राकेश कुमार साहू, चंद्रदीप साहू, प्रकाश सिन्हा, अंकित पांडे, विकास यादव, दिनेश कुमार, हरदयाल यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।

## लातेहार में आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत वार्ड न. 01 और 02 का करकट में किया गया। जिसका शुभारंभ विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को अधिक से अधिक लोगों को लाभ देना है। जहां सरकारी योजनाओं सहित कई विभागों का स्टॉल लगाया गया है। आप सभी ग्रामीण अपना आवेदन जमा कर अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ उठाएं उक्त बातें विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार ने अपने सम्बोधन में कहीं। मौके पर कार्यक्रम के नगर पंचायत के नोडल पदाधिकारी मोहनलाल मरांडी, डीआरडए डायरेक्ट प्रभात रंजन, प्रशासक राजीव रंजन, निवर्तमान अध्यक्ष सीतामणि तिर्की, उपाध्यक्ष नवीन कु. सिन्हा, सांसद प्रतिनिधि विवेक चंद्रवंशी, विशाल कुमार, वीरेंद्र पाठक, चन्दन कुमार समेत हजारो लोग कार्यक्रम में मौजूद थे।

## नव चयनित मुखिया संघ के पदाधिकारी एवं मुखियाओं ने बीडीओ को शॉल और बुके देकर किया सम्मानित



**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड कार्यालय में नव चयनित मुखिया संघ के अध्यक्ष सुधीर सिंह, उपाध्यक्ष पुरण राम, सचिव शकुंतला देवी, उप सचिव उमेश राम, कोषाअध्यक्ष नितेश कुमार सिंह, संरक्षक मनोरंजन सिंह, कविता कुमारी, इफ्तेशाम प्रवीण, चंदा देवी, सुनीता देवी, प्रिया देवी वीणा देवी ने संयुक्त रूप से प्रखण्ड पदाधिकारी नीतू सिंह को बुक्के और शॉल देकर सम्मानित किया। वहीं बीडीओ नीतू सिंह ने चयनित मुखिया पदाधिकारी एवं मुखियाओं को मिठाई खिला कर मुँह मिट्ठा कराया। कहा कि चयनित संघ के पदाधिकारी अपने कार्य दायित्वों के प्रति सजग रहें बखूबी अपने कार्यो को निर्वाहन करें यही कामना है।

## पूर्व मुखिया संघ के अध्यक्ष विनोद महतो ने नव चयनित संघ का किया विरोध



**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के पुंडरा पंचायत के मुखिया सह पूर्व मुखिया संघ के अध्यक्ष बिनोद महतो ने नव चयनित मुखिया संघ का विरोध जताया है। विरोध जताते हुए कहा है कि प्रखण्ड में 17 पंचायत है जबकि सभी मुखिया उक्त बैठक में नहीं पहुंचे और गुप् चुप तरीके से पुनर्गठन कर लिया गया है। जो नियम के विरुध्द है। बैठक की जानकारी तमाम मुखिया को नहीं दी गयी है। वहीं किस कारण मुझे अध्यक्ष पद से हटा कर पुर्नगठन किया गया इसकी भी जानकारी पूर्व में नहीं देकर पुनः गठन कर लिया गया है। पुनः गठन के पीछे बीडीओ नीतू सिंह का जालसाजी है। चुकी बीडीओ नीतू सिंह नहीं चाहती है कि तेज तरार संघ के अध्यक्ष बना रहे। मनमानी करने में कठिनाई होती थी। मैं मनमानी नहीं करने देता था। जिसके कारण बीडीओ नीतू सिंह ने पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर पुनः संघ का गठन करवाई है जो अनैतिक है। मैं इसका खुल कर विरोध करता हूँ।

## सुधीर सिंह बने मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष, उपाध्यक्ष पूरण राम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड मुख्यालय के बन्हे पंचायत के मुखिया सुधीर सिंह को प्रखंड मुखिया संघ का अध्यक्ष बनाया गया है। मुखिया संघ का यह पुनर्गठन शनिवार को सिमरिया किसान भवन में आयोजित मुखिया संघ की बैठक में किया गया है। जबकि बैठक की अध्यक्षता पूरण राम ने किया। बैठक में पूर्व कमेटी को भंग करते हुए नई कमेटी का पुनर गठन किया गय है। जिसमें हुरनाली पंचायत के मुखिया पुरण राम को उपाध्यक्ष, एदला पंचायत की मुखिया शकुंतला देवी को सचिव, पीरी पंचायत के मुखिया उमेश राम को उप सचिव, पगार पंचायत के मुखिया नितीश कुमार सिंह उर्फ सिक्कू को कोषाध्यक्ष और जिरुआखुर्द के मुखिया मनोरंजन सिंह को संरक्षक बनाया गया है। बैठक में सभी नव चयनित पदाधिकारी को माला पहनकर स्वागत किया गया तथा कमेटी के सशक्त संचालन की कामना की गई। नव चयनित मुखिया संघ के अध्यक्ष सुधीर सिंह ने कहा मुझे अध्यक्ष का पदभार सौपा गया है। इसके लिए सभी को आभार प्रकट करता हूँ साथ हीं सभी मुखियाओं द्वारा जो मुझे अध्यक्ष पद का कार्य दायित्व मुझे सौपा है मैं उसे बखूबी निर्वाहन करने का अथक प्रयासरत हूँ। सभी को मान सम्मान देते हुए हर सम्भव हर समय मौजूद रहूँगा। मौजूद मुखियाओं ने संघ के चयनित पदाधिकारियों को माला पहना कर स्वागत किया। मौके पर इचाक मुखिया कविता कुमारी, सेरन दाग मुखिया इफ्तेशाम प्रवीण, बगरा मुखिया चंदा देवी, कसारी मुखिया सुनीता देवी, चौपे मुखिया प्रिया देवी, जांगी मुखिया वीणा देवी के अलावे मुखिया पति सुरेश प्रसाद, इंद्रदेव पासवान के अलावे अन्य लोग शामिल थे।

## एकीकृत पारा शिक्षक संघ की पुरानी कमेटी को भंग कर नयी कमेटी का गठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** शुक्रवार को प्रखंड के आकलन सफल और प्रशिक्षित सहायक अध्यापकों का उत्क्रमित विद्यालय गढवाटांड परिसर में महबूब आलम की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया, जिसमें सर्वसम्मति से पुरानी एकीकृत संघ के कमेटी को भंग करते हुए नए संगठन की कमेटी आकलन सफल एवं प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ का निर्माण किया गया7 वहीं बैठक का संचालन मोहम्मद शकील खान ने किया। इस दौरान पुरानी कमेटी द्वारा सर्टिफिकेट वेरीफिकेशन एवं अन्य खर्चो का आय व्यय भी प्रस्तुत किया गया। जहां बैठक में निष्पक्ष एवं पारदर्शिता पूर्ण तरीके से निर्णय लेते हुए संघ के प्रखंड अध्यक्ष के रूप में मोहम्मद शकील खान सचिव-संजीव कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह संयोजक विजय यादव उपाध्यक्ष सुषमा मिंज, आलोक कुमार उप सचिव- मोहम्मद नौशाद अंसारी कोषाध्यक्ष अनुज कुमार सिन्हा उपकोषध्यक्ष डिलेश कुमार यादव मीडिया प्रभारी-अजीत कुमार सिन्हा उर्फ गुड्डू सिन्हा, वहीं प्रवक्ता दिलीप तिवारी को उपरोक्त पदों पर सर्वसम्मति शांतिपूर्ण तरीके से चयन किया गया। नयी कमेटी गठन के बाद सहायक अध्यापकों द्वारा सरकार के उदासीन रवैया के प्रति आक्रोश प्रकट किया गया और यह भी कहा गया कि अगर वह सहायक अध्यापकों का मूल मांग वेतनमान सरकार द्वारा नहीं दी जाती है तो वह बाध्य होकर आगामी 29 दिसंबर को राज्य सरकार स्थापना दिवस के दिन आंदोलन करने पर विवस होंगे। मौके पर अन्य शिक्षक व शिक्षिका मौजूद रहे।

## डायन बिसाही व मारपीट को लेकर मामला हुआ दर्ज तीन अभियुक्त भेजे गए जेल

**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना के अंतर्गत तिलैया गांव से डायन बिसाही कहकर मारपीट कर सहदेव गंझू एवं उनकी पत्नी को गांव के ही कुछ लोगों द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा था। जिसे लेकर सहदेव गंझू ने लिखित आवेदन देकर गिद्धौर थाना कांड संख्या 82/23 के तहत प्राथमिकी दर्ज करवाया है। जिसमें धारा 341/323/307/ 34 भाज़दज़्वीज़ एवं 3/4 डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम 2001 के अंतर्गत प्राथमिकी में तीन अभियुक्त का नाम दर्ज है। जिसकी तत्वरित अनुसंधान एवं छापामारी करते हुए गुलाम सरवर के नेतृत्व में तीनों लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। जिसका नाम केदार गंझू उम्र 55 वर्ष फौदारी गंझू उम्र 50 वर्ष कैलू गंझु उम्र 60 वर्ष तीनों के पिता स्व जगेश्वर गंझू ग्राम तिलैया थाना गिद्धौर जिला चतरा के स्थानीय निवासी है। छापमारी टीम में पु•अ• निज़्जैरा बाखला रंजय कुमार सिंह एवं थाना के सशस्त्र बल सम्मिलित थे।

## जंगली हाथियों के झुंड ने मरंगलोईया में जम कर मचाया उत्पात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** प्रखंड अंतर्गत मरंगलोइया ग्राम में बीते रात 16-17 की संख्या में आए जंगली हाथियों के झुंड ने कई एकड़ में लगे धान के फसल को चट कर गए। किसान शिवदयाल कुमार ने बताया कि वह अपने खेत से फसल को काट कर भंडारण के लिए जमा किया था तभी हाथियों के झुंड ने धान के भंडारण को क्षतिग्रस्त कर दिया और लगभग 30 क्विंटल अनाज तथा 50 डिसमिल में लगे धान के फसल को नष्ट कर दिया वही बालेश्वर महतो, परमेश्वर उराँव, समेत दर्जनों किसानों के खेत में लगे अनाज को पूरी तरह बर्बाद कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, अमित कुमार घटना स्थल पर पहुंच नुकसान का जायजा लेते हुए बालूमाथ वन विभाग के पंचायत प्रभारी धनंजय को पीड़ित किसानो के हुए फसल नुकसान का मुवावजा जल्द से जल्द दिलवाने की बात कही। मौके पर दिलीप भगत, मनदीप कुमार ,सरजू महतो, देवराज महतो, बलदेव महतो, शिवदयाल कुमार, कालेश्वर महतो, मुकेश कुमार, संजय कुमार, संतोष भगत, साजिद मियां समेत कई लोग मौजूद रहे।

## नगर परिषद के कार्यों की समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में नगर परिषद के कार्यो की समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में नगर परिषद क्षेत्र के आबादी सर्वे, हाउस होल्ड सर्वे, जो कार्य आपूर्ण एवं लंबित है उसकी समीक्षा कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। हाउस होल्ड सर्वे को लेकर कहा जल्द से जल्द अपने स्तर से हाउस होल्ड सर्वे व आबादी का सर्वे कार्य करा ले। साथ ही कहा नगर परिषद क्षेत्र में अतिक्रमण मुक्त करने के लिए जो कार्रवाई पूर्व में की गई थी उसका लगातार मॉनिटरिंग करते रहे अगर किन्ही के द्वारा फिर से अतिक्रमण करने का प्रयास किया जा रहा है तो उसे चिन्हित कर नियमानुसार कार्रवाई करें। आगे उन्होने कहा जो फुटपाथ पर सब्जी या अन्य सामग्री बेच रहे है उन्हे जल्द से जल्द जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम समीप बन कर तैयार नव निर्मित वेंडिंग जोन में शिफ्ट कराएं। स्वच्छता को देखते हुए शहरी क्षेत्रों में साफ-सफाई लगातार कराएं। ट्रेड लाईसेंस को लेकर नगर परिषद पदाधिकारी विनीता कुमारी को निर्देशित किया कि व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए दुकानदारों का ट्रेड लाइसेंस 31 दिसंबर तक बनवाना सुनिश्चित करें। बैठक में नगर प्रबंधक, नगर मिशन प्रबंधक, कनीय अभियंता, कम्प्यूटर ऑपरेटर समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## लोक प्रेरणा केंद्र और क्रिया नई दिल्ली के संयुक्त तत्वधान में बैठक की गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड के लोक प्रेरणा केंद्र और क्रिया नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में पुंडरा पंचायत भवन के प्रांगण में जेंडर आधारित हिंसा के खिलाफ 16 दिवसीय अभियान की शुरुआत की गई। यह अभियान 25 नवंबर अंतरराष्ट्रीय महिला हिंसा विरोधी उंन्मुलन दिवस से लेकर 10 दिसंबर राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस तक प्रखंड के अलग-अलग गांवों में चलाया जाएगा जिसका थीम है असमानता से समानता सबकी गिनती एक समान। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय मानवाधिकार के प्रदेश अध्यक्ष प्रेमलता चंद्रा मौजूद थी। मौके पर संस्था सचिव मौसमी बाखला ने कहा कि आज के समय में जेंडर आधारित भेदभाव समाज में बहुत बड़ा रुप ले रहा है। जिसकी दुष्परिणाम आए दिन देखने को मिल रहा है। वहीं मुख्य अतिथि ने जेंडर आधारित होने वाले हिंसा के खिलाफ लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम में उप मुखिया सरिता देवी, आंगनबाड़ी सेविका अंजुम बानो समेत लगभग 70 किशोरी एवं महिला शामिल थे। इस आयोजन को सफल बनाने में संस्था के साथी प्रतिमा, सरोज, रानी, अनीता मिश्रा, कविता, भूमिका, प्रगति ने अपने अहम योगदान दी।

## भाजपा मंडल अध्यक्ष व सांसद प्रतिनिधि ने निजी खर्च से बनवाये कई हैंडपंप



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखणड के भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार एवं सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा के द्वारा अपने निजी खर्च से प्रखंड मुख्यालय में खराब पड़े कई हैंडपंप की मरम्मती शनिवार को करवाया गया। स्थानीय लोगों ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से हैंडपंप मरम्मती को लेकर कई बार विभाग से आग्रह किया था। लेकिन विभाग द्वारा हैंडपंप को दुरुस्त नहीं किया गया। वैसे में ग्रामीणों को पेयजल की काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा था। हैंडपंप खराब होने की सूचना भाजपा मंडल अध्यक्ष व सांसद प्रतिनिधि को ग्रामीणों ने दिया। ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए अपने निजी खर्च से हैंडपंप को दुरुस्त करवा दिया। हैंडपंप बन जाने से काफी सहूलियत हुआ है। ग्रामीणों ने ऐसे तत्पर और कर्तव्यनिष्ठ समाजसेवी की सख्त आवश्यकता है।

## आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को दिया गया गर्म वस्त्र



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत बारीसाखी पंचायत के मायाडीह में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 81 में उपमुखिया बिकाश पान्डेय मुखिया प्रतिनिधि दिनेश भारती के नेतृत्व में प्रति बच्चों को दो सेट करके गर्म वस्त्र शनिवार को दिया गया। जहां सेवीका अरुणती देवी ने इन सभी बच्चों के बीच आंगनबाड़ी के तहत मिलने वाला वस्त्र का वितरण किया गया है। आंगनवाड़ी में जाने वाले सभी बच्चे लगभग छः वर्ष के नीचे उम्र के हैं।

## नौकरी के नाम पर हजारों लोग हुए ठगी के शिकार

**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बाल विकास शिक्षा कार्यक्रम द्वारा आयोजित स्वामी विवेकानन्द एजुकेशनल चैरिटेबल ट्रस्ट बैंगलोर (भारत) पर एफआईआर दर्ज कराने को लेकर एसपी को दिया गया आवेदन। दिये हुए आवेदन में लिखा है कि हम सभी लातेहार जिले का निवासी हूँ। हम सभी लोगों के साथ स्वामी विवेकानन्द एजुकेशनल चेरिटेबल ट्रस्ट जिसका जोनल कार्यालय-जोक्लंण्डी लेन न0 5 भरतपुर चन्दा रोड भुवनेश्वर (उड़िसा) 751003 मोबाइल न0- 9178117200 कारपोरेट कार्यालय 2/18 3स्त्र फ्लोर हर्ष लेआउट सेक्टर -2 लैण्डमार्क परो पलीमा बस स्टॉप बंगलोर कर्नाटक पिन न0 -560102है इस इजुकेशनल ट्रस्ट के द्वारा हम झारखंडी जनता को बेवकुफ बनाया गया है।स्वामी विवेकानन्द एजुकेशनल चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा अपनी सदस्यता शुल्क के रूप में प्रत्येक व्यक्ति से पन्द्रह सौ पचास रूपये लिया गया। स्वामी विवेकानन्द एजुकेशनल चेरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा राज्यस्तर पर रिजनल ऑफिसर को नियुक्त किया गया जिसका काम जोनल ऑफिसर की नियुक्ति करना था। तथा ट्रस्ट के द्वारा रिजनल ऑफिसर को प्रत्येक माह वेतन के रूप में पचपन हजार जोनल ऑफिसर का काम जिला प्रोजेक्ट ऑफिसर नियुक्त करने का काम जोनल ऑफिसर को अठाईस हजार पाँच सौ से चौतिस हजार रूपये प्रति माह जिला प्रोजेक्ट ऑफिसर को प्रति माह सत्रह हजार पाँच सौ से इक्कीस हजार पाँच सौ,पंचायत लेबल पर फिल्ड ऑफिसर को नियुक्त करना था।

## अनुमंडल कार्यालय सभागार में रेलवे निर्माण को लेकर हुई त्रिपक्षीय वार्ता, सकारात्मक रही



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** शनिवार को अनुमंडल कार्यालय कक्ष में एसडीओ सुधीर कुमार दास की अध्यक्षता में इचाक खुर्द में गैरमजरूआ खास जमीन की रैयती मान्यता के लिए आंदोलनरत रैयतो और इरकॉन कंपनी अधिकारियों के साथ एक त्रिपक्षीय वार्ता हुई। बैठक में दोनों पक्षो की बात सुनने और दस्तावेजों के निरीक्षण एसडीओ सुधीर कुमार दास और सीओ धर्मेंद्र कुमार दुबे द्वारा किया गया। आजादी के पूर्व से दखलकार रैयत अपने जमीन और संरचना की मांग को लेकर पिछले एक वर्ष से आंदोलित है। किसानो की मांग पर एसडीओ सुधीर कुमार दास तत्कालीन भू अर्जन पदाधिकारी गौरांग महतो तत्कालीन सीओ छुटेश्वर दास ने 5 अप्रैल 23 को गांव में एक शिविर लगाकर किसानो के दुख दर्द सुने। एसडीओ श्री दास ने सभी रैयतो को अपने अपने दस्तावेज अंचल में जमा करने का निर्देश दिया। साथ जाली दस्तावेज होने पर सख्त करवाई की भी चेतावनी दी। किसानो के साथ एक माह के अंदर रैयती मान्यता के लिए दस्तावेज कार्रवाई पुरा करने का आश्वासन दिया गया। इस आश्वासन के बाद रेलवे का बंद कार्य फिर से प्रारंभ कर दिया गया। परंतु डेढ माह बित जाने के बाद भी वाद की कार्रवाई प्रारंभ नही होने पर 22 मई 23 से प्रभावित रैयत धरना पर बैठे है। रेलवे लाइन निर्माण कर रही इरकॉन कंपनी द्वारा स्थल पर बिना सर्वे किये ही जोत कोड और संरचना को नजरअंदाज कर वन विभाग से एनओसी के लिए निवेदन किया गया है। जबकि उक्त भूमि वन सीमा से बाहर है। इस बाबत सिमरिया अंचल द्वारा पत्रांक 184 दिनांक 14-9-23 को वन प्रमंडल दक्षिणी से मांगने पर वन विभाग के पत्रांक 2564 दिनांक 20-10-23 को प्लौट नंबर 558, 233, 976 भाग, 1003 भाग, 510, 556 को वन सीमा से बाहर रहने की जानकारी दी गई है। वन विभाग से जानकारी मिलने के बाद धरना दे रहे किसानो की मांग और इरकॉन कंपनी द्वारा कार्य बाधित की सूचना पर एसडीओ श्री दास ने सिमरिया सीओ धर्मेंद्र कुमार दुबे,राजस्व कर्मचारी अरुण कुमार अमीन रविन्द्र कुमार आदि को स्थल जांच करवाया गया। इसमे 55 रैयत को रेलवे निर्माण ट्रैक पर जोत कोड और दखल पाये।

## जबड़ा पंचायत में लगाये गए सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सैकड़ो अबुआ योजना फार्म भरे गए



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** प्रखंड क्षेत्र के जबड़ा पंचायत के खजुरीया टाड़ में शनिवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में सदर एसडीओ सुरेंद्र उरांव शामिल हुए। कार्यक्रम का आगाज, मंत्री प्रतिनिधि देव लाल यादव, बीडीओ राम नारायण खालको, सीओ अरुण कुमार मुंडा,एमओ अर्जुन कुमार, बीपीओ विनोद कुमार गुप्ता, मुखिया रजनी देवी, पंचायत समिति सदस्य रविन्द्र कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर एवं फीता काटकर किया गया। प्रखंड सह अंचल कार्यालय के लगभग सभी विभागों के स्टाल लगाए गए ।प्रत्येक स्टॉल में संबंधित विभाग के फार्म लिए गए तथा मौके पर कुछ मामले को निष्पादित भी किया गया। आवेदन कर्ताओं ने अबुआ आवास एवं जॉब कार्ड, राशन कार्ड, सावित्रीबाई फुले योजना, उज्ज्वला योजना, बृद्धा पेंशन, पशुपालन, कृषि विभाग, मनरेगा योजना, ईश्रम कार्ड, राजस्व सहित अनेको आवेदन जमा किए गए। इसके अलावा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के प्रखंड कार्यालय पीएलवी कुमार विवेक रंजन एवं सरयु यादव के द्वारा लोगों को आवेदन जमा करवाने में सहयोग किया। उपस्थित अतिथियों के द्वारा गरीब एवं असहाय तथा कार्डधारियो के बीच कंबल धोती, साड़ी का वितरण किया गया। वन विभाग के द्वारा पौधा वितरण किया गया तथा अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए लोगों को जागरूक किया ।शिविर में पशुपालन चिकित्सा पदाधिकारी डॉ निरंजन कुमार निराला के द्वारा सरकार के द्वारा दिए जा रहे लाभ के बारे में बताया। बीटीएम मुकेश कुमार, एटीएम राजेश कुमार, पंचायत सेवक योगेश कुमार, रोजगार सेवक, प्रखंड समन्वयक सानू कुमार, नजीर अख्तर, प्रभारी वनपाल पवन कुमार, पंचायत के सभी डीलर एवं काफी संख्या ग्रामीण मौजूद थे

# डोभा में डूबने से दो भाइयों की मौत, पसरा मातम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही (हजारीबाग) :** बरही प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत के धनवार गांव में शनिवार दोपहर को डोभा में डूबने से दो भाइयों की मौत हो गई। दोनो बच्चे धनवार गांव निवासी उमेश प्रसाद केशरी के 10 वर्षीय पुत्र सत्यम कुमार व 5 वर्षीय पुत्र उज्ज्वल कुमार है। बताया जाता है की सत्यम चतुर्थ क्लास व उज्ज्वल प्रथम क्लास में पढ़ाई करते थे, दोनो अर्श पब्लिक स्कूल के छात्र थे। स्कूल छुट्टी होने के कारण दोनो घर पर ही थे। इनके खेत में धनकटनी का कार्य लगा हुवा था। इनके पिता का करियातपुर में बर्तन दुकान है और वे उसे खोलने गए थे। वहीं मां घर पर थी। दोनो बच्चे खेत की ओर बकरी चराने गए थे, इसी दौरान बकरी को पानी पिलाने के लिए बाल्टी लेकर दोनो बच्चे डोभा में पानी भरने गए। अंदाजा लगाया जा रहा है की सत्यम कुमार पानी भरने पहले गया होंगा, जब उसका पैर फिसला और डोभा में गिर गया, तो उसे बचाने उज्ज्वल कुमार भी चला गया और दोनो बच्चे डूब गए। आसपास कोई नही रहने के कारण किसी को पता ही नही चल पाया। जब उसकी मां खेत पर गई तो अपनी बच्ची से पूछी की सत्यम व उज्ज्वल कहा है, तो वह बताई की हमे नही पता है। जिसके बाद खोजबीन शुरू किया गया, काफी खोजबीन किया गया लेकिन कही पता नही चल पाया। जिसके बाद डोभा के बगल में जिस बाल्टी से दोनो बच्चे पानी भरने गए थे, उसकी पहचान हुई, और अंदाजा लगाया गया की दोनो बच्चे कही इस डोभा में तो नहीं डूब गए। तुरंत डोभा में झग्गर के सहारे खोजबीन शुरू की गई, सबसे पहले सत्यम कुमार को बाहर निकाला गया, जिसे बरही अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहा डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं कुछ देर बाद उज्जवल कुमार के शव को भी निकाल लिया गया। डोभा घर के ही करीब एक किलोमीटर की दूरी पर है, खेती करने के लिए अपने निजी स्तर से डोभा का निर्माण किया गया था, जो करीब 10 फीट गहरा है। इधर घटना की जानकारी मिलने पर जिप उपाध्यक्ष संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव, समाजसेवी भगवान केशरी, स्थानीय मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, उप मुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा आदि पहुंचे और घटना को काफी दुखद बताया।

## झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के प्रखंड कमिटी विस्तार को लेकर सूर्यकुण्ड धाम परिसर में बैठक की गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा(हजारीबाग) :** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के तत्वावधान में प्रखंड कमेटी विस्तार को लेकर शनिवार को ऐतिहासिक धार्मिक पर्यटन स्थल सूर्यकुण्ड धाम परिसर में बैठक कि गई.सभा की अध्यक्षता प्रदीप महतो ने कि जबकि संचालन सोनू राणा ने किया।चयनित सदस्य को व्हाट्सएप या फेसबुक के माध्यम से 10 दिनों के अंदर जिला कमेटी प्रभारी एवं और संगठन को प्रस्तावित कर देंगे। क्षेत्र के क्रान्तिकारी युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और लोगों को अपनी वक्तव्य के माध्यम से अपने हक और अधिकारों के प्रति जागरूक किया। मौके पर हजारीबाग ज़िला कमेटी के सदस्य दीपक राणा,पाणेश्वर महतो रामगढ़ ,क्रांतिकारी महेंद्र प्रसाद ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड के गरीब मजदूर किसान अपने बच्चे को किसी तरह से पढ़ाते लिखाते हैं ताकि मेरा बच्चा कोई अच्छा नौकरी करे लेकिन झारखंड सरकार की गलत नीतियों और सेटिंग वेटिंग से झारखंड के सारे नौकरियां बाहरियों के हाथों में चला जाता है।

## बाइक से गिरी महिला घायल, प्राथमिक इलाज के बाद हुई रेफर

**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही अनुमंडल अंतर्गत बरकट्ठा की खैरा गांव निवासी भवानी देवी पति जोधन मंडल उम्र 30 वर्ष अपने भतीजे राहुल कुमार पिता खगेंद्र प्रसाद के साथ अपने निवास स्थान खैर से बाइक पर सवार होकर बरही की ओर आ रही थी ।तभी सकरेज एन एच 2 के पास बैक अनियंत्रित हो गया जिससे बाइक पर सवार भवानी देवी गिर गई जिस कारण उसे चोट आई और घायल हो गई जिसे बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टर के द्वारा रेफर कर दिया गया। महिला घायल अवस्था में घटनास्थल पर गिरी पड़ी थी तभी समाजसेवी सह बैंक कर्मी मनोज कुमार दास झुमरी तिलैया निवासी उधर से गुजर रहे थे उन्होंने घायल महिला को अपने चार पहिए वाहन पर बैठ कर अस्पताल पहुंचाया और मानवता का एक परिचय दिया मनोज कुमार दास कहते हैं। कि जिस वक्त महिला घायल अवस्था में थी कोई भी उसकी सहायता के लिए आगे नहीं बढ़ा तभी मैंने उसे अपने वहां पर बैठकर अस्पताल लाया।

## दो पत्रकारों को पितृ शोक, हजारीबाग विधायक ने जताया गहरा शोक

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सम्मानित प्रेस/मीडिया परिवार के लिए शनिवार का दिन बेहद दुःख भरा रहा। शनिवार को दो पत्रकारों के पिता का आकास्मिक निधन हो गया। जिसमें हिंदुस्तान के संवाददाता शकौशल ओझा के पिता बद्री नारायण ओझा ( उम्र 80 साल) और फ्रीडम फाइटर अख़बार के संवाददाता विवेक सिंह के पिता सत्येंद्र सिंह (उम्र क़रीब 63 साल) शामिल हैं । हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल ने दो पत्रकारों के पितृ शोक पर गहरा दुख प्रकट किया। उन्होंने दोनों मृत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और शोकाकुल पत्रकार के परिवारजनों को इस विकट दुःख से उबरने की अदम्य साहस प्रदान करने की ईश्वर से कामना भी किया।

## नगर निगम हजारीबाग द्वारा आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शिविर लगाया गया

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** वार्ड संख्या 1,3 तथा 4 के लिए वार्ड विकास केंद्र ,नूरा में शिविर लगाया गया। नगर आयुक्त सह प्रशासक शैलेन्द्र लाल ने लाभुकों के बीच कंबल, धोती सारी का वितरण किया।इस शिविर में नगर निगम से तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का स्टॉल लगाया गया।शिविर में होल्डिंग टैक्स, ट्रेड लाइसेंस,होर्डिंग, नक्शा, अभियांत्रिकी, जन्म मृत्यु, एन यू एल एम, पी एम सवनिधि ,राशन कार्ड, आधार कार्ड, वोटर कार्ड , सामाजिक कल्याण की योजनाएं ,विद्युत इत्यादि से संबंधित स्टॉल लगाया गया।शिविर में 130 कंबल वितरण किया गया।जन्म मृत्यु से संबंधित 3, पेंशन से 2, किशोरी समृद्धि योजना में 6,होल्डिंग से 10 आवेदन प्राप्त हुआ। अगला शिविर वार्ड विकास केंद्र दीपुगरहा में दिनांक 28-11-2023 को वार्ड 5,6,7 तथा 8 के लिए लगाया जाएगा।

# शिक्षक संघ ने मृत पारा शिक्षक के स्वजनों को सौंपा नगद सहयोग राशि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड संसाधन केंद्र अंतर्गत अंबाजीत संकुल के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय मरदुसोती में कार्यरत सहायक अध्यापक (पारा शिक्षक) 48 वर्षीय रामजीत राम की आकस्मिक मृत्यु बीते 15 नवंबर की शुबह इलाज के दौरान रांची रिम्स में हो गई थी। उनकी मौत पर पारा शिक्षक संघ ने शोक व्यक्त किया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए पारा शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद शमशेर आलम के नेतृत्व में सीआरसी अध्यक्ष रंजीत प्रसाद सिंहा, नरेश यादव एवं कर्पूरी ठाकुर के सहयोग से मृतक के परिवार को बीते शनिवार को फिलहाल 20000 (बीस हजार रुपए) नगद सहयोग राशी सीआरसी अम्बाजीत , सीआरसी बादम एंव सीआरसी तलसवार के शिक्षकों के सहयोग से प्रदान किया। साथ ही शोकाकुल परिजन को आगे हर संभव संघ की ओर से सहयोग करने का सांत्वना दिया।दसकर्मा कार्यक्रम में शामिल होकर शिक्षकों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया और मृत के आत्मा की शांति के लिए कामना की। सहायक अध्यापक शिक्षक संघ के बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष शमशेर आलम ने सरकार से मांग करते हुए कहा है कि मृतक के परिवार के एक सदस्य को अनुकंपा के आधार पर नौकरी दी जाए और सहायता राशि प्रदान की जाए। मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष शमशेर आलम, अम्बाजीत संकुल अध्यक्ष रंजीत प्रसाद सिंहा, बादम संकुल अध्यक्ष नरेश यादव, तलसवार कर्पूरी ठाकुर, शिक्षक देव प्रकाश, धानेश्वर करमाली, गणेश महतो, रूपन खालखो, गणेश रविदास सहीत दर्जनों शिक्षक उपस्थित थे।

## बरही चौक को अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर प्रशासन ने जोर शोर से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** शनिवार को बरही प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने बुलडोजर के साथ सड़क पर उतरे। जिससे अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। बरही चौक के धनबाद रोड में बरही अनुमंडलीय अस्पताल तक अवैध अतिक्रमण को बुलडोजर से हटाया गया। इस दौरान कई दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण कर लगाया गया बैनर बोर्ड, कॉरकेट सीट को भी हटाया गया। वहीं सड़क पर अतिक्रमण कर लगने वाले फल, सब्जी, ठेला सहित सभी फुटकर दुकानों को हटाने का अभियान जोर शोर के साथ किया गया। अतिक्रमण हटाने के लिए जेसीबी मशीन का भी मदद लिया गया। अभियान का नेतृत्व कर रहे बरही सीओ रामनारायण खलको ने कहा कि बरही चौक हमेशा व्यस्त रहने वाला काफी महत्वपूर्ण चौक है। किंतु अतिक्रमण के कारण यहां जाम की स्थिति बनी हुई रहती है। बरही चौक से लम्बी रूट की गाड़ियां,स्कूल बस, एंबुलेंस वाहन सभी जाम में फंसते हैं और इमरजेंसी कार्य बाधित होता है। बीते छठ के नहाय खाय के दिन ही सड़क अतिक्रमण के कारण एक बालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई थी। वहां मौजूद ग्रामीणों ने प्रशासन से अतिक्रमण हटाने की मांग जोर शोर से किया था और कहा था कि आखिर प्रशासन अतिक्रमण क्यों नहीं हटाती है। इस बाबत वहां मौजूद लोगों को अतिक्रमण हटाने का अश्वासन भी दिया गया था। छठ पूजा के कुछ दिन बीतने के बाद दो तीन दिन अतिक्रमण हटाने के लिए एनएचएआई और मेरे द्वारा एलाउंसमेंट कर अतिक्रमणकारियों को सूचना दिया गया था। फिर भी लोग अतिक्रमण पर जमे हुए थे। जिसे आज धनबाद रोड को अतिक्रमण मुक्त करने की दिशा में कार्य किया गया है।

## विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन के द्वारा किया जायेगा चौपारण प्रखंड के सभी पंचायत में कंबल वितरण

**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धार्मिक अनुष्ठानों पर कभी महाप्रसाद का वितरण तो कभी खीर का वितरण अनाथ आश्रम में अध्यनरत बच्चों के बीच अंग वस्त्र वितरण तो कभी दूध पियो शराब छोड़ो का नारा देते हुए दूध का वितरण कर हमेशा चर्चाओं के केंद्र बिंदु में रहे विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन इस बार ठंड के आगमन को देखते हुए गरीब लाचार असहाय परिवारों के बीच कंबल वितरण करने के लिए कमर कस लिया है। उक्त जानकारी फाउंडेशन के चौपारण प्रखंड संयोजक आशीष सिंह देते हुए बताया कि प्रखंड के कुल 26 पंचायतों में अलग-अलग शिविर लगाकर अत्यंत पिछड़े एवं गरीब परिवारों के बीच कंबल का वितरण किया जाएगा। कंबल वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ आगामी 27 नवंबर सोमवार को दैहर और पड़रिया पंचायत में संयुक्त रूप से शिविर लगाकर किया जाएगा। वही फाउंडेशन के प्रखंड सहसंयोजक मुकेश यादव ने कहा है कि समाज में निस्वार्थ भाव से सेवा करने पर कई चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है लेकिन इससे घबराने की आवश्यकता नहीं है। विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन हर चुनौतियों का सामना करने के लिए चट्टान की तरह अटल रहेगा।

## ज्ञान ज्योति कॉलेज ऑफ फार्मेसी एंड पैरामेडिकल के छात्रों ने किया लैब का दौरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** ज्ञान ज्योति कॉलेज ऑफ फार्मेसी एंड पैरामेडिकल में आज बरही +2 विद्यालय के छात्रों ने विशेषज्ञ प्रयोगशाला का दौरा किया। इस दौरे के माध्यम से, छात्रों को व्यावसायिक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से शिक्षित करने का प्रयास किया गया। इस दौरे के दौरान, छात्रों को विभिन्न पैरामेडिकल प्रक्रियाओं का सीधा अनुभव प्राप्त हुआ जिससे उन्हें विशेषज्ञता में वृद्धि होगी। यह स्वीकृति का क्षण है, जब युवा पीढ़ी हमारे समाज के स्वास्थ्य और फार्मेसी क्षेत्र में निरंतर योगदान करने के लिए प्रेरित हो रही है। इंटरमीडिएट स्तर के छात्रों को एक उत्कृष्ट और शिक्षाप्रद पर्यावरण में अपने विद्यार्थी जीवन को बढ़ने का मौका मिला। इस अद्वितीय अनुभव का हिस्सा बनते हुए, छात्रों ने ज्ञान ज्योति कॉलेज ऑफ फार्मेसी और पैरामेडिकल के प्रयोगशाला में एक अद्वितीय और ज्ञानवर्धन यात्रा का आनंद लिया। इस दौरे में, छात्रों ने विभिन्न विषयों में आधुनिक प्रयोगशाला सुविधाएं देखीं और उन्हें सीखने का अद्वितीय अनुभव हुआ। इसके अलावा, छात्रों ने विशेषज्ञों से मिलकर अपने शैक्षिक और करियर के मार्गदर्शन के लिए अनमोल सुझाव प्राप्त किए। ज्ञान ज्योति कॉलेज के प्रमुख ने इस मौके पर व्यक्तिगत रूप से छात्रों का स्वागत किया और उन्हें उनके उद्दीपन के लिए प्रेरित किया।

## पावर ग्रिड टावर कार्य सुरक्षित तरीके से हो रहा है : एस आर पांडा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** पतरातू पीटीपीएस क्षेत्र में पावर ग्रिड के द्वारा विभिन्न स्थानों में टावर का काम किया जा रहा है जिसे लेकर क्षेत्र के लोगों में कहीं ना कहीं भाई का माहौल बना हुआ है। इस संदर्भ में पावर ग्रिड के इंजीनियर एस आर पांडा ने कहा कि लोगों को डरने की कोई आवश्यकता नहीं हम लोग सुरक्षा के सभी मापदंडों को ध्यान में रखते हुए चारों फीडर का शटडाउन लेकर टावर का काम कर रहे हैं जो पूरी तरह से सुरक्षित है। इस संदर्भ में लोगों को डरने की कोई आवश्यकता नहीं है। हम अपनी ओर से सुरक्षा के सभी मापदंडों का पालन करते हुए टावर का कार्य कर रहे हैं।

## चलंगा निवासी योगेंद्र प्रसाद यादव के सौजन्य से अखंड कीर्तन के समापन में शामिल हुए जिप उपाध्यक्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत बरसोत पंचायत के ग्राम चलंगा निवासी योगेंद्र प्रसाद यादव के सौजन्य से दुर्गा मंडप में आयोजित अखण्ड कीर्तन समापन में उपाध्यक्ष जिला परिषद हज़ारीबाग किशुन यादव सम्मिलित हुए। जीप उपाध्यक्ष ने बताया अखंड हरि कृतन से वातावरण शुद्ध होते है नकारात्मक ऊर्जा का नाश और सकारात्मक शक्तियों का होता है विकास साथ मे योगेन्द्र यादव मिथलेश यादव सचिन यादव, राजू यादव, विनय यादव, छत्रधारी यादव, रामचन्द्र यादव, दिलीप यादव, जयसूर्या यादव, अनिल पंडित, अशोक यादव, राम यादव, विनय यादव, राजेश पंडित, रघुनाथ यादव,बंसी यादव, परमेश्वर याद लेखराज यादव इंदु यादव लालधारी यादव रामकुमार यादव,कुलदीप यादव उमेश पंडित एवं ग्रामीण शामिल हुए।

## पतरातु रेस्टोरेंट में एक्साइज डिपार्टमेंट की छापेमारी 12 लीटर बियर जप्त

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शुक्रवार को अचानक पतरातू के विभिन्न होटलों एवं रेस्टोरेंट्स में एक्साइज डिपार्टमेंट रामगढ़ के द्वारा रेड की गई जिसमें किंग रेस्टोरेंट, टर्निग प्वाइंट,द ईटरनिटी रिजॉर्ट,द वेली रेस्टोरेंट एवं सेलिब्रेशन कैफे में छानबीन की गई। इस क्रम में एक्साइज डिपार्टमेंट के एस आई कांग्रेस कुमार चौधरी एवं उनकी टीम के द्वारा एक रेस्टोरेंट से 12 लीटर बीयर जब्त की गई। इस संदर्भ में एस आई कांग्रेस कुमार चौधरी ने बताया कि छापेमारी के दौरान एक रेस्टोरेंट संचालक के ऊपर एफ आर आई भी दर्ज की गई है। जहां से 12 लीटर बीयर की जब्ती की गई। उन्होंने आगे कहा कि इस तरह के औचक छानबीन अभी जारी रहेंगे। अनाधिकृत रूप से शराब एवं बियर की बिक्री करने वाले होटल और रेस्टोरेंट के मालिक या तो इस तरह के कामों से अपनी दूरी बना ले अन्यथा उन पर कानूनी शिकंजा कसा जाएगा। वे किसी भी सूरत में बक्से नहीं जाएंगे। वही एक्साइज डिपार्टमेंट के द्वारा अचानक किए गए इस रेड के बाद क्षेत्र के विभिन्न होटल एवं वैसे स्थान जहां अनाधिकृत रूप से शराब की बिक्री की जा रही है उन लोगों में खलबली सी मच गई है।

# विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन के द्वारा किया जायेगा चौपारण प्रखंड के सभी पंचायत में कंबल वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** धार्मिक अनुष्ठानों पर कभी महाप्रसाद का वितरण तो कभी खीर का वितरण अनाथ आश्रम में अध्यनरत बच्चों के बीच अंग वस्त्र वितरण तो कभी दूध पियो शराब छोड़ो का नारा देते हुए दूध का वितरण कर हमेशा चर्चाओं के केंद्र बिंदु में रहे विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन इस बार ठंड के आगमन को देखते हुए गरीब लाचार असहाय परिवारों के बीच कंबल वितरण करने के लिए कमर कस लिया है। उक्त जानकारी फाउंडेशन के चौपारण प्रखंड संयोजक आशीष सिंह देते हुए बताया कि प्रखंड के कुल 26 पंचायतों में अलग-अलग शिविर लगाकर अत्यंत पिछड़े एवं गरीब परिवारों के बीच कंबल का वितरण किया जाएगा। कंबल वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ आगामी 27 नवंबर सोमवार को दैहर और पड़रिया पंचायत में संयुक्त रूप से शिविर लगाकर किया जाएगा। वही फाउंडेशन के प्रखंड सहसंयोजक मुकेश यादव ने कहा है कि समाज में निस्वार्थ भाव से सेवा करने पर कई चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है लेकिन इससे घबराने की आवश्यकता नहीं है। विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन हर चुनौतियों का सामना करने के लिए चट्टान की तरह अटल रहेगा।

# पीवीयूएन सीएचपी निर्माण ब्लास्टिंग पत्थर का हो रहा है दुरुपयोग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** पीवीयूएन के निर्माणाधिन प्लांट अंतर्गत सीएचपी निर्माण कार्य में ब्लास्टिंग के पश्चात भारी मात्रा में निकाला गया पत्थर जिसका इन दोनों हो रहा है दुरुपयोग। हालाँकि इस संदर्भ में खनन विभाग के द्वारा इसकी जांच पड़ताल करके उसे सरकारी आंकड़ें में लिया जा चुका है। इन दिनों इतनी भारी मात्रा में जमा इन पत्थरों को हटाने की कवायत की जा रही है। इस संदर्भ में खनन विभाग के द्वारा पूर्व में निविदा निकालकर आम लोगों से निविदा फार्म भरने की अपील भी की जा चुकी है। मगर अभी तक किसी फॉर्म या व्यक्ति के द्वारा निविदा के आलोक में कोई कार्यवाही नहीं होने के पश्चात पत्थरों के इतने बड़े पहाड़ नुमा अंबर को जल्द से जल्द हटाकर वहां काम के लिए जगह क्लियर करने की कवायत की जा रही है। मगर मुश्किल यह है कि खनन विभाग के द्वारा पत्थर को बिना अनुमति के प्रयोग में न लाने की सख्त हिदायत दी जा चुकी है। और कहीं ना कहीं निर्माण कार्य में इस पहाड़ें में पत्थरों के अंबार की वजह से मुश्किलें खड़ी हो रही है। ऐसे में विभाग के द्वारा यथा शीघ्र इस पर कार्रवाई करते हुए इस समस्या का समुचित निदान निकालना चाहिए। ताकि निर्माण कार्य किसी भी रूप से बाधित न हो और सरकारी पत्थर का दुरुपयोग भी ना हो। इस संदर्भ में डीएमओ रामगढ़ नीतीस कुमार से दूरभाष पर संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि हमारे जानकारी के अनुसार लगभग 60000 मिट्रिक टन पत्थर वहां है जिसकी जानकारी हमें है। किन्ही कारणों से अभी इसका ऑक्शन नहीं हो पाया है और तत्काल इसे हटाया भी नहीं जा सका है। मगर जब तक खनन विभाग के द्वारा अगला आदेश जारी न हो तब तक इसे यथास्थान ही रहने दिया जाए। बहुत जल्द इस समस्या का समाधान निकाल लिया जाएगा।

## कब्रिस्तान की चहारदीवारी गैरमजरूआ जमीन पर होने से ग्रामीणों में नाराजगी

**विष्णुगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत करगालो में कब्रिस्तान की चहारदीवारी खाता नंबर 380,खेसरा नम्बर 10673 में ना होकर खाता नंबर 633 खेसरा नम्बर 8839 में जबरन निर्माण के संबंध में करगालो के ग्रामीणों ने उपायुक्त को आवेदन दिया है। आवेदन की प्रति उपायुक्त के अलावे कल्याण विभाग हजारीबाग,एल आर डीसी हजारीबाग,अंचल अधिकारी विष्णुगढ़ को दिया है। आवेदन में करगालो के ग्रामीणों ने कहा है, कि करगालो के पुरणी खेत जिसका खाता नंबर 80,391 ,431 के खेसरा नम्बर 8840 8841,8842 ,8821 ,8822 ,8823 ,8824 ,8825 है। जिसमें रैयत अपना जोत आबाद करते आ रहे हैं,तथा इसके किनारे गैरमजरूआ किस्म की जमीन है। जिसका खेसरा नम्बर 8839 है। जिसमें गांव के हीं अख्तर अंसारी द्वारा गैरमजरूआ भूमि पर कब्रिस्तान और चहारदीवारी का निर्माण कार्य किया जा रहा है। कब्रिस्तान निर्माण की योजना कल्याण विभाग की ओर से दिया गया है । जिसमें खाता नंबर 380 खेसरा नम्बर 10673 पर एक एकड़ 23 डीसमील में निर्माण किया जाना है । लेकिन खेसरा नम्बर 8839 जो गैरमजरूआ भूमि है , चार एकड़ में किया जा रहा है। जो जांच का विषय है । इस संबंध में अंचल अधिकारी विष्णुगढ़ से पूछे जाने पर बताया कि आवेदन आया है । हमने काम को रोक देने का आदेश दिया है,फिलहाल निर्माण कार्य रोका गया है।

## 75 दिनों से धारणा पर बैठे ग्रामीणों को जेबीकेएसएस नेता राकेश मेहता का मिला समर्थन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत चेपाकला पंचायत के ग्राम आराहरा में 10 सितंबर 2023 से सतत धारणा में बैठे ग्रामीणों को जेबीकेएसएस के केंद्रीय सदस्य राकेश मेहता का समर्थन मिला। ग्रामीण 75 दिनों से अपनी मांगों के साथ धरना में बैठे हैं। कंपनी बिना मुआवजा बिना विस्थापन बिना रोजगार दिए जबरन खनन का कार्य करना चाह रही है जिसके विरोध में ग्रामीण धारणा में बैठे हैं। ग्रामीण भूमि का उचित मुआवजा, 18 वर्ष के सभी लोगों को रोजगार और विस्थापन घर का सही मुआवजा मांग रहे हैं। जब तक यह सब मांगे पूरी नहीं होती है धरना जारी रहेगा। धरना में मुख्य रूप से फुलेश्वर महतो, जेबीकेसेस के सक्रिय सदस्य दिलेश्वर महतो, कैला महतो, गोवर्धन महतो, महावीर महतो, रेवा महतो, सामलाल महतो, पारसनाथ महतो, रूपू महतो सहित अन्य लोग बैठे हैं।

## जनजाति शिक्षा पर बनासो दौलत महतो बीएड महाविद्यालय में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** बनासो दौलत महतो मेमोरियल शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय में जनजाति शिक्षा पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जायगा।इस बाबत शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सचिव गौरव पटेल एवं प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि दौलत महतो शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में दो दिवसीय जनजाति शिक्षा पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 26 एवं 27 नवंबर को किया जा रहा है।आगे कहा कि हमें इस प्रकार का सहयोग अभिभावकों से मिलता रहे, तो शिक्षा के क्षेत्र में हमारा संस्थान आगे जायगा।इस संगोष्ठी में जनजाति शिक्षा पर व्याख्यान देने विभिन्न विश्वविद्यालय से विद्वानों का पहुंचना सुनिश्चित किया गया है। जनजाति शिक्षा पर इस प्रकार का आयोजन इस क्षेत्र के लिए पहला कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम में इस क्षेत्र के विद्यालयों के विद्यार्थी एवं शिक्षा जगत से जुड़े लगभग 1000 व्यक्तियों की पहुंचने की संभावना है।

## सेना बहाली के लिए युवाओं को तैयार करेगा अदाणी फॉउंडेशन, स्क्रीनिंग में 46 सफल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत बड़कागांव प्रखंड के युवाओं के लिए अदाणी फॉउंडेशन ने एक नयी पहल की है। प्रखंड के वैसे युवा जो भारतीय सेना (पैरामिलिट्री, अग्निवीर, सीआरपीएफ, बीएसएफ आदि ) और पुलिस समेत अन्य नौकरियों के लिए इच्छुक हैं, उन्हें आवश्यक शारीरिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही नौकरी के लिए होने वाली लिखित परीक्षा की तैयारी भी कराई जाएगी। इस कड़ी में शुक्रवार से युवाओं के लिए स्क्रीनिंग टेस्ट की शुरुआत कर दी गयी है। बड़कागांव हाई स्कूल मैदान में स्क्रीनिंग कैम्प के पहले दिन हरली, गाली, बलोदर, सुकुल खपिया, साढ़, शिवाडीह, ढेंगा और महुगाई कला के 160 युवाओं ने हिस्सा लिया। इन सबकी लम्बाई, सीना और वजन की माप की गयी, जिसके बाद इन युवाओं ने 1600 मीटर दौड़ में भाग लिया। दौड़ में सफल युवाओं को सिट अप्स और पुश अप भी कराया गया, जिसके बाद इन्हें ग्लूकोज, पेयजल और रिफ्रेशमेंट्स दिए गए। पहले दिन की स्क्रीनिंग में 46 युवाओं का चयन किया गया। अब इन्हें दूसरे दौर की स्क्रीनिंग में शामिल किया जाएगा, जिसके बाद इन्हें आगे प्रशिक्षण दिया जाएगा। दूसरे दौर की स्क्रीनिंग में शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की जांच भी की जाएगी। स्वास्थ्य और शिक्षा के बाद रोजगार के लिए हो रही है सार्थक कोशिश।

## नव झारखंड फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने हजारीबाग एवं रामगढ़ जिला के कई गांव का किया भ्रमण

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नव झारखंड फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा ने रामगढ़ जिला के भुरकुंडा के भ्रमण करते हुए हजारीबाग जिले केरेडारी थाना के अंतर्गत ग्राम हेनदेगीर के पुराना पंचायत भवन में ग्रामीणों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता दीनदयाल महाराज ने किया बैठक का मुख्य अतिथि किशोरी राणा उपस्थित हुए।ग्रामीणों ने भरपूर उत्साह के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उनके सहयोगियों को स्वागत किया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि हम हमेशा से गरीब असहाय के बीच रहे हैं ,और जरूरत के अनुसार सहयोग करते हैं । ठंड का मौसम को देखते हुए गरीबों को बीच राष्ट्रीय अध्यक्ष के द्वारा कमल वितरण किया गया, एवं ग्रामीणों के साथ जाकर गांव के देवी मंडप को मरमती करवाने के लिए सहयोग करने की बात कही।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## परियोजना सिरका को सुरक्षा के लिए 12 होमगार्ड जवान मिले

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के परियोजना सिरका सुरक्षा विभाग को शनिवार तक 12 होमगार्ड के जवान सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए मिले हैं। इस संबंध में शनिवार को सुरक्षा विभाग सिरका ने बताया कि रामगढ़ जिला समादेष्टा से सात होमगार्ड निरोज महली, दीपेश कुमार प्रजापति, नितेश कुमार तमेड़ा, सिकेशवर उरांव, बाबूलाल उरांव, इंद्रनाथ उरांव, राजू उरांव हैं। जबकि हजारीबाग समादेष्टा से पांच होमगार्ड सानिया उरांव, बिरसा उरांव, संतोष उरांव, वकील महली, रामा महतो शामिल हैं।




## पडरिया में समस्या व वन पट्टा को लेकर ग्राम सभा आयोजित

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पंचायत बड़काचुंबा के गांव पडरिया में शनिवार को आम सभा का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता बड़काचुंबा मुखिया राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा व संचालन वार्ड सदस्य धर्मेन्द्र सिंह ने किया। सभा में ग्रामीणों की समस्या व अबूआ आवास वनपट्टा को लेकर बाते रखी गई। मौके पर ग्रामीण रामवृक्ष बेदिया, लाका बेदिया, रामविलास बेदिया, श्याम बेदिया, अशोक बेदिया, जागेश्वर गोस्वामी, राधेश्याम गोस्वामी समेत कई ग्रामीण महिलाएं उपस्थित थी।



## भारत में बीमा की पहुंच को बढ़ाने के लक्ष्य से बजाज आलियांज़ जनरल इंश्योरेंस ने किया बोकारो में नए ऑफिस का उद्घाटन

**बोकारो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत के प्रमुख प्राइवेट जनरल इंश्योरर बजाज आलियांज़ जनरल इंश्योरेंस ने बोकारो, झारखंड में अपने नए ऑफिस के उद्घाटन की घोषणा की है. इस रणनीतिक विस्तार का उद्देश्य है भारत के टियर 2 और टियर 3 शहरों में बीमा की उपलब्धता को बढ़ाना और भारत के नागरिकों को वित्तीय स्थिरता प्रदान करना. भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था तेज़ी से विकसित हो रही है, लेकिन इसके साथ ही जोखिम और अनिश्चितताएं भी बढ़ रही हैं. अपनी विशेषज्ञता के साथ, बजाज आलियांज़ का उद्देश्य है बोकारो की जनता को अपने नवोन्मेषी उत्पाद और समाधान प्रदान करना. कंपनी ग्राहकों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विभिन्न प्रकार की टेक्नोलॉजी आधारित सेवाएं प्रदान करेगी. नया ऑफिस बजाज आलियांज़ जनरल इंश्योरेंस के लिए एक कार्यनीतिक केंद्र होगा जो इस क्षेत्र में ग्राहकों तक कंपनी की पहुंच को और भी मज़बूत बनाएगा. नए ऑफिस के उद्घाटन पर बात करते हुए बजाज आलियांज़ जनरल इंश्योरेंस के एमडी और सीईओ, तपन सिंघल ने कहा, भारत में तेज़ी से आर्थिक विकास हो रहा है, और इंश्योरेंस अप्रत्याशित घटनाओं और आकस्मिकताओं के दौरान फाइनेंशियल सुरक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण होगा. हमारे ऑफिस का विस्तार कस्टमर-केंद्रित, सर्वोत्तम प्रॉडक्ट और सर्विस प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं, जो पूरे देश में उपलब्ध है।

## पिपरवार ने मनाया गया शहीद कृष्णा महतो का शहादत दिवस

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में शनिवार को शहीद कृष्णा महतो का शहादत दिवस मनाया गया।इस मौके पर शहीद कृष्णा महतो के पैतृक गांव बिलारी के ग्रामीणों के द्वारा शहादत दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।सबसे पहले पिपरवार के कल्याणपुर बाजारटांड़ के समीप उनके शहादत स्थल पर लोग जुटे, जहां दीप जलाकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई,जिसके बाद सभी लोग जुलूस की शक्ल में बचरा चार नंबर चौक स्थित शहीद कृष्णा महतो के प्रतिमा के समक्ष पहुंचे,यहां पर उपस्थित लोगों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि शहीद कृष्णा महतो ने कोयलांचल में शिक्षा का अलख जगाने का काम किया है।उन्होंने क्षेत्र और समाज के कल्याण के लिए कई काम किए हैं।एक बेहतर शिक्षक के रूप में उनका योगदान कोयलांचल के लोग कभी भी भुला नहीं सकते हैं।आदिवासी हाई स्कूल कल्याणपुर का उन्होंने नींव रखते हुए बतौर शिक्षक के रूप में अपना योगदान दिया।वही पिपरवार महाविद्यालय करो उनका एक सपना था, स्थानीय लोगों ने पिपरवार महाविद्यालय कारों को खोलकर उनके सपनों को पूरा किया है।वर्तमान में अपने-अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाकर उनके अधूरे सपनों को साकार करने की जरूरत है।कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने झारखंड सरकार से उन्हें शहीद का दर्जा देने और उनके आश्रितों को सरकारी योजना का लाभ देने की मांग की।इस मौके पर बसंत नारायण महतो,नागेश्वर महतो,बालकृष्ण महतो, प्रीतम महतो,जितेन्द्र कुमार, मेवालाल नाग,विमल महतो, निर्मल महतो,तुलसीदास महतो,बैजनाथ महतो,बिरेंद्र महतो,श्रवण महतो,टहलु महतो,महेन्द्र महतो,अनुप कुमार सुदर्शन,सुलेखा महतो, बिजयालक्ष्मी देवी,कांति देवी, मीना देवी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।इधर दुसरी और आदिवासी हाई स्कूल कल्याणपूर मे कार्यक्रम आयोजित कर शहीद कृष्णा महतो की पूण्यतिथी मनायी गई।इस मौके पर स्कूल के शिक्षक और बच्चों ने दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।



## गुरुनानक जंयती पर बचरा गुरुद्वारा में तीन दिवसीय अखण्ड पाठ हुआ प्रारंभ

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के मे 27 नवम्बर को गुरूनानक देव जी की 554 वीं जयंती मनायी जाएगी।जिसको लेकर बचरा गुरूद्वारा मे जोर-शोर से तैयारी की जा रही है।शनिवार से बचरा गुरूद्वारा मे तीन दिवसीय अखण्ड पाठ की शुरुआत की गई।जिसमे स्थानीय ग्रंथी के अलावे बाहर से भी कई ग्रंथी शामिल हुए।अखण्ड पाठ शुरू होने के बाद उपस्थित सभी लोगो के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।इस संबंध मे बचरा गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान सरदार निर्मल सिंह और ग्रंथी सरदार कुलदीप सिंह ने बताया कि प्रत्येक साल बचरा गुरुद्वारा में गुरुनानक देव जी की जयंती धूमधाम के साथ मनाई जाती है।इस मौके पर कई कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाता है।शनिवार से बचरा गुरूद्वारा मे तीन दिवसीय अखण्ड पाठ की शुरुआत की गई,जिसका समापन 27 नवम्बर को किया जाएगा,वही रविवार 26 नवम्बर को बाबा निशान साहब का चोला बदला जाएगा,जबकि 27 नवम्बर को गुरुनानक जंयती के मौके पर बचरा गुरूद्वारा मे दीवान सजेगा और शब्द कीर्तन के बाद गुरु का लंगर का वितरण किया जाएगा।उन्होंने बताया कि लंगर कार्यक्रम में करीब पांच हजार से अधिक लोग शामिल होंगे।उन्होंने क्षेत्र के सभी लोगो से इसमे शामिल होने की अपील की है।इस मौके पर बचरा गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान निर्मल सिंह, सुखदेव सिंह,ग्रंथी कुलदीप सिंह,अमन मेहरा,इन्दर सिंह, पृथ्वीपाल सिंह,कलवंत सिंह गुरजीत सिंह,बक्सी सिंह, तरसीम सिंह,सेवा सिंह,प्रताप सिंह,गुरजीत सिंह,राजेन्द्र सिंह,अमनदीप सिंह सहित बचरा गुरुद्वारा कमेटी के सभी लोग मौजुद थे।



## हेमंत सरकार के चार साल पुरे होने के उपलक्ष्य पर आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** गोला प्रखण्ड के बरियातु पंचायत बरडीहा में झारखंड सरकार के हेमंत? सरकार के चार साल पुरे होने के उपलक्ष्य पर आपकी योजना आपकी सरकार - आपके द्वार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें अतिथि के रूप में रामगढ़ विधानसभा की पुर्व विधायक ममता देवी शामिल हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरकार के द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं के बारे में जानकारी दी साथ ही लगे सभी स्टोल का निरीक्षण की एवं लाभुकों के बीच फुलो झानो योजना के तहत चेक राशन कार्ड जॉब कार्ड कंबल धोती साड़ी प्रधानमंत्री आवास अम्बेडकर आवास सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना सहित कई परिसम्पत्तियों का वितरण लाभुकों के बीच किया गया। कार्यक्रम में पहुंचने पर पुर्व विधायक ममता देवी का बुके देकर स्वागत किया गया।

## गुरु नानक देव जी के 555वें जन्मोत्सव को लेकर अंतिम दिन निकाली गई प्रभात फेरी

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिख धर्म के प्रवर्तक और सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरुनानक देव के 555वे प्रकाशोत्सव पर अंतिम दिन निकाली गई प्रभातफेरी। प्रभातफेरी के अंतिम दिन आई संगत लोगों में खासा उत्साह देखा गया लोगों ने जमकर हिस्सा लिया संगत ढोल नगाड़े बजाते हुए ढोल नगाड़े और लाइट साउंड के साथ शब्द गगायन करते हुए चल रहे थे, आज साध संगत में गजब एवं अनोखा नजारा एवं हुजूम दिख रहा था, पूरा छेत्र भक्तिमय के साथ साथ सबदो से गूंज रहा था, आज की प्रभात फेरी में गजब का उत्साह था साथ ही बड़ी संख्या में सिख समाज के पुरुष और महिला शामिल हुए। प्रभात फेरी में साध-संगत सबद गाते लोग चलते रहे. प्रभात फेरी में सबसे आगे कुज्जू गुरुद्वारा के पूर्व प्रधान सरदार रामदयाल सिंह चोपड़ा हाथों में निशान साहब लेकर संगत की अगुवाई कर आगे आगे चल रहे थे।सबना का मां पियो आप है अपने सार करे, दिन दयाल भरोसे तेरे, गुरु गुरु गुरु कर मन मोर गुरु बिना मैं नाही होर, मोर हृदय बसो गोपाल,तेरी सेवा तेरी सेवा ममाधो बिछड़े थे, जिसको पुरब लिखिया तिन सतगुर चरन गहे, तिन सतगुर चरन गहे लाख खुशिया पातशाहिया जे सतगुर नदर करे, ÷मिटी धुंध जग चानन होया, मूल खरीदी लाला गोलाशब्दों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा. लोगों में प्रफातफेरी को लेकर काफी उत्साह था।प्रभातफेरी गुरुद्वारा साहिब से निकल कर सुभाष चौक होते किला मंदिर लोहार टोला चट्टी बाजार झंडा चौक सुभाष चौक होते हुए वापस गुरुद्वारा साहिब पहुंची खालसा क्रिकेट क्लब के सदस्यों द्वारा एक अनोखा नजारा पेश किया गया, पिछले 8 दिनों से नंगे पैर निशान साहब की सेवा अपने हाथों में लिए कुजू गुरुद्वारा के पूर्व प्रधान सरदार रामदयाल चोपड़ा जी के द्वारा किया जा रहा था, इस बाबत खालसा क्रिकेट क्लब ने सरूपा सरदार रामदयाल चोपड़ा जी को देकर सम्मानित किया गया। इसकी अगुवाई गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से दलजीत सिंह आनंद गुल्लू ने खालसा क्रिकेट की तरफ से सरदार रामदयाल सिंह चोपड़ा जी को सरूपा देकर सम्मानित किया।

## स्कूली बच्चियों से छेड़खानी की घटना शर्मनाक : सिंधु झा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** गत दिनों रजरप्पा थानांतर्गत एक विशेष समुदाय के अपराधिक प्रवृत्ति के लड़कों द्वारा सरकारी स्कूल की बच्चियों के साथ छेड़खानी और विरोध करने पर मारपीट की घटना एक सभ्य समाज पर धब्बे के समान है जिसपर सरकार और प्रशासन को संज्ञान लेते हुए दोषियों को कड़ी सजा देने की जरूरत है ।जिससे स्कूली बच्चियों को सुरक्षात्मक माहौल मिले और वो निर्भय होकर पठन पाठन कार्य कर सके साथ हीं फिर कभी ऐसी घटना करने की सोचने वालों के लिए भी एक सबक हो।उक्त बातें एक विज्ञप्ति जारी कर शिक्षिका सह राष्ट्रीय मानवाधिकार परिषद की प्रदेश अध्यक्ष सिंधु झा ने कही।उन्होंने कहा की मैं स्वयं भी एक शिक्षिका हूं और चाहूंगी की स्कूलों के बाहर या आसपास बिना किसी कार्य के अड्डेबाजी कारने वालों को चिन्हित करते हुए पुलिस उचित कार्यवाही करें जिससे पढ़ने लिखने वाली बच्चियों को हम स्वक्ष माहौल दे सकें। क्योंकि अखबारों और पीड़ित लड़कियों के बयान से ये जानकारी मिली है की अपराध में शामिल लड़के पहले भी स्कूल जाने के रास्ते में अड्डेबाजी करते रहे है।



## आजसू की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** आजसू पार्टी का अनगड़ा प्रखंड कमेटी का बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड सचिव धमेन्द्र सिंह ने किया मौके पर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उराँव ने बैठक में कहा अब समय आ गया है अनगड़ा प्रखंड की गाँव स्तर से और बूथ स्तर पर कमेटी का विस्तार किया जायेगा और जुल्हा प्रमुख बनाकर पार्टी को और मजबूती प्रदान किया जायेगा इसके लिए आजसू पार्टी पंचायत स्तर से यूथ कमेटी भी बना रही है और इसके लिए पंचायत स्तर से फुटबॉल खेल किया जा रहा है जिसे यूथ को जोड़कर संगठन को मजबूत किया जायेगा मौके पर आजसू पार्टी वरीय उपाध्यक्ष जलनाथ चौधरी, आतिश महतो, जगदीश भोगता, अर्जुन राम, आशाराम महतो, जगदीश महतो, महावीर महतो, रामनाथ महतो, संजय महतो,केशव महतो आदि लोग मौजूद थे।

## दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन सत्र का आयोजन

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चितरपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सुकरीगड़ा लारी स्थित डॉ एस राधाकृष्णन् शिक्षक प्रशिक्षण के बहुउद्देशीय सभागार में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत भाषाई विविधता को बढ़ावा एवं संरक्षण÷ पर दो दिवसीय ( 24 एवं 25 नवंबर) राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन सत्र आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में मुख्य अतिथि डॉ. मिथिलेश कुमार सिंह एवं जनआकांक्षा सोसाइटी के सचिव मणिकांत सिन्हा, महाविद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रितेश कुमार, महाविद्यालयस प्रबंधन समिति के सचिव संजय कुमार प्रभाकर, महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सम्मानित सदस्य मनीष कुमार तथा सभी अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्जलित एवं डॉ. एस. राधाकृष्ण के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। सभी अतिथियों का स्वागत तिलक लगाकर एवं पौधा, मोमेन्टो एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शिव कुमार राणा के द्वारा किया गया। आज के मुख्य वक्ता डॉ. तनवीर युनुस ने भाषा कि विविधता एवं महाविद्यालय शिक्षा का वातावरण तैयार करता है कि बाते कही। डॉ. संजय भुयांन ने आज अपनी मातृभाषा विलुप्त होते जा रही है इसे संरक्षण की आवश्यकता है। डॉ. राजु ओझा ने नई शिक्षा नीति 2020 में 5+3+3+4 एवं मातृभाषा, क्षेत्रीय भाषाओं को समझने की बात कही। डॉ. निर्मल मंडल ने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 भारत में 1968 का रूपांतरित रूप है जिसमे क्षेत्रीय भाषा का समावेश किया गया है। डॉ. संजय कुमार ने कहा कि भाषा, मातृभाषा तथा क्षेत्रीय भाषा हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है।




**Office Of The Executive Engineer**
**Road Construction Department, Road Division, Chatra**

**e-Procurement Notice (11/2023-24)**
**Call No. :1**

**Short Tender Reference No. RCD/Chatra/1106/2023-24** **Date -25.11.2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Remaining work of High Level R.C.C. Bridge over Baksa in 16.255 Km. of Chauparan-Chatra road. |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 1,44,79,832=00 (Rs. One crore forty four lakh seventy nine thousand eight hundred thirty two) only. |
| 3. | Time of Completion | 06 (Six) Months |
| 4. | Last date/Time for receipt of online bid | 19.12.2023 Up to 12.00 Noon |
| 5. | Date of Publication of Tender on website | 04.12.2023 10.30 A.M. |
| 6. | Name & address of office Inviting tender | Office Of The Executive Engineer Road Construction Department Road Division, Chatra |
| 7. | Contact no. of Procurement officer | 06541-224540 |
| 8. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-2403007 |

**Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in**

**Executive Engineer,**
**Road Construction Department,**
**Road Division, Chatra**

PR 312070 (Road) 23-24 (D)



झारखण्ड सरकार
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, हजारीबाग।
ई–प्रोक्योरमेंट सूचना

ई–निविदा प्रसंग सं० :– RCD/HAZARIBAG/1386./2023-24 दिनांक :–23.11.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | पथ प्रमण्डल, हजारीबाग अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 में **Construction of HL RCC Bridges in Barkatha to Tetron Road over (i) Manpur Nala at Ch 17 th Km (Span -1 x 18.6 m), (ii) Kendua river at Ch 20 th Km (Span 1 x 12.6m), (iii) Palma river at Ch 24 th Km (Span 1 x 10.6m)** एवं**(iv)Maniadih Nala at Ch 31 st Km (Span 2 x 12.6m)** (पहुँच पथ निर्माण एवं भू–अर्जन सहित) |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | रू॰ 14,31,30,300.00 (चौदह करोड़ एकतीस लाख तीस हजार तीन सौ रूपये मात्र) |
| 3. | कार्य समाप्ति की अवधि | 24 (चौबीस) माह |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | 12.12.2023 10:30 बजे पूर्वह्न |
| 5. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 19.12.2023 12:00 बजे दिन तक |
| 6. | निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 7. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क नं० | 8709320541 |
| 8. | ई–प्रोक्योरमेट सेल का हेल्प लाईन नं० | 0651–2446007 |

अतिरिक्त जानकारी के लिए वेबसाईट पर देखें :– http://jharkhandtenders.gov.in
E-mail ID : eercdhazari-jhr@nic.in Tel. No. – 06546-225818

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, हजारीबाग।

**PR 312039 Road(23-24)D**



झारखण्ड सरकार
वित्त विभाग

**प्रेस विज्ञप्ति**

वित्त विभाग, झारखण्ड अन्तर्गत Project Management Unit (PMU) के सुदृढ़ीकरण हेतु उच्च तकनीकी कुशलता प्राप्त प्रोफेशनल को संविदा के आधार पर तकनीकी विशेषज्ञ पदाधिकारी के रूप में नियोजित करने के लिए आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। उक्त पदों पर आहर्त्ताधारी इच्छुक आवेदक, जैप आई०टी० के Online Recruitment Portal (https://recruitment.jharkhand.gov.in) पर Online आवेदन कर सकेंगे। साथ ही पदों के अनुरूप माँगे गये सभी Documents को भी आवेदन के साथ स्कैन कर उपर्युक्त वर्णित Online Recruitment Portal पर समर्पित करेंगे। अन्य माध्यमों से आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

2. संविदा आधारित नियुक्ति हेतु पदों / शैक्षणिक योग्यता / अनुभव एवं Perquisites की विवरणी

| Sl. No. | Name of the Post | No of Posts | Educational Qualification &Experience | Perquisites |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Project Director | 01 | **a)** B.Tech./B.E. (Computer Science/IT/ ECE/EEE)/ M.C.A./ M.Sc.(IT)/M.Sc.(Computer Science)/ M.Sc. (Electronics) from Government recognised University/Institute. **b)** MBA (IT & Systems/Finance) from Government University /Institute. **c)** A Senior Management Officer from CMMI Levle 5 Company or Government organizations with an experience for minimum 15 years in relevant field. | Salary-2 Lakh/Month. Technical Allowances (Including Transport Allowance,Housing Allowance and Medical Allowance)-1-2 Lakh/Month |
| 2. | Additional Project Director | 01 | **a)** B.Tech./B.E. (Computer Science/IT/ ECE/EEE)/ M.C.A./ M.Sc.(IT)/M.Sc.(Computer Science)/ M.Sc. (Electronics) from Government recognised University/Institute. **b)** MBA (IT & Systems/Finance) from Government University /Institute. **c)** A Senior Management Officer from CMMI Levle 5 Company or Government organizations with an experience for minimum 10 years in relevant field. | Salary-1.5Lakh/Month. Technical Allowances (Including Transport Allowance,Housing Allowance and Medical Allowance)-0.5-1 Lakh/Month |

3. उपर्युक्त पदों पर संविदा के आधार पर नियुक्ति से संबंधित विस्तृत सूचना वित्त विभाग के बेवसाइट (https://finance.jharkhand.gov.in) तथा जैप आई० टी० के Online Recruitment Portal (https://recruitment.jharkhand.gov.in) पर उलब्ध है।
4. आवेदन शुल्क के रूप में 100/–रूपये मात्र देय होगा, जिसका भुगतान जैप आई०टी० के Online Recruitment Portal पर उपलब्ध Payment gateway के माध्यम से ऑनलाईन किया जाएगा।
5. आवेदन समर्पित करने की अंतिम तिथि 17.12.2023 है।

ह०/–
(ज्योति कुमारी झा)
उप सचिव,
वित्त विभाग, झारखण्ड, राँची।

PR 312024 (Finance) 23-24 (D)



**NAGAR PANCHAYAT, SHRI BANSHIDHAR NAGAR**
**Nagar Panchayat Office, Shri Banshidhar Mandir road, Shri Banshidhar Nagar, District- Garhwa. Jharkhand, 822121**
**Phone No.: 8969293393 email ID: npsbnagar@gmail.com**

**(NIT No. 11/2023-24) 8th Call**
**Reference No.- ULB/NIT/SHRI BANSHIDHAR NAGAR SEPTAGE/ TENDER/1910/2022/ 794 Date: 23-11-23**
**Short Term Tender Notice**
**IMPORTANT INFORMATION**

| | |
|---|---|
| 1 Name of Work | Construction and Commissioning of Faecal Sludge Treatment Plant of Capacity 6 cum/day at Shri Banshidhar Nagar town (Jharkhand) followed by Operation and Maintenance including desludging operations for 5 years |
| 2 Estimated Cost (INR) | Construction Cost: ₹1,36,52,734/- Operation & Maintenance Cost: ₹87,57,955/- Total: ₹2,24,10,689/- |
| 3 Bid Security (INR) | ₹2,24,000/- (Rupees) |
| 4 Cost of Bid Document (INR) | ₹10,000/- (Rupees Ten Thousand Only); non-refundable |
| 5 Time of Completion | 1 year of construction which comprises 9 months of construction and 3 months of defect liability period including one month of trial run and 5 years of O&M post DLP |
| 6 Date of e-publication of tender | 23-11-2023, 16:00 Hrs |
| 7 Document downloading start Date | 23-11-2023, 16:00 Hrs |
| 8 Start date for seeking clarification | 23-11-2023, 16:00 Hrs |
| 9 End date for seeking clarification | 07-12-2023, 17:00 Hrs |
| 10 Pre bid meeting date, Time & Venue | 07-12-2023, 13:00 Hrs at Chamber of Office of Executive Officer, Nagar Panchayat Office,Shri Banshidhar Nagar Mandir road, Shri Banshidhar Nagar, Distt. Garhwa, Jharkhand – 822121. |
| 11 Bid submission end date | 11-12-2023, 17:00 Hrs |
| 12 Last day for the submission of Bid Security, cost of bid document | 11-12-2023, 17:00 Hrs |
| 13 Bid opening date (online) | 12-12-2023, 11:00 Hrs |

Complete bid document is available on website http://Jharkhandtenders.gov.in and www.garhwa.nic.in other details can be seen in the bidding documents.
*Bid security 1% of Bid amount.

**Administrator**
**Shri Banshidhar Nagar,Nagar Panchayat**

**PR 312051 Urban Development(23-24).D**



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, रामगढ़**

अतिअल्पकालीन निविदा आंमत्रण सूचना सं0–13/2023–24

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पदनाम : कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल रामगढ़।
2. परिमाण विपत्र निर्गत की तिथि एवं समय : दिनांक **04/12/2023** को अपराह्न 1:00 बजे तक ।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक **05/12/2023** को अपराह्न 3:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक **05/12/2023** को अपराह्न 3:30 बजे।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (1) अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल हजारीबाग, (2) कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, रामगढ।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : कण्डिका 5, में वर्णित (2)
7. कार्यो का विवरण :–

| क्र0 स0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Kitchen shed & Store room in Primary School, Urdu Piryatu | 18,76,400/- | 38,000/- | 5,000/ | 3 माह |
| 2 | Construction of Kitchen shed & Store room in utkramit middle school, Saragdih, Ramgarh | 23,94,700/- | 48,000/- | 5,000/- | 4 माह |
| 3 | Construction of Kitchen shed & Store room in utkramit primary school, Bhuiyajara, Ramgarh | 18,76,400/- | 38,000/- | 5,000/- | 3 माह |
| 4 | Construction of Kitchen shed & Store room in utkramit primary school, Ambwatola, Lipia, Ramgarh | 18,76,400/- | 38,000/- | 5,000/- | 3 माह |
| 5 | Construction of Kitchen shed & Store room in utkramit primary school, Gondalbera, Ramgarh | 18,76,400/- | 38,000/- | 5,000/- | 3 माह |
| 6 | Construction of Kitchen shed & Store room in utkramit primary school, Rakuwajara, Ramgarh | 18,76,400/- | 38,000/- | 5,000/- | 3 माह |
| 7 | Construction of Kitchen shed & Store room in primary school, Baghakudar, Ramgarh | 18,76,400/- | 38,000/- | 5,000/- | 3 माह |
| 8 | Construction of Kitchen shed & Store room in utkramit high school, Chari Hindi, Ramgarh | 23,94,700/- | 48,000/- | 5,000/- | 4 माह |
| 9 | Construction of Kitchen shed & Store room in NPS Bandhiya, Ramgarh | 18,76,400/- | 38,000/- | 5,000/ | 3 माह |
| 10 | Construction of Kitchen shed & Store room in NPS Chatniya Basti, Kuju, Ramgarh | 18,76,400/- | 38,000/- | 5,000/ | 3 माह |
| 11 | Construction of Kitchen shed & Store room in NPS Ajad Basti, Kuju, Ramgarh | 18,76,400/- | 38,000/- | 5,000/ | 3 माह |
| 12 | Construction of Kitchen shed & Store room in NPS Chitahiya tola, Chainpur, Ramgarh | 18,76,400/- | 38,000/- | 5,000/ | 3 माह |
| 13 | Construction of Kitchen shed & Store room in NPS Tilaiyatand, Ramgarh | 18,76,400/- | 38,000/- | 5,000/ | 3 माह |
| 14 | Construction of Kitchen shed & Store room in NPS Ambedkar tola, Sewta, Ramgarh | 18,76,400/- | 38,000/- | 5,000/ | 3 माह |
| 15 | Construction of Kitchen shed & Store room in NPS Gamhariya tand, Ramgarh | 18,76,400/- | 38,000/- | 5,000/ | 3 माह |

* निविदा की शर्तें एवं अन्य सूचनाएँ www.jharkhandtenders.gov.in पर भी देखा जा सकता है।

**कार्यपालक अभियंता**
**भवन प्रमंडल ,रामगढ़**

**PR 312013 Building(23-24).D**

## सातवीं सतरंग 2023 ऑल इंडिया डांस म्यूजिक व ड्राइंग कंपटीशन 23 और 24 दिसंबर को होगा

### जाने माने नाट्य कलाकारों द्वारा सामाजिक नाटक की होगी प्रस्तुति




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार को बेकारबांध कार्यालय में सतरंग एवं द क्लब इंडिया के निदेशक संतोष रजक ने बताया कि धनबाद में कलाकारों को प्रोत्साहित करने के लिए हर वर्ष होने वाले लोकप्रिय सांस्कृतिक कार्यक्रम आगामी 23 और 24 दिसंबर को स्टील गेट स्थित सीसीडब्ल्यूओ के ऑडिटोरियम में दो दिवसीय सातवीं सतरंग कार्यक्रम का रंगारंग आयोजन किया जाएगा। इसमें सांकृतिक नृत्य संगीत ड्राइंग के अलावा दर्शनीय एवं बेहतरीन सामाजिक थीम की नाट्य प्रस्तुति भी जाने माने नाट्य मंडली द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम के रोचक प्रतिस्पर्धाओं में स्थानिय एवं देश के दिल्ली, उत्तर प्रदेश, वेस्ट बंगाल, बिहार, ओडीसा एवं अन्य राज्यों से भी कलाकारो की आने की संभावना है। कार्यक्रम की जानकारी राजेंद्र प्रसाद, सरसी चंद्रा, संजय चंद्रा, संतोष रजक एवं राजेश सिंह ने संयुक्त रूप से दी।

## ट्रस्ट के कामों का अवलोकन करने पहुंची जापान से न्यूज की टीम

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट धनबाद द्वारा संचालित गतिविधियों एवं लाइवलीहुड रोजगार सृजित कार्यक्रमों तथा कार्य क्षेत्र को देखने एनएचके जापान के चीफ ब्यूरो ट्रस्ट के कार्यालय ममता कुंज कंचनपुर, महुदा अहले सुबह पहुंचे। कार्यालय पहुंचने पर ट्रस्ट के संस्थापक शंकर रवानी एवं ममता रवानी ने गुलदस्ता भेट कर स्वागत किया।उक्त टीम में जापान के एन एच के चैनल के चीफ ब्यूरो टाको मातोमुरा एवं एनडी टीवी की महिला रिपोर्टर भी साथ थी। उक्त टीम ने पहले जेजीभीटी कार्यालय पहुंचकर कार्यालय का अवलोकन किया तत्पश्चात ट्रस्ट के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से मिलकर ?क्षेत्र भ्रमण का शेड्यूल तय किया।




## डीएवी मॉडल स्कूल, सीएफआरआई में सीसीए पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन संपन्न



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डीएवी मॉडल स्कूल सीएफआरआई डिगवाडीह में शुक्रवार को प्रार्थना सभा में 2023-24 के प्रथम सत्र में सीसीए के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले सभी विजेता एवं उपविजेता रहे विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या महुआ सिंह ने की। प्राचार्या ने 200 छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर गौरवान्वित किया। उन्होंने इस अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि पुरस्कार अच्छे व्यवहार और प्रतिस्पर्धी भावना को प्रोत्साहित करने का एक तरीका है। उनकी इच्छा है कि उनके स्कूल के सारे बच्चे किसी न किसी क्षेत्र में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार प्राप्त करें। इंटर हाउस वॉलीबॉल प्रतियोगिता के बालक वर्ग में दयानंद सदन विजेता तथा विरजानंद सदन उपविजेता रहा एवं बालिका वर्ग में हंसराज सदन विजेता एवं श्रद्धानंद सदन उपविजेता रहा। हैंडबॉल प्रतियोगिता के बालक वर्ग में श्रद्धानंद सदन विजेता एवं हंसराज सदन उपविजेता रहा वही बालिका वर्ग में विरजानंद सदन विजेता और हंसराज सदन उपविजेता रहा। अगले बास्केटबॉल प्रतियोगिता बालक वर्ग में दयानंद विजेता सदन और श्रद्धानंद सदन उपविजेता रहा। बालिका वर्ग में विरजानंद सदन विजेता और श्रद्धानंद सदन उपविजेता रहा। अगले बैडमिंटन प्रतियोगिता बालक वर्ग में विरजानंद सदन विजेता तथा दयानंद सदन उप विजेता रहा, वहीं बालिका वर्ग में हंसराज सदन विजेता और दयानंद सदन उप विजेता रहा।

## बढ़ती ठंड को देखते हुए अलाव की व्यवस्था की मांग



**सरिया :** जेबिकेएसएस नेता धर्मपाल महतो ने सरिया नगर पंचायत में बढ़ते ठंड को देखते हुए सभी वार्डो के जरूरत मंद लोगो के बीच कम्बल का वितरण करने और सभी चौक चौराहों पर अलाव की व्यवस्था करने के मांग को लेकर नगर पंचायत कार्यालय के नगर प्रबंधक विशाल सिन्हा को सौंपा है इन्होने कहा की तत्काल बढ़ते ठंड के कारण रोजमर्रा का जिंदगी जी रहे बाजार में गरीब जुगाड़ी मजदूरों काम करने वाले लोगों के लिए सभी चौक चौराहा में तत्काल अलाव की व्यवस्था की जाए जिससे ठंड से बचा जा सके मौके पर अनिल मण्डल, बंब्लू मण्डल, शशि ठाकुर, चन्द्रिका मण्डल, सागर मण्डल, धीरज पाण्डेय, रवि मण्डल समेत कई लोग उपस्थित थे।

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में दिये गये आवेदन के एक साल बीत जाने पर भी नहीं हुआ कार्रवाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरिया :** आपकी योजना आपका सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन सरिया प्रखंड अंतर्गत कोइरिडीह पंचायत में किया गया। इस कार्यक्रम में बगोदर के विधायक विनोद कुमार सिंह ,प्रखंड विकास पदाधिकारी पायल राज एवं अंचल अधिकारी संतोष कुमार समेत कई विभाग के अधिकारी व कर्मी शामिल रहे । उक्त कार्यक्रम में पंचायत के दर्जनों लोगों ने भाग लिया। एवं विभिन्न विभागों से संबंधित सैकड़ो आवेदन इस कार्यक्रम के दौरान दिए गए। वहीं कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों व पंचायत के मुखिया के द्वारा दर्जनों लोगों के बीच पशुधन योजना के तहत चयनित लाभार्थियों को बतख एवं छात्र-छात्राओं को साइकिल लेने के लिए डमी चेक ,



निशुल्क कंबल आदि का वितरण किया गया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक विनोद सिंह ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम एक महत्वाकांक्षी योजना है जब इस योजना की शुरुआत की गई थी तब हर कैंप में भारी भीड़ उमड़ पड़ी थी और इस कैंप से लोगों को लाभ भी मिला था एक बड़ी संख्या में लोगों को स्वजन पेंशन योजना के तहत पेंशन की स्वीकृति दी गई, वहीं दूसरे चरण में स्कूल की छात्राओं को सावित्रीबाई फुले योजना के तहत लाभ दिया गया हालांकि कुछ-कुछ विभागों में आवेदन पर कार्यवाई नही हो पाई जिसकी कई वजह है, इस तीसरा चरण में लोगों को जो प्रधानमंत्री आवास नहीं मिल पाया था अब उन्हें अब वह आवास योजना के तहत सरकार आवास देने का कार्य कर रही है बेशक लोगों को योजना का फायदा लेना चाहिये वहीं मुखिया ने बताया की सरकार के द्वारा या सरकारी महकमा के द्वारा इस तरह के कार्यक्रम अक्सर चलाए जाने चाहिए। चुकी अंचल या प्रखंड कार्यालय में लोग अपनी फरियादें लेकर चक्कर काटते थक जाते हैं। लेकिन उनका काम या संबंधित कर्मचारी से मिल पाना भी मुश्किल होता है। झारखंड सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत सभी विभाग आज पंचायत में पहुंची है उम्मीद है आज के शिविर के दौरान जितने भी आवेदन प्राप्त हुए हैं उन पर विभाग द्वारा सकारात्मक पहल कर कार्रवाई की जाएगी। एवं लोगों को न्याय मिल पाएगा।

## गिरिडीह पुलिस के हत्थे चढ़े आधा दर्जन साइबर अपराधी, एक अपराधी ने निगल सिमकार्ड

### डॉक्टर ने साइबर अपराधी के पेट से निकाला सिम



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह जिले की पुलिस ने शनिवार को आधा दर्जन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी काफी शातिर हैं और लोगों को मातृत्व लाभ दिलवाने का झांसा देकर 6300 रुपया देने का लालच देते थे। इनके द्वारा पहले लोगों को फोन किया जाता था। फिर रिमोर्ट एक्सेस एप्प जैसे टीम व्यूअर,एनी डेस्क लोड करवाया जाता फिर इसी एप्प के माध्यम से लोगों को अपना निशाना बनाया जाता था। यह जानकारी गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा ने दी है।एसपी ने बताया कि उन्हें यह सूचना मिली थी कि कुछ साइबर अपराधी गांडेय व बेंगाबाद में सक्रिय हैं और एक स्थान पर बैठकर लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं।इस सूचना पर साइबर डीएसपी संदीप सुमन के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई।टीम ने छापेमारी की और छह अपराधी को गिरफ्तार किया।हालांकि एक अपराधी भागने में सफल रहा।

## कोरिडीह जंगल का हो रहा अतिक्रमण



**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बेंगाबाद प्रखंड के सोनबाद पंचायत के अंतर्गत कोरिडीह जंगल सीमा में बाहरी लोगो के द्वारा जोरो सोरो से अतिक्रमण कर के अपना अपना अधिकार ज़माने का प्रयास किया जा रहा है ।वही यंहा के लोग और सोनबाद के ग्रामीण सब चुप हैं। इधर डीएफओ और रेंजर अधिकारियों के द्वारा मना करने के बावजूद भी उनके बातों की अवहेलना करते हुए अतिक्रमण किया जा रहा हैं और बहुत सारे पेड पौधों को नष्ट कर दिए गए हैं।अगर विभाग इस पर कड़ी करवाई नही करती है तो सभी अपना अधिकार जमा लेंगे। मामले में स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि से फोन के माध्यम से पूछने के बाद पता चला है वहां पर इस तरह का कब्जा किया गया देखा नहीं है ग्रामीणों से जानकारी मिली थी।

## मांग पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा : सदानंद महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तोपचांची :** विभिन्न पांच सूत्री मांगों को लेकर युवा एकता मंच तोपचांची की ओर से शनिवार को धनबाद सिविल सर्जन तथा जिला प्रशासन का पुतला दहन किया गया। इसके पहले जुलूस निकाला गया। जुलूस रंगरीटाड, गोमो रोड, सुभाष चौक, जीटी रोड का भ्रमण करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तोपचांची पहुंचा।कार्यक्रम का नेतृत्व युवा एकता मंच अध्यक्ष सह आजसू नेता सदानंद महतो कर रहे थे। मौके पर अपने संबोधन में श्री महतो ने कहा कि अपनी 5 सूत्री मांगों को संगठन मनवाने के लिएआंदोलन चलाती रहेगी। जिसमें डॉ.एके सिंह को नियम के विरुद्ध चलकरी से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से हटकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र साहूबहियार का चिकित्सा प्रभारी बनाया गया है। डॉक्टर सिंह पर भ्रष्टाचार के आरोप न्यायालय में निलंबित हैं, विलुप्त प्रजाति क्षेत्र के पदस्थापित चिकित्सक को चलकरी से हटाना विरहोर जनजाति के साथ अन्याय है।आगे इन्होंने



आवंटित 50 बेड का अस्पताल को पुराने अस्पताल परिसर में बनाने की मांग, साहूबहियार अस्पताल में कॉटन, बैंडेज,दवा, रबीपुर इंजेक्शन, इमरजैंसी ड्रग्स, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने के नाम पर अवैध वसूली बंद हो। उन्होंने आरोप लगाया कि 18 वर्ष से एक स्थान पर पद स्थापित महाभ्रष्ट स्टोर कीपर शेखर सुमन की जांच में वर्तमान प्रभारी, सिविल सर्जन धनबाद द्वारा संरक्षण में जांच की लिपापोति कर दिया गया। तोपचांची, गोमो रोड का नाली साफ सफाई एवं गोमो रोड में झमाडा के जमीन पर कूड़ा डंप करना बंद हो।आंदोलन में मुख्य रूप से रमेश जायसवाल, कृष्णा धीवर, अमर भारती, प्रकाश ठाकुर,सरयू महतो, बबलू महतो, रखाल धीवर मंटू बावरी, विशु वाधयकर, सुशांत सिंह, विक्की भारती, राजन बावरी शिआशीष भारती, विक्रम आदि लोग मौजूद थे।

## आजसू पार्टी के छात्र एवं अन्य विंगों ने सीएम व बीबीएमकेयू के वीसी का पुतला फूंका



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** शनिवार को रणधीर वर्मा चौक पर आजसू पार्टी के छात्र एवं अन्य विंगो ने झारखंड के सीएम एवं बीबीएमकेयू के वी सी का पुतला फूंका। विगत तीन दिनों से बीबीएमकेयू धनबाद के मुख्य द्वार पर छात्र संघ के जिला अध्यक्ष विशाल महतो एवं पार्टी के अन्य नेताओं द्वारा नौ सूत्री मांगों को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे हुए हैं। परंतु अब तक बीबीएमकेयू के प्रबंधक द्वारा सकारात्मक पहल नहीं किये जाने के विरोध में जिला मुख्यालय यानी रणधीर वर्मा चौक पर सीएम एवं वी सी का पुतला दहन कर आक्रोश प्रदर्शन किया गया। वक्ताओ ने मांग पुरा नही होने पर आगे उग्र आंदोलन की चेतावनी दी तथा कहा कि अनिश्चित कालीन भूख हड़ताल मे आंदोलनकारियों को अगर कुछ अनिष्ठ होता है तो इसकी पूर्ण जिम्मेवारी प्रशासन की ही होगी। पुतला दहन मे आजसू के अधिवक्ता प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव राधेश्याम गोस्वामी, केंद्रीय सदस्य रतिलाल महतो, कुल्लू चौधरी महानगर अध्यक्ष पप्पू सिंह, बूबीएमकेयू के प्रभारी हीरालाल महतो, संतोष कुशवाहा, विकास कुमार, विवेक महतो, विक्की कुमार, प्रेम मोदक, सोनू कर्माकर, बबलू महतो, सुदामा महतो, विनय पासवान आदि मौजूद थे।

## टुंडी की विकास के लिए आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार मील का पत्थर साबित हो रहा है : मथुरा प्रसाद महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टुंडी :** झारखंड सरकार के चार साल के कार्यकाल पूर्णहोने के उपलक्ष में टुंडी प्रखंड के बरवाटांड पंचायत भवन के बगल स्थित मध्य विद्यालय प्रांगण में आज तीसरे चरण का विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया।इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड सरकार द्वारा चलाई जा रही इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ टुंडी के ग्रामीणों को भरपूर लेना चाहिए ।इस अभियान में विभिन्न विभागों के कुल 24 स्टाल लगाए गए थे संबंधित स्टालों में लोगों ने अपनी समस्याओं



से संबंधित आवेदन जमा किया लाभुकों को जॉब कार्ड, धोती साड़ी, पेंशन स्वीकृति पत्र, केसीसी ऋण स्वीकृति पत्र, बरवाटांड पंचायत के महिला स्वयं सहायता समूह कि कुल 9 लाख रुपए का चेक एवं स्कूली छात्राओं के बीच साइकिल खरीद के लिए 4500 रुपए का चेक एवं जाति आवासीय के अलावा कई तरह की लाभ ग्रामीणों को दिया गया ।

## महुदा-खानुडीह रेलखंड को अवैध कोयला खनन से खतरा

# कभी भी रेलवे ब्रिज से हो सकता है दुर्घटना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा के मुचिरायडीह बंद रेलवे फाटक से सटे इलाकों में बड़े पैमाने पर कोयले का अवैध कारोबार संचालित है।

जो मुचिरायडीह रेलवे फाटक बी.जी -22 से महज 50 मीटर दूर जमीन के नीचे से अवैध तरीके से कोयला निकाला किया जा रहा है। जिस जगह से कोयला उत्खनन किया जा रहा है।

उत्खनन के लिये जो सुरंग बनाई गयी हैं, वह रेलवे ट्रेक की तरफ जा रही हैं। ऐसे में डर है कि रेल पटरी के नीचे से मिट्टी हटने



पर जमीन कहीं खोखली ना हो जाए। ज्ञात हो कि महुदा खानुडीह होकर राजधानी पैसेंजर सहित कई ट्रेन काफी तेज रफ्तार से गुजरती हैं। वहीं इन दिनों यहां सैकड़ों की संख्या में अवैध मुहाने खोल दिए गए हैं, जहां अंदर जा कर कोयले की कटाई की जाती है। मालूम हो कि कि अवैध मुहानों से कोयला निकालने के लिए कोयला तस्कर डायनामाइट का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिसका सीधा असर रेल लाइन व नये बने रेलवे ब्रिज पर पड़ सकता है। यदि निकट भविष्य में काले कारोबार का यह विनाश कारी खेल बंद नहीं हुआ तो इससे किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता हैं।

## गिरिडीह में 17 वर्षीय छात्रा ने लगाई फांसी



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार को गिरिडीह ज़िले के मुफ़स्सिल थाना क्षेत्र के सिहोडीह मोरियापुरी कॉलोनी में 17 वर्षीय खुशी कुमारी नामक युवती ने फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी के अनुसार युवती बेंगाबाद थाना क्षेत्र के ताराटांड की निवासी थी और क़रीब दो साल से मौर्यपुरी कॉलोनी मे नरेश वर्मा के घर मे भाड़े पर रहकर पढ़ाई कर रही थी। बता दें की युवती 12 वीं की छात्रा थी । गिरिडीह कॉलेज में पढ़ाई करती थी। बहरहाल आत्महत्या के पीछे कि वजह अभी सामने नहीं आ पायी है। सुचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुँच गयी है और मामले की जांच में जुट गयी है।

## बच्चों को विद्यालय से ही भविष्य के लिए वैज्ञानिक, चिकित्सक बनने कि प्रेरणा मिलती है : वैज्ञानिक डॉ सुजीत कुमार मंडल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल डिगवाडीह में शनिवार को वार्षिक प्रदर्शनी सह कार्टून को लेकर बच्चों द्वारा प्रेप का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी के मुख्य अतिथि सिंफर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ सुजीत कुमार मंडल ने विशिष्ट अतिथि स्कूल के निदेशक डॉ आर. एन चौबे एवं प्राचार्य रूना दुबे के साथ संयुक्त रूप से दीप जला कर प्रदर्शनी का उद्घघाटन किया। मौके पर मुख्य अतिथि ने बच्चों के द्वारा बनाऐ गए मॉडल की तारीफ करते हुए बच्चों को सलाह दिया की वे आगे भी विज्ञान सहित अन्य क्षेत्र मे लगन और मेहनत से काम कर नई तकनीकी का आगाज करने में भूमिका निभाएं। मौके पर प्रशांत श्रीवास्तव, अजय चौबे, पंकज चौबे, सुब्रतो बोस, नागेंद्र पासवान, प्रवीण, राखी, बुबुन, शशि, साँचैता, उमा अंकित, पूजा, प्राची, यशोदा, निक्की, दिनेश साक्षी, लवली, सिद्धार्थ, विक्रम, माणिक, पूनम, सलीम, विक्रांत, सोनू, अमित राहुल, एस के मंडल, मुख्तार, शबनम आदि मौजुद थे।

## सदर अस्पताल में तनाव मुक्त शिविर का आयोजन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सदर अस्पताल में शनिवार को तनाव मुक्त शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें रांची से पहुंचे विशेषज्ञ मनोचिकित्सक डॉक्टर के द्वारा अनेकों मरीजों को देखा गया। इस दौरान मरीजों को निशुल्क दवा भी दी गई। मनोचिकित्सक डॉ रशुल ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से विभिन्न जिलों में प्रत्येक माह के तीसरे शनिवार को तनाव मुक्त शिविर आयोजन की जाती है।

## रेल मंत्री ने भारतीय रेलवे के सुरक्षा पहलुओं की विस्तृत समीक्षा की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से भारतीय रेलवे के सुरक्षा पहलुओं की विस्तृत समीक्षा की गयी। इस समीक्षा बैठक में रेल मंत्रालय के बोर्ड के सदस्यगण, क्षेत्रीय रेलवे के महाप्रबंधक सहित अन्य विभागाध्यक्ष तथा सभी मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक एवं अधिकारीगण तथा आरडीएसओ के अधिकारीगण वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित थे । बैठक में रेलवे से जुड़े विभिन्न सुरक्षा पहलुओं पर गहन चर्चा की गयी। बैठक में माननीय रेल मंत्री ने स्वचालित सिग्नलिंग, लाईन कर्मचारियों की कार्यावधि, यार्ड रिमॉडलिंग एवं यार्ड इंफ्रास्ट्रक्चर में सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं तथा डस्टर मैनेंजमेंट टीम पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया। इसके



अलावा उन्होंने पाक्षिक सुरक्षा कार्य योजना (Fortnightly Safety Action Plan) बनाने और उसकी नियमित समीक्षा करने के भी निर्देश दिये । इस समीक्षा बैठक में पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री अनिल कुमार खंडेलवाल अपनी टीम के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे ।

# गजनी पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आप तक पहुंचाना सरकार का उद्देश्य : सुजाता कुजुर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड के गजनी पंचायत स्थित फुटबॉल मैदान में 25 नवंबर शनिवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भूमि उपसमाहर्ता सुजाता कुजूर,प्रविपदा पवन कुमार महतो, जिला परिषद सदस्य सुखदेव उरांव, अंचल अधिकारी कमलेश उराँव, प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष अनीस अहमद खान,उपाध्यक्ष बुधुवा उराँव,थाना प्रभारी शंखनाथ उराँव,मुखिया सुमन उरांव सहित मंचासीन अतिथियों ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भूमि उप समाहर्त्ता सुजाता कुजूर ने उपस्थिति ग्रामीणों से कहा कि आप सभी को अपने कई कार्यों को लेकर प्रखंड,अंचल व जिला कार्यालय आना जाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आपको आपके ही क्षेत्र में मिले व समस्याओं का समाधान आपके क्षेत्र में ही समय पर हो इसी उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों पर जाकर सरकार की योजनाओं की जानकारी लेने एवं आवेदन देने की अपील की। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान लोगों को सरकार की विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूक करते हुए योजनाओं का मौके पर लाभ लेने हेतु ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार ने सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों को देते हुए कहा कि युवाओं को वित्तीय मदद उपलब्ध कराकर उन्हें स्वरोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का संचालन किया जा रहा है जिसके तहत 50 हज़ार रुपए तक के लोन के लिए किसी भी गारंटर की जरूरत नहीं है। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि सरकार द्वारा सर्वजन पेंशन योजना का संचालन किया जा रहा है जिसके माध्यम से 60 वर्ष से अधिक आयु के वैसे सभी बुजुर्ग जो कि सरकारी सेवा में नहीं रहे हो और आयकर नहीं देते हो वैसे व्यक्ति पेंशन का लाभ ले सकते हैं। उन्होंने झारखंड फसल राहत योजना, सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना, केसीसी, सोना सोबरन धोती साड़ी योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना, पशुधन विकास योजना, मनरेगा, श्रम कार्ड सहित अन्य योजनाओं की विस्तृत रूप से सभी को जानकारी दी। इस बीच कार्यक्रम का संचालन बीडीओ पवन कुमार के द्वारा करते हुए क्षेत्र के जनता से सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ लेने हेतु आगे बढ़कर लाभ प्राप्त करने की बात कही गई। मौके पर अंचल अधिकारी, प्रवीण भारती अधिवक्ता,जिला अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक कुमार, अंचल अधिकारी कमलेश उरांव, ब्लॉक कृषि पदाधिकारी किशोर उरांव, कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रखण्ड अध्यक्ष रशीद अंसारी, मोजहिर अंसारी आदि हजारों ग्रामीण जनता मौजूद थे।

# मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर एवं मासिक लोक अदालत का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** नालसा नई दिल्ली एवं झालसा रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा द्वारा आज दिनांक 25 नवंबर 2023 को लोहरदगा प्रखंड के सभी सातों ब्लॉक में मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कुल 1,86,877 लाभुकों के बीच एक करोड़ बत्तीस लाख नौ हजार एक सौ तैंतालीस रुपए की परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। आज के मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर हेतु कुल सात टीमों का गठन किया गया था। मुख्य कार्यक्रम नगर भवन स्थित नगर सभागार में आयोजित किया गया। जिसमें प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजेंद्र बहादुर पाल,प्रधान जज,कुटुंब न्यायालय श्री सुभाष,उपायुक्त डॉक्टर बाघमारे प्रसाद कृष्ण पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमा एवं राजेश कुमार सचिव,जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा उपस्थित रहे। जबकि किस्को प्रखंड हेतु वरीय सिविल जज अर्चना कुमारी,सेन्हा प्रखंड हेतु मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री चंदन, भंडरा प्रखंड हेतु न्यायिक मजिस्ट्रेट राज कल्याण, कुडू प्रखंड हेतु प्रधान मजिस्ट्रेट पूजा कुमारी लाल, पेसरार प्रखंड हेतु मध्यस्थ अधिवक्ता हेमंत कुमार सिन्हा एवं सुदामा साहू तथा कैरो प्रखंड के लिए मध्यस्थ अधिवक्ता श्री प्रवीण कुमार भारती को नियुक्त किया गया। नगर भवन स्थित मुख्य कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजेंद्र बहादुर पाल, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय श्री शुभाष, लोहरदग जिले के उपायुक्त डॉक्टर बाघमारे प्रसाद कृष्ण,पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमा,एवं डालसा सचिव राजेश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। आज नवंबर माह का मासिक लोक अदालत का आयोजन भी किया गया था जिसके लिए दो बेंचों का गठन किया गया था। बिजली संबंधित मामले एवं अन्य सिविल एवं क्रिमिनल अपीलीय मामलों को लिए श्री अरविंद कुमार,तृतीय जिला जज के नेतृत्व में बेंच संख्या एक जबकि अन्य सिविल एवं क्रिमिनल विवादों के लिए सुचिता निधि तिग्गा न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी के नेतृत्व में बेंच संख्या 2 का गठन किया गया था जिसमें कुल 19 वादों का निष्पादन किया गया एवं 2162727 रूपये के राजस्व की वसुली किया गया।

# सभी राजनीतिक पार्टियों ने युवाओं को सिर्फ इस्तेमाल किया : विभव संदेश एक्का



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कोलेबिरा प्रखंड अंतर्गत नगर भवन कोलेबिरा में झारखंड पार्टी के जिला युवा अध्यक्ष विभव संदेश एक्का के अध्यक्षता में युवा कार्यकर्ता सम्मेलन किया गया जिसमें कोलेबिरा प्रखंड में युवाओं के लिए समिति का निर्माण किया गया। जहां पर प्रखंड अंतर्गत सभी पंचायत से सैकड़ो के तादाद में युवाओं ने भाग लिया। जिसमें सर्वसमिति से अध्यक्ष पद के लिए जोहान केरकेट्टा, कार्यकारी अध्यक्ष बलराम सिंह, वरिष्ठ अध्यक्ष एडविन बा-, सचिन गुलशन महतो, उपाध्यक्ष सरवर खान, महेश सिंह, काशिफ हसन, गणेश केरकेट्टा, पवन विश्वकर्मा, संजीत नायक, सहसचिव बलराम सिंह, पवन मिंज, अनमोल टोपनो, अशोक नायक, डेविड बागे आदि को चुना गया। वहीं जिला कमेटी के लिए राहुल कुमार को सह सचिव एवं दिवाकर दास को जिला उपाध्यक्ष के रूप में चुना गया। झारखंड पार्टी के युवा कार्यकर्ता सम्मेलन में विभव संदेश से करने कहा कि आज पूरे देश की युवा के सामने सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है। आज युवा रोजगार की तलाश में भटक रहे हैं और सही रोजगार के तलाश में अपना समय गवा रहे है। सरकार बिल्कुल भी युवाओं के रोजगार उपलब्ध कराने को लेकर ईमानदार नहीं दिखती है। आप सभी जानते हैं कि युवा पीढ़ी देश का दशा और दिशा तय करने पर अपना अहम योगदान देता है परन्तु राजनीतिक दल सिर्फ युवा को चुनाव के समय में सिर्फ अपना हथियार बना कर इस्तेमाल करते हैं परन्तु मैं झारखंड पार्टी के जिला युवा अध्यक्ष विभव संदेश एक्का आपलोगो को आश्वस्त करना चाहता हूं कि अगर आप सभी युवा मिलकर उस जगह पर पहुंचाते हैं 2024 के कोलेबिरा विधानसभा चुनाव में मेरी ईमानदारी से मदद कर अपना प्रतिनिधी चुनते हैं तो आपकी लड़ाई को सड़क से लेकर सदन तक पहुंचाने का काम करूंगा।

# शिक्षक शिक्षिकाओं का चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में प्रखंड क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक शिक्षिकाओं का चार दिवसीय बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान का रिफ्रेशर प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण के क्रम में मुख्य रूप से प्रशिक्षक अशोक भगत, अवधेश यादव तथा सूर्यकांत भगत, के द्वारा गणित में टीएम का उपयोग ,संख्या ज्ञान सीखने का प्रतिफल, गणित सीखने में बच्चों का आकलन, हमारी कक्षा कैसी हो, लिखित तथा समृद्ध माहौल के माध्यम से बच्चों का शिक्षण गतिविधि किस प्रकार किया जा सकता है। उस पर समझ बनाने के कार्य में प्रशिक्षण के माध्यम से विस्तारपूर्वक उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं को जानकारी दिया गया। तथा प्रशिक्षकों द्वारा शिक्षक शिक्षिकाओं से पठन पाठन कार्य के संदर्भ में प्रश्नोत्तर किया गया। साथ ही प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य रूप से सिनी टाटा ट्रस्टस के सदस्यों द्वारा भी सहयोग किया गया। मौके पर प्रशिक्षण में प्रखंड शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी प्रकाश रंजन सिनी टाटा ट्रस्टस के सहयोगकर्ता तरुण कुमार, सीमा श्वेता टोपनो, गणेश कुमार लाल, गंगा उराँव, चाँदनी शाहदेव, अनवर अंसारी, प्रतिमा कुमारी, परमेश्वर कुमार महतो, सुमिता टोप्पो, जगदेव उराँव, अंजू लकड़ा, दुर्गा भगत, कुरैशा खातुन, मोहन राम, शमशाद आलम,बिशुन उराँव, रूबी खातुन, बालाकृष्णा सिंह सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएँ उपस्थित थे।

## बाल शोषण पर होटल संचालक के विरुद्ध श्रम अधीक्षक ने कराया प्राथमिकी दर्ज

**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बाल एवं किशोर श्रमिक प्रतिषेद अधिनियम के तहत सेन्हा थाना क्षेत्र में श्रम अधीक्षक द्वारा सघन छपेमारी अभियान के दौरान रोमित ढाबा में किशोर से बाल मजदूरी कराते हुए पकड़ा गया। सेन्हा थाना क्षेत्र के नौदी सीमावर्ती में संचालित होटल एवं अन्य व्यवसायिक संस्था में श्रम अधीक्षक सह निरीक्षक दिनेश भगत द्वारा टीम के साथ बाल मजदूरी के विरुद्ध सघन छपेमारी अभियान चलाते हुए एक होटल संचालक को नाबालिग से कार्य करवाते हुए पकड़ा गया। बाल शोषण अधिनियम के तहत नाबालिग बलवंत केवट पिता स्वर्गीय बंधनु केवट से होटल संचालक हीरालाल साहू द्वारा होटल में कार्य कराया जा रहा था। उसी दौरान श्रम विभाग के अधिकारियों द्वारा जांच किया गया और जिसकी पुष्टि होने पर बाल श्रम अधिनियम के तहत सेन्हा थाना कांड संख्या 149/23 दर्ज कर धारा 374,14 आईपीसी के तहत होटल संचालक हीरालाल साहू के विरुद्ध कारवाई प्रारम्भ कर दिया गया। बताया जाता है कि गुमला जिला के सिसई थाना क्षेत्र अंतर्गत केदली पाकरटोली निवासी स्वर्गीय बंधनु केवट के 12 वर्षीय पुत्र बलवंत केवट से रोमित ढाबा होटल में प्रत्येक दिन बाल मजदूरी कराया जा रहा था। जिसके आलोक में श्रम विभाग द्वारा कारवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराया गया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने कहा कि श्रम अधीक्षक दिनेश भगत के द्वारा सेन्हा थाना के समीप संचालित रोमित ढाबा में छपेमारी के क्रम में बाल मजदूरी कराते हुए एक नाबालिग बच्चा पकड़ा गया। जिस पर श्रम विभाग के आवेदन को संज्ञान में लेते हुए प्राथमिकी दर्ज कर होटल संचालक हीरालाल साहू पिता स्वर्गीय चन्द साहू के विरुद्ध कारवाई किया जा रहा है।

# हमारी गठबंधन की सरकार आपके द्वार तक आई है : विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जलडेगा प्रखड अंतर्गत कोनमेरला पंचायत में विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी के निर्देसानुसार आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार में उपस्थित हुए जिला विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि अर्जुन होरो, प्रखंड अध्यक्ष सुशील जाडिया, आवाध साहू सहबाज अली उपस्थित हुए। जिला विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि आज हमारी सरकार आपके द्वार तक आई है ताकि आपकी समस्या का समाधान हो सके जैसे कि मैं आपको बता देना चाहता हूं कि हमारे माननीय विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी गांव की ऐसे बहुत सारी समस्या को जब देखा उसी को देखते हुए सरकार से बात किया और आज कांग्रेस गढ़बंधन की आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार का कार्यकर्म हर एक पंचायत में लगा रहा है। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार÷ कार्यक्रम में अतिरिक्त हरा राशन कार्ड बनाया जायेगा। वहीं सरकार की योजनाएं जैसे बिरसा हरित ग्राम योजना, पोटो हो खेल विकास योजना, फूलो-झानो आशीर्वाद अभियान, रोजगार सृजन योजना, पशुधन विकास योजना, सोना सोबरन धोती-साड़ी वितरण योजना, कंबल वितरण, छात्रवृत्ति योजना, सर्वजन पेंशन योजना जैसी कई लोक कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने का लक्ष्य हमने तय किया है।

# डालसा द्वारा विधिक जागरुक्ता शिविर का आयोजन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में डालसा द्वारा विधिक जागरुक्ता शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य रूप से मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी डॉक्टर चन्दन कुमार, डालसा के पैनल अधिवक्ता लाल धर्मेन्द्र देव बीडीओ तथा सीओ द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। डालसा द्वारा आयोजित विधिक जागरुक्ता शिविर में ग्रामीणों को कानूनी प्रक्रिया के तहत अपने हक अधिकार के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। डालसा के पैनल अधिवक्ता लाल धर्मेन्द्र देव् ने वाद पूर्ण समझौता के बारे विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि डायन बिसाही उत्पीड़न मामला, धोखाघड़ी मामला, दहेज उत्पीड़न मामला, परिवारिक विवाद सहित अन्य मामलों का निपटारा मध्यस्था के माध्यम से कराया जाता है। साथ ही कहा कि गरीब व्यक्तियों को मुफ्त में कानूनी सलाह देते हुए न्यायिक प्रक्रिया के लिये अधिवक्ता उपलब्ध कराया जाता है। आगे कहा कि शिक्षा एवं जागरुक्ता की विशेष आवश्यकता है। जिसे न्यायिक प्रक्रिया सुलभ हो। वही मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी डॉक्टर चन्दन कुमार ने कहा कि अनुच्छेद 39 के तहत सभी महिला पुरुष को समान अधिकार प्राप्त है। अनुच्छेद 21 ए के तहत शिक्षा के विषय मे बताया गया। डालसा के माध्यम से असहाय गरीब वर्ग के ग्रामीणो को न्याय दिलाया जाता है।

# बिमरला में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत रैली का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय खान ब्यूरो रांची प्रक्षेत्र में के दिशा निर्देश पर हिंडालको (मिनरल्स एंड मिनरल्स) द्वारा संचालित बिमरला बॉक्साइट माइंस क्षेत्र में स्वच्छता पखवाड़ा 16 नवंबर से 30 नवंबर 2023 तक मनाया जा रहा है। स्वच्छता पखवाड़ा के तहत खनन क्षेत्र में स्वच्छता के प्रति खनन कर्मियों को जागरूक करना, खान क्षेत्रों के कार्य स्थलों में स्वच्छता अभियान चलाया जाना, खनन क्षेत्र के आसपास के विद्यालयों के बच्चों के बीच सीएसआर कार्यक्रम के तहत स्वच्छता की जानकारी देना एवं स्वच्छता ही सेवा के तहत हाथ धुलाई, वाद विवाद प्रतियोगिता, एवं स्लोगन, पेंटिंग बैनर व पोस्टर के माध्यम से जन जागरूकता अभियान चलाना तथा ग्रामीण क्षेत्र के ग्रामीणों के बीच युवाओं, स्वयं सहायता समूह एवं युवकों की टीम बनाकर स्वच्छता कार्यक्रम चलाना आदि कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। साथ ही साथ आसपास क्षेत्र में रैली के माध्यम से स्वच्छता पखवाड़ा में शपथ, स्वच्छता कार्यक्रम, स्वच्छता के प्रति जागरूकता कार्यक्रम अभियान चलाया जा रहा है। आज कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम सीएसआर विभाग के अभय भारती ने सबों को स्वच्छता शपथ दिलाई।बिमरला खान क्षेत्र अंतर्गत कार्य करने वाले खनन कर्मी व अधिकारी गणों की उपस्थिति में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत बृहद स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया।

## एसोसिएशन द्वारा सौरभ प्रसाद, अनिल उरांव को स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया सम्मानित



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड ट्रक ऑनर्स एसोसिएशन लोहरदगा, गुमला, लातेहार का एक शिष्ट मंडल लोहरदगा जिला परिवहन पदाधिकारी सौरभ प्रसाद से उनके कार्यालय में भेंट कर उन्हें वर्ल्ड ग्लोब (ओल्ड ग्लोब) का प्रारूप एवं लोहरदगा सदर थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अनिल उरांव को भारत का स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए दीपावली एवं छठ की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इन दोनों पदाधिकारीयों ने भी सभी जिला वासियों को सभी पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दिए। शिष्ट मंडल ने जिला परिवहन पदाधिकारी सौरभ प्रसाद को परिवहन कार्यालय में परिवहन संबंधित सभी तरह के कार्य जल्द हो जाने के कारण उन्हें आभार जताते हुए परिवहन संबंधित कई विषयों पर चर्चा की। शहर में आए दिन लग रहे जाम एवं नाबालिक बच्चों के द्वारा सड़कों पर बे हिसाब बाइक चलाने और गाड़ियों में अधिक मात्रा के चुंगी वाले हॉर्न से हो रही कठिनाइयों के विषय में चर्चा किया गया। इस पर परिवहन पदाधिकारी ने कहा कि दो वर्ष पूर्व में मैं लोहरदगा जिला में कुछ महीने के लिए इसी पद पर कार्यरत था,और यहां के कई परिस्थितियों से हम अवगत भी है,और किसी प्रकार का दुर्घटना ना घटे उन सभी बिंदुओं पर नजर रखते हुए तेज रफ्तार से बाइक चला रहे लोगों पर करवाई की जाएगी। और कहा की परिवहन संबंधित किसी भी प्रकार की समस्याओं का यथाशीघ्र निदान किया जाएगा। कार्यकारी अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि जिला प्रशासन के सहयोग से सभी पर्व हर्षो उल्लास के साथ एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ, इसके लिए जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया,मुलाकात करने वाले में कार्यकारी अध्यक्ष दीपक सर्राफ, उपाध्यक्ष मोहम्मद कैश, अवधेश मित्तल, शशि भूषण सिंह, हर्षित सोनी,मो.हलीम अहमद,अतुल कुमार आदि थे।

# रामपुर में चार दिवसीय श्री हरिनाम रस अमृत महोत्सव, भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारंभ

## कलश यात्रा के दौरान अंजुमन इस्लामिया द्वारा फल, चना, गुड़, शरबत का किया गया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले के रामपुर ग्राम में होने वाले चार दिवसीय अनुष्ठान में भव्य कलश यात्रा के साथ श्री हरि नाम रसअमृत महोत्सव 2023 आरंभ हुआ। हजारों महिलाओं के सहभागिता में भक्सो ग्राम स्थित शंख एवं कोयल नदी के संगम तट से पवित्र जल उठाने को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। जिसे 1101 श्रद्धालुओं द्वारा अति प्राचीन उमानाथ मंदिर से रामपुर ग्राम तक लगभग 7 किलोमीटर की लंबी यात्रा करके लाया गया। वही कलश यात्रा में यज्ञ आचार्य पंडित श्री विभाकर पाठक, प्रणव पाठक,दिवाकर पाठक महाराज जी के द्वारा वैदिक मंत्र कर के साथ वरुण देवता का आवाहन कर जल उठाया गया। कलश यात्रा में मुख्य यजमान श्री कृष्णा चौधरी सपत्नीक के द्वारा अनुष्ठान प्रारंभ किया गया। कलश यात्रा में उपस्थित भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय महामंत्री एवं रांची की महापौर श्रीमती आशा लकड़ा के द्वारा भी मुख्य कलश में जल भरकर यज्ञ स्थल तक लाया गया जहां यज्ञ स्थल में पंचांग पूजन वेदी पूजन एवं सर्वतो भद्र मंडल सोडस मातृका नवग्रह देवता सप्त घृत मातृका आदि देव देवियों का सविधि पूजन कर 72 घंटे के लिए अखंड हरी नाम संकीर्तन ,हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे,कृष्णा हरे हरे कृष्णा कृष्णा कृष्णा हरे हरे महामंत्र का नृत्य वाद्य संगीत के साथ रामपुर कीर्तन महिला मंडली के द्वारा प्रारंभ किया गया। यह महोत्सव का समापन दिनांक 28 नवंबर 2023 मंगलवार को 2-30 बजे पूर्णाहुति हवन एवं भंडारे के साथ किया जाएगा। साथ ही इस्कॉन रांची टीम के द्वारा रामपुर ग्राम में समापन पर नगर कीर्तन का भी आयोजन किया गया है। श्री हरि नाम रस अमृत महोत्सव को सफल बनाने में श्री शंभू कुमार सिंह, प्रदीप साहू, उमेश साह, शिवधन साहू, भवेश ठाकुर, रॉबिन साहू, भोला कुमार, अमित कुमार सिंह, ध्यान साहू, बिगन महली, सुखेंद्र साहू, फुलदेव लोहारा, महली उरांव, धनु साहू, कृष्णा चौधरी, ममता देवी, अलका देवी, ऋतुराज कुमार साहू, रिशु साहू, बिहारी सिंह सहित हजारों ग्रामीण महिला पुरुष एवं बच्चो ने भाग लिया है।

# अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन में सम्मान समारोह सह अविराम हाट का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टिको कुरू लोहरदगा में सम्मान समारोह सह अविराम हाट का आयोजन किया गया। लोकतंत्र के चतुर्थ स्तंभ और अपनी जान की परवाह नहीं करने वाले पत्रकारों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमे विविध प्रतिष्ठित समाचार पत्रों के संवाददाताओं का पारंपरिक स्वागत, दीपप्रज्जवलन कर झारखंड का पारंपरिक गमझा ओढ़ा कर शॉल और हस्त निर्मित उत्पाद प्रदान कर सम्मान सचिव इंद्रजीत कुमार द्वारा किया गया जिसके पश्चात अविराम हाट में प्रशिक्षुओ द्वारा लगाई गई बहुरंगी दुकानों का निरीक्षण किया गया, कुंदन गिद्ध द्वारा गुप चुप स्टॉल, आफताब आलम द्वारा चाट स्टॉल, ऋतु मुक्ता द्वारा चाट स्टॉल, ममता टोप्पो द्वारा हस्तनिर्मित पेंटिंग और सजावटी सामग्री, मनुद्वारा पकौड़ा चाय, प्रियंका द्वारा धुस्का, पंकज भर्ती द्वारा नर्सरी, जंगबहादूर द्वारा चाऊमीन के स्टॉल अपनी निगरानी में प्रशिक्षुओं से लगवाए गए। जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में झारखंड की वेशभूषा, खान पान, पहले की संस्कृति, प्रसिद्ध स्थानों आदि की प्रदर्शनी आयोजित की गई जो शिव और शशि के द्वारा आयोजित हुई। जंगबहादुर महतो और आफताब आलम द्वारा एलुमनी स्टूडेंट्स में संजीत, खालिद, अमित, पवन, शंकर, सुजीत आदि और अभिभावकों में नीता, रश्मि, कपिल, एग्नेश जहां आरा, उमेश, लवलेश, गोविंद, विजय, एलिजाबेथ,मोहन, अनिमा, सुमित्रा, दीपक, पुनीदास, एतमनी आदि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।सभी ने कार्यक्रम की और प्रशिक्षुओं द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। प्राचार्य डॉ प्रतिमा त्रिपाठी ने बताया कि इस कार्यक्रम का ध्येय अपने स्थानीय लोकतंत्र के प्रहरियो का सम्मान, आपनी संस्कृति से परिचय,नए और पुराने बच्चो के साथ अनुभव साझा,अभिभावको के फीडबैक लेना जिससे सुधार किए जा सके।सचिव इंद्रजीत कुमार ने पधारे सभी पत्रकार बंधुओ का हार्दिक धन्यवाद दिया और सभी अभिभावको के प्रति आभार प्रकट किया और कहा कि अविराम पुस्तकीय ज्ञान के साथ साथ जीवनोपयोगी ज्ञान प्रदान करने के लिए सदैव तत्पर रहता है।

## दूसरी एकलव्य राष्ट्रीय स्तर की ताइक्वांडो चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए टीम हुई आगरा रवाना



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमडेगा ताइक्वांडो संघ द्वारा कोलेबिरा प्रखंड के अंकित कुमार, विश्वनाथ विश्वकर्मा और कोच पप्पू कुमार ने 26-27 नवंबर 2023 को होने वाली दूसरी एकलव्य राष्ट्रीय स्तर की ताइक्वांडो चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए आगरा के लिए रवाना हुवे। संघ के सचिव दयाराम मेहर और कोषाध्यक्ष गोविंद प्रधान ने खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन कर जिले एवं राज्य का नाम रोशन करने के लिए शुभकामनाएं और आशीर्वाद दे कर टीम को रवाना किया। यह जानकारी संघ के सचिव दयाराम मेहर ने दी।

## झामुमो जनता को बना रही है बेवकूफ, मुख्यमंत्री करें कोलेबिरा को अनुमंडल बनाने की घोषणा : सन्देश एक्का

**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जब से राज्य में हेमंत सोरेन की सरकार आई है सिर्फ आम जनता को बेवकूफ बनाने और लोगों को सिर्फ और सिर्फ एक दूसरे से लड़ने का प्रयास कर रही है ,राज्य में हर तरफ अराजकता का माहौल है लेकिन इसे रोकने में मुख्यमंत्री पूरी तरह से विफल है, उक्त बातें पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने कहीं, उन्होंने कहा कि लगातार झारखंड मुक्ति मोर्चा कोलेबिरा के कार्यकर्ता अनुमंडल बनने की मांग कर रहे हैं यह सिर्फ एक दिखावा है, जब झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार है राज्य के मुख्यमंत्री झारखंड मुक्ति मोर्चा से हैं तो देर किस बात की..? वह तत्काल घोषणा करें और लोगों को सौगात दें। वे जब मुख्यमंत्री नहीं थे तब उन्होंने कहा था कि मुख्यमंत्री बनते ही कोलेबिरा को अनुमंडल बनाऊंगा लेकिन 4 साल होने का बावजूद कोलेबिरा का सुध नहीं लिया।

## चलते चलते एक नजर

### संत मरियम स्कूल में रंगोली और मेहंदी प्रतियोगिता संपन्न



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को को संत मरियम विद्यालय में रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिता कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में कक्षा छः से दसवीं के छात्र - छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव जी ने कहा कि बच्चों में छिपी प्रतिभा को उभारने की जरूरत है। प्रतियोगिता के आधार पर हीं उनकी प्रतिभा को उभारा जा सकता है।आज के वर्तमान परिवेश में शिक्षा के अलावा मेहंदी रंगोली सहित सभी क्षेत्रों में बच्चों को पारंगत होने की आवश्कता है बच्चे स्वभाव से हीं प्रतिभावान होते हैं।अपनी-अपनी प्रतिभा के सहारे हीं बच्चे आगे चलकर समाज तथा राष्ट्र का नाम रोशन करेंगे। अतः तरह-तरह की प्रतियोगिता विद्यालय में होती रहनी चाहिए। मौके पर सभी शिक्षक मौजूद रहें।

### हैदरनगर में रेल पटरी पर मिला बिहार के मजदूर का शव



**हैदरनागर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्व मध्य रेलवे के मुगलसराय रेल मंडल अंतर्गत हैदरनगर रेलवे स्टेशन से सटे रेल पटरी से शनिवार सुबह एक अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद किया गया. शव को देखने का स्पष्ट हो रहा था कि किसी ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हुई होगी. कुछ देर छानबीन चलने के बाद शव की पहचान हुई. रेल प्रशासन के अनुसार शव बिहार के कटिहार निवासी 50 वर्षीय शिवचरण ऋषि की है. मजदूर के परिजनों को इस संबंध में जानकारी दी जा रही है.यह घटना हैदरनगर बाजार रेल फाटक संख्या 50 सी के बीच की है. सामने में शराब की दुकान है. आशंका व्यक्त की जाती है कि शराब के नशे में पटरी की ओर जाने पर उसे किसी ट्रेन के धक्का लगा होगा. उसके सिर में गंभीर चोट आई है. मृतक काले रंग का जैकेट व चेक लूंगी पहन रखा था. शव के पास एक टार्च भी मिला है.स्टेशन प्रबंधक मो. सलाउद्दीन की सूचना पर आरपीएफ पोस्ट जपला की टीम पहुंचकर शव को कब्जे में लिया. रेलवे सूत्रों के अनुसार मजदूर शिवचरण ऋषि हैदरनगर स्टेशन परिसर में ही रहता था. सफाई का कार्य करता था और प्लेटफार्म पर ही सोया करता था. लंबे समय से वह यहां रह रहा था. जहां तहां घूमता था और खाते पीते रहता था.

### पत्रकार आमिर हुसैन रिजवी और प्रो.अबूजर उस्मानी को किया गया याद

# उर्दू के विकास में आमिर हुसैन रिजवी और प्रो.अबूजर उस्मानी का अमूल्य योगदान : डॉ. शाहिद अख्तर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** उर्दू पत्रकारिता और उर्दू को बचाने में अपनी महत्वपूर्ण योगदान देने वाले शख्सियत उर्दू अखबार के पूर्व संपादक मरहूम आमिर हुसैन रिजवी और एचओडी उर्दू विभाग व विनोबा भावे हजारीबाग के मरहूम प्रोफेसर अबूजर उस्मानी की याद में खिराज ए अकीदत पर एक कार्यक्रम का आयोजन जाफरिया मस्जिद के परिसर स्थित सभागार में किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम की शुरुआत मौलाना बाकर खान के द्वारा तिलावत ए कुरान से हुई। मंच संचालन अधिवक्ता तनवीर अब्बास व कार्यक्रम की अध्यक्षता मौलाना तहजीबुल हसन रिजवी ने की। मौके पर झारखंड के कई जाने-माने शख्सियतों ने पत्रकार आमिर हुसैन रिजवी और प्रोफेसर अबूजर उस्मानी की यादों को साझा किया। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्था आयोग के सदस्य डॉ. शाहिद अख्तर ने कहा कि उर्दू पत्रकारिता, उर्दू जुबान,उर्दू के कामयाबी और उर्दू की हिफाजत के लिए जितना काम यदि किसी ने किया है तो वे थे प्रोफेसर अबुजर उस्मानी और पत्रकार आमिर हुसैन रिजवी। आज दोनों हमारे बीच नहीं रहे। आज दोनों की याद में खिराज ए अकीदत का एहतेमाम रोजनामा खबर एक्सप्रेस अखबार के द्वारा किया गया जो काबिले तारीफ है। उर्दू की कामयाबी के लिए इस तरह के आयोजन और उर्दू को बचाने वालों के लिए उर्दू को कामयाब बनाने वालों के लिए उनकी याद में इस तरह के कार्यक्रम होते रहना चाहिए। उन्होंने उर्दू अखबार के संपादक अमीर हुसन रिजवी और प्रो अबुजर उस्मानी के साथ बिताए कुछ मुलाकात के दौरान हुई बातों को भी साझा किया।उन्होंने बताया कि जब मैं झारखंड अल्पसंख्यक आयोग का अध्यक्ष हुआ करता था तो इस दौरान आमिर हुसैन रिजवी से मुलाकात होते रहती थी। उर्दू को किस तरह से आयोग के माध्यम से एक विशेष स्थान मिल सके। उसकी कामयाबी के लिए आयोग क्या कर सकती है,इस तरह के कई बातें उनके द्वारा बताई जाती थी। प्रोफेसर अबुजर उस्मानी के साथ बिताए कुछ पलों को भी उन्होंने याद किया।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति:** इस मौके पर राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष प्रोफेसर शाहिद अख्तर, झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्ला खान, मौलाना तहजीबुल हसन,मौलाना अब्दुल्लाह अजहर कासमी, पत्रकार खुर्शीद परवेज सिद्दीकी,यासीन कासमी, साउद अख्तर, मौलाना शरीफ हसन मजहरी,सैयद सोहेल ,रिजवान अहमद,अकीलुरहमान, मुजफ्फर हुसैन, शरीब खान, तनवीर अब्बास, इकबाल फातमी, मो एजाज , खुर्शीद, नाजिश, प्रो अशफाक, मौलाना वकार खान सहित कई लोग उपस्थित थे।

### जामिया हमदर्द के रजिस्टर सउद अख्तर ने बीते क्षणों को किया याद

जामिया हमदर्द के रजिस्टर सउद अख्तर ने बताया कि उर्दू को बचाने और उर्दू को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष प्रोफेसर शाहिद अख्तर की महत्वपूर्ण भूमिका है। लगातार वह इस पर काम कर रहे हैं। जहां तक पत्राचार, संपादक रहे आमिर हुसैन रिजवी और प्रोफेसर अबुजर उस्मानी की बात है तो मुझे आज भी याद है जब मैं झारखंड के राज्यपाल सैयद शिब्ते रजी के जमाने में ओएसडी हुआ करता था और ऐसे समय में आमिर हुसैन रिजवी उर्दू अखबार से जुड़े हुए थे।।उर्दू अखबार के लिए विज्ञापन को लेकर सरकार द्वारा कुछ गाइडलाइन बनाई गई थी। जिसमें उनके अखबार को जगह नहीं मिल पा रही थी। इसकी शिकायत उन्होंने तत्कालीन राज्यपाल सैयद शिब्ते रजी से मिलकर की थी। उनके कहने पर ही उस समय के दो उर्दू अखबारों को सरकारी गाइडलाइन में बदलाव कर विज्ञापन देने की शुरुआत की गई थी। उर्दू के लिए इन लोगों ने जो काम किया है, ऐसे शख्सियतों का हमारे बीच से चले जाना वाकई बहुत बड़ा कौम का नुकसान है।



### अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्ला खान ने किया याद

अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्ला खान ने कहा कि अमीर हसन रिजवी और प्रोफेसर अबुजर उस्मानी की जो योगदान उर्दू के क्षेत्र में रहा है वह काबिले तारीफ है। जितना भी सुना और जाना कि उर्दू के लिए उन लोगों का क्या योगदान रहा है,उनके योगदान को कभी बुलाया नहीं जा सकता है। जहां तक उर्दू बचाने के लिए आयोग कमेटी बनाकर काम करेगी।

### अन्य वक्ताओं ने भी किया याद

जाफरिया मस्जिद के इमाम-खतीब तहजीबुल हसन रिजवी ने कहा कि बहुत कम समय में हमारे बीच से दो शख्सियतें एक तो उर्दू पत्रकारिता को बुलंदी तक ले जाने वाले उर्दू अखबार के संपादक अमीर हसन रिजवी नहीं रहे वहीं उर्दू जुबान, उर्दू की शिक्षा, उर्दू की कामयाबी के लिए तन- मन व धन लगाने वाले प्रोफेसर अबुजर उस्मानी भी हमारे बीच नहीं रहे। प्रोफेसर अबूजर उस्मानी उर्दू के लिए जिस तरह से काम किया है।मौलाना अब्दुल्लाह अजहर कासमी ने बताया कि पत्रकार आमिर हुसैन रिजवी और प्रोफेसर अबूजर उस्मानी ने उर्दू को घर-घर तक पहुंचाने के लिए काम किया है।यासीन कासमी ने कहा कि अबूजर उस्मानी की उर्दू में पकड़ तो थी लेकिन अंग्रेजी में भी अच्छी पकड़ थी और यही पकड़ आमिर हुसैन रिजवी में भी थी।पत्रकार खुर्शीद परवेज सिद्दीकी ने कहा की अखबारों में अब इनफॉरमेशन नहीं डी-इनफॉरमेशन आ गया है। पहले वाली पत्रकारिता नहीं रह गई है।मौलाना शरीफ हसन रिजवी ने कहा कि अबूजर उस्मानी की तरह पूरे देश में उर्दू के आशिक कोई नहीं हो सकता।

# धर्म परिवर्तन कर सनातन धर्म को किया जा रहा है कमजोर : देवकीनंदन ठाकुर

*** देवकीनंदन ठाकुर ने चैनपुर के बुढ़ीवीर व सदर प्रखंड के सुआ में गरीबों व असहायों के बीच किया कंबल का वितरण**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चैनपुर (पलामू) :** धर्म परिवर्तन करने के लिए भोले-भाले आदिवासियों को निशाना बनाया जा रहा है। पूरे देश में सनातन को कमजोर करने को लक्ष्य किया जा रहा है। जाति में सनातनी बटेंगे तो कमजोर हो जाएंगे। उक्त बातें श्रीमद् भागवत पुराण के अंतरराष्ट्रीय कथावाचक धर्मराज शांतिदूत पूज्य श्री देवकीनंदन ठाकुर ने कही। वे शनिवार को चैनपुर प्रखंड के बुढ़ीवीर स्थित श्री राम मंदिर प्रांगण व सदर पंचायत के सुआ के जानकी मंदिर में आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने बुढ़ीवीर व सुआ गांव में गरीबों व जरूरतमंदों के बीच कंबल बांटे। बुढ़ीवीर में देवकीनंदन ठाकुर ने आदिवासी धर्मगुरु पाहन बिंदेश्वरी उरांव को शौल ओढ़ाया। मौके पर परशुराम युवा वाहिनी के संरक्षक गुरु पांडेय, अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी जिला परिषद सदस्य प्रमोद सिंह व मुखिया अरविंद तिवारी ने माला पहनाकर देवकीनंदन का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन बुढ़ीवीर में मुखिया अरविंद तिवारी व सुआ में आशुतोष पांडेय लक्की ने किया। स्थानीय लोगों ने मांदर व नगाड़ों की थाप पर आदिवासी गीत गाए। महिलाएं, पुरुष व स्कूली बच्चियों ने फूलों की वर्षा कर महाराज का स्वागत किया। देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि सनातन को कमजोर करने व मिटाने के लिए साजिश रची जा रही है। इसे कामयाब नहीं होने देना है। मुंहतोड़ जवाब देना है। कहा कि वे कायर व बुझदिल होते हैं जो धर्म परिवर्तन कर लेते हैं। मुगल व अंग्रेज आए तो धर्म परिवर्तन कराया। लेकिन अब काले-पीले नेता रामायण, वेद व सनातन पर प्रहार करा रहे हैं। हमें एक होकर मजबूती से खड़ा रहना है। उन्होंने पूछा कि क्या माता-पिता बदले जा सकते हैं। धर्म की रक्षा करना है तो सबसे पहले अपने माता-पिता की बात मानें। राम के आदर्श अपनावें । अपने पत्नी के सिवा बाकी सभी को मां -बहन समझें। बेटी सीता जैसी व बेटा राम जैसा बने तो भारत विश्व गुरु बन जाएगा। कहा कि श्री राम बोलने में शर्म कदापि महसूस नहीं करें। सभी सनातनी जय श्री राम व राधे-राधे बोलकर दूसरे को प्रणाम करें । कहा कि मुसलमानों से अयोध्या, मथुरा व काशी तीन स्थानों पर मंदिर हेतु जमीन छोड़ने का प्रस्ताव रखा था। लेकिन वह नहीं माने। अब काशी ले लिया। 22 जनवरी को राम मंदिर का उद्घाटन है। अब तीसरा मथुरा में कृष्ण का मंदिर लेकर ही रहेंगे।

### संजय सेठ ने पदक विजेताओं को किया सम्मानित

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सांसद संजय सेठ ने 22वीं एशियाई मास्टर गेम में गोला फेकने में रजत पदक विजेता नामकुम के पतराटोली निवासी 62 वर्षीय राजकुमार बाल्मीकि, ज़ेबलीन थ्रो में प्रभा लकड़ा ने रजत पदक विजेता व झारखंड एथेलिट मास्टर गेम के सचिव लक्ष्मण राम को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। विजेता खिलाड़ियों ने सांसद सजय सेठ से एथलीट खेल में हो रही परेशानियों से अवगत कराया, और इस संबंध मे सरकार से बात करने का आश्वसंन् दिया। सभी विजेता खिलाड़ियों को राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व् मे एथेलाटिक्स टीम पहुंचे थे। इस दौरान मौके पर मौजूद सांसद संजय सेठ व प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह ने जनार्दन सिंह अंगवस्त्र देखकर सम्मानित किया। इस दौरान रवि कुमार सहित कर्यकर्ता मौजूद थे।

# मनोज कपरदार को मिला 2023 का स्पेनिन साहित्य गौरव सम्मान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** कला समीक्षक, लेखक मनोज कुमार कपरदार को वर्ष 2023 का प्रतिष्ठित स्पेनिन सहित्य गौरव सम्मान शनिवार को प्रदान किया गया। यह सम्मान रांची की प्रतिष्ठित संस्था स्पेनिन द्वारा उर्सूलाईन कॉन्वेन्ट इंटर कॉलेज, रांची के सभागार में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में दिया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ अशोक प्रियदर्शी ने किया।

मुख्य अतिथि सिस्टर डॉ मेरी ग्रेस और साहित्यकार डॉ माया प्रसाद ने यह सम्मान प्रदान किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि पी के झा, मुख्य वक्ता डॉ कमल बोस, संयोजक डॉ कुमार संजय और उप संयोजक अभिषेक अब्र उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिल्पी सहाय, संजना भट्टाचार्य और निर्मला मुंडा ने की। इस अवसर पर उर्सूलाईन कॉन्वेन्ट इंटर कॉलेज की छात्राओं ने मंगलाचरण की । रंगारंग



कार्यक्रम के तहत कॉलेज की छात्राओं ने महाराष्ट्र का लोक नृत्य और राजस्थानी नृत्य भी किया। इस अवसर पर डॉ सिद्धनाथ कुमार के साहित्यिक अवदान पर भी विशेष चर्चा हुई।

धन्यवाद ज्ञापन शेफालिका सिन्हा ने की।झारखंड की कला परंपरा के संरक्षण के ऊपर लेखनी के लिये इनका चयन किया गया था। मनोज कुमार कपरदार झारखंड के कलाकारों और कलाकृतियों पर निरंतर लेखन कार्य कर रहे है। इनके लेखन से झारखंड की कला को एक राष्ट्रीय पहचान मिली है। इसी वर्ष इनकी एक पुस्तक झारखंड की आदिवासी कला परपरा प्रकाशित हुई है।

श्री कपरदार आदिवासी कला परंपराओं को रेखांकित कर उन्हें जीवित रखने के उपक्रम में लगे हैं। यह सम्मान 2006 से लगातार देश के ख्याति प्राप्त साहित्यकारों को दिया जाता है। यह संस्था उत्कृष्ट रचनाकर्म के आधार पर यह सम्मान हर वर्ष देती है।

# स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया में पलामू के आशुतोष कुमार ठाकुर का चयन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के संरक्षण में संचालित रॉयल स्पोर्ट्स एकेडमी तथा जीपीएस स्कूल जमुने के छात्र आशुतोष कुमार ठाकुर का चयन स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई ) में नामांकन के लिए हुआ। आशुतोष कुमार ठाकुर कोलकता के साई सेन्टर में आयोजित चयन प्रतियोगिता में भाग लेकर बेस्ट परफॉर्मेंस दिया । परफॉर्मेंस के आधार पर पर आशुतोष कुमार का चयन बंगाल के जलपाईगुड़ी के साई सेन्टर में नामांकन के लिए किया गया। आशुतोष कुमार ठाकुर डाल्टनगंज जीजीपीएस स्कूल जमुने के खिलाड़ी है जिसका प्रशिक्षण डाल्टनगंज में एथलेटिक्स कोच रेशमा पाण्डेय के नेतृत्व में संचालित रॉयल स्पोर्ट्स एकेडमी में होता था। आशुतोष कुमार ठाकुर 2022 में जमशेदपुर में आयोजित झारखंड राज्य स्तरीय जूनियर एथलेटिक्स में गोल्ड तथा रजरप्पा में आयोजित झारखंड राज्य प्रथम सब जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में गोल तथा एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा टैलेंट एथलीट में भी चयानित होकर पलामू जिला का मान सम्मान बढ़ाया।

इस उपलब्धि पर पलामू जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहारा, पलामू जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष किशोर कुमार पांडे ,पलामू जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष आजात शत्रु प्रसाद सिन्हा, सचिव संजय कुमार त्रिपाठी,पलामू जिला कबड्डी संघ के सचिव कमलानंद दुबे, आशुतोष कुमार ठाकुर के कोच रेशमा पांडे,जी जी पी एस स्कूल जमूने के शारीरिक शिक्षक अनिल कुमार पांडे,प्रीति कुमारी,दीपेंद्र कुमार,एथलेटिक्स कोच सोनी कुमारी, मोनू कुमार इत्यादि में बहुत-बहुत खुशी व्यक्त करते हुए शुभकामना दिया।

### डिवाइडर से टकराया स्कॉर्पियो बाल-बाल बच्चे लोग

**रांची :** लोअर बाजार थाना क्षेत्र और नामकुम थाना क्षेत्र के बीच स्थित पुल के पास देर शाम एक बड़ी घटना होते-होते बच गई। जब एक काले रंग की स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर सीधे पुल के डिवाइडर पर जा टकराई। गनीमत यह रही की गाड़ी की गति थोड़ी धीमी थी,जिस कारण से सिर्फ स्कॉर्पियो गाड़ी को नुकसान हुआ और उसे पर बैठे लोग को किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ।ना ही पीछे से कोई बस या ट्रक आ रही थी,यदि कोई गाड़ी पीछे से आ रही होती तो बड़ी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता था। बता दे की कांटा टोली चौक से लेकर लोवाड़ीह चौक तक का जो मार्ग है यह काफी खतरनाक है।कई बार छोटी बड़ी दुर्घटनाएं हो चुकी है। बता दे कि अभी अक्टूबर के महीने में दुर्गा पूजा के दौरान ही इसी पुल के पास एक स्कूटी सवार की बस ने रौंद दिया था जिसमें स्कूटी चालक की मौके पर ही मौत हो गई थी.

# सर्टिफिकेट और मेडल से छात्रों को किया गया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मौलाना आज़ाद की जयंती पर मौलाना आजाद ह्यूमेन इनिशिएटिव (माही) द्वारा हज हाउस में आयोजित शैक्षिक और सांस्कृतिक मेला-2023 में लगभग 30 विभिन्न स्कूलों के 550 छात्रों ने भाग लिया था।काँटाटोली स्थित ताज स्कड पब्लिक स्कूल और गुदरी कुरैशी मोहल्ला स्थित कुरैशी एकेडमी स्कूल के विद्यार्थियों की भागीदारी को सम्मानित करते हुए, माही के सदस्यों ने उन्हें स्कूल पार्टिसिपेशन अवार्ड और मेले से संबंधित मेमोरी फोटो प्रदान किए। उन्होंने सर्टिफिकेट और मेडल से उन छात्रों को सम्मानित किया, जो विभिन्न गतिविधियों में शानदार प्रदर्शन किया था। प्रोत्साहित किया।इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षाविद व मोटिवेटर अब्दुल्लाह कैफी ने कहा कि मैं शिक्षकों व बच्चों से कहता हूँ कि ये बच्चें बेहतरीन सलाहियतों के साथ ह्यूमन रिसोर्स है और ऊपर वाले ने सभी को मुख्तलिफ सलियतों से नवाजा है, इसे




तलाशने व परवान चढ़ाने की जिम्मेदारी टीचरों की है। जरूरत है, शिक्षक होना अपने आप मे बड़ी बवकार बात है, शिक्षक ही समाज को बनाते हैं। ब्रांड अम्बेसडर है, इसलिए हमें बहुत ज्यादा इनकी जुबान, मैथेमैटिक्स, साइंसी व दीगर उलूम में मेहनत करने की जरूरत है क्योंकि आगे चलकर यही बच्चें घर, समाज,कौम, व मुल्क के तरक्की के बाइस बनेंगे।

विशिष्ट अतिथि के रूप में पत्रकार,लेखक व चित्रकार परवेज कुरैशी ने कहा बच्चे भविष्य के निर्माता है और इन बच्चों को मोटीवेट करने का माही ने बेहतरीन कदम उठाया। हमारे बचपन मे बहुत ही कम अंग्रेजी मीडियम स्कूल हुआ करते थे लेकिन अब स्लम क्षेत्र के बच्चे भी अंग्रेजी में बात करते हैं यह देखकर बहुत खुशी होती है। जरूरत है इन बच्चों का बौद्धिक विकास के साथ-साथ शारीरिक व सांस्कृतिक विकास भी हो क्योंकि हर बच्चों के अंदर एक कलाकार भी छिपा रहता है उनके कला को पहचाना जाए और उसे तराशा जाए। सोशल एक्टिविस्ट व महिला अधिकार पर काम करने वाली फरजाना फारूकी ने कहा माही ने अदम्य साहस दिखाते हुए बड़े-बड़े स्कूलों के साथ-साथ गली-मोहल्ले व पिछड़े समाज के स्कूलों व उनके बच्चों को आगे लाने का बेहतरीन काम सरअंजाम दिया है। माही की ओर से नायब सदर हाजी नवाब ने कहा माही ने 11 नवंबर को मौलाना आजाद के यौमे पैदाइश के मौके पर एक मेला सजाया था, उसे सजाने व संवारने के असल मुस्तह स्कूल मैनेजमेंट व बच्चों का है जिन्होंने अपने कला, प्रोग्राम व सलाहियतों से सुंदर छटा बिखेरा। माही के जावेद अहमद, समाजी कारकून मोहम्मद सोहैल ,ताज स्कड पब्लिक स्कूल के निदेशक कुबैर अख्तर ने संबोधित किया।मंच का संचालन तानिया खुर्शीद व धन्यवाद ज्ञापन कुबैर अख्तर ने किया।इस मौके पर हाजी नवाब, जावेद अहमद, मोहम्मद सोहैल, मोहम्मद शाहिद, खालिद सैफुल्लाह, शमीम अहमद,शमा मुस्कान, जैनब, शबनम,जेबा, मुस्कान, शाइस्ता, सबा, अलीशा, जोया और मोहम्मद सलाहउद्दीन के साथ-साथ स्कूल के बच्चे और अभिभावक गण मौजूद थे।